राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 321
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 02 जून 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 मैं दिल्ली के सभी नागरिकों और निजी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह करता हूं : कैलाश गहलोत

पेज 5 अलीगढ़ : प्रोफेसर को कैंपस में नामाज पढ़ना पड़ा भारी, कॉलेज प्रशासन ने अनिवार्य छुट्टी पर भेजा

पेज 7 हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय टीम को फिटनेस और श्रीजेश जैसे गोलकीपर की ज़रूरत: दिलीप टिर्की

## जम्मू-कश्मीर में बड़ा फैसला

### सभी हिंदू कर्मचारियों का जिला मुख्यालयों में तबादले का आदेश

कुलगाम। जम्मू कश्मीर में टारगेट किलिंग के बीच प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए हिंदू सरकारी कर्मचारियों का ट्रांसफर करने का फैसला किया है। हिंदू कर्मचारी मांग कर रहे थे कि उनका जम्मू में ट्रांसफर किया जाए, लेकिन अभी के लिए प्रशासन ने उन्हें जिला मुख्यालय लाने की तैयारी की है। उधर, जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एक हिंदू शिक्षक रजनी बाला की हत्या पर आज भी विरोध प्रदर्शन जारी है। रजनी की अंतिम यात्रा के दौरान गुस्साए प्रदर्शनकारी बुधवार को सड़कों पर उतर आए और हमें न्याय चाहिए के नारे लगाए। इस बीच कश्मीरी पंडितों ने धमकी दी कि अगर प्रशासन ने उन्हें 24 घंटे के भीतर सुरक्षित स्थानों पर नहीं पहुंचाया तो वे घाटी छोड़ देंगे।

जानकारी के मुताबिक कश्मीरी पंडित समुदाय पलायन की तैयारी कर रहा है। कश्मीरी पंडितों की चेतावनी के बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने उन्हें उनके ट्रांजिट कैंपों तक सीमित कर दिया है।



मंगलवार सुबह कुलगाम के गोपालपोरा इलाके में हाई स्कूल टीचर रजनी बाला की आतंकियों ने हत्या कर दी थी। 36 साल की रजनी को सिर में गोलियां लगी थीं। कुलगाम की रहने वाली टीचर ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया। 20 दिन में दूसरी हत्या को लेकर कश्मीरी पंडित विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

#### भाजपा नेता ने प्रदर्शनकारियों से बात की

जम्मू-कश्मीर में भाजपा नेता रविंदर रैना रजनी बाला के आवास पर पहुंचे। वहां हो रही नारेबाजी के बीच उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बात की। भाजपा नेता ने आश्वासन दिया कि रजनी की हत्या का बदला जरूर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम उन सारे आतंकियों को पकड़ लेंगे, जो इस हत्या में शामिल थे। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

#### केजरीवाल बोले- कश्मीरी पंडितों की हत्याएं हो रहीं, लेकिन कोई कुछ नहीं कर रहा

दिल्ली के मुख्यमन्त्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के साथ अब वही हो रहा है, जो 1990 के दशक में उनके साथ हुआ था। उन्हें उनके घरों, दफ्तरों और सड़कों पर निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मारा जा रहा है, उनकी हत्याएं की जा रही हैं। यह मानवता और देश के खिलाफ है और इसे रोकने के लिए कोई कुछ नहीं कर रहा है।

#### 370 हटने के बाद 14 हिंदुओं की हत्या

**कश्मीर में टारगेट किलिंग अक्टूबर में शुरू हुई। यहां पांच दिनों में सात नागरिक मारे गए। इनमें एक कश्मीरी पंडित, एक सिख और प्रवासी हिंदू शामिल है, जो नौकरी की तलाश में आए थे। 14 अप्रैल को आतंकियों ने सतीश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इससे पहले शनिवार को आतंकियों ने अली जान रोड स्थित ऐवा ब्रिज पर पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अब राहुल की हत्या के बाद कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा पर फिर से सवाल खड़ा हो गया है। कश्मीर में आर्टिकल 370 हटने के बाद 4 कश्मीरी पंडितों समेत 14 हिंदू आतंकी हमलों में मारे गए। गृह मंत्रालय ने संसद में इसकी जानकारी दी थी।**

#### घाटी में 18 दिनों से चल रहा कश्मीरी पंडितों का आंदोलन

घाटी में 18 दिनों से कश्मीरी पंडितों का आंदोलन चल रहा है। प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज के तहत नौकरी पाने वाले पंडित काम का बहिष्कार कर प्रदर्शन कर रहे हैं। ये घाटी में सबसे लंबे समय तक चलने वाला प्रदर्शन बन चुका है।

रेवेन्यू विभाग के कर्मचारी राहुल भट की हत्या के बाद ये प्रदर्शन शुरू हुआ था। काम करने वाले कश्मीरी पंडितों की मांग है कि हमें कश्मीर के बाहर पोस्टिंग दी जाए।

## देश भर में बीते दिन बढ़े 503 कोरोना के सक्रिय मामले

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) के नए मामलों की तुलना में इससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या कम रही, जिससे 503 सक्रिय मामले बढ़कर 18386 हो गए।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 193 करोड़ 57 लाख 20 हजार 807 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 2745 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या (विभिन्न अस्पतालों में उपचार करवा रहे रोगियों) 18 हजार 386 हो गयी है।

यह संक्रमित मामलों का 0.04 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.60 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 2236 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 26 लाख 17 हजार 810 कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.74 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 4 लाख 55 हजार 314 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल

85 करोड़ 8 लाख 96 हजार 606 कोविड परीक्षण किए हैं। वहीं देश में इस जानलेवा विषाणु के कारण छह लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 524636 हो गया।

महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या 344 बढ़कर 3475 हो गई है। वहीं, 366 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 7735751 तक पहुंच गया है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 1,47,860 हो गया है।

केरल में कोरोना वायरस के 210 सक्रिय मामले बढ़कर 5,708 हो गये हैं।

इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 514 बढ़कर 6481606 हो गई, जबकि मृतकों की संख्या दो बढ़कर 69,742 हो गई है।

#### कोविड टीकाकरण में 193.57 करोड़ टीके लगे

देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 193.57 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 193 करोड़ 57 लाख 20 हजार 807 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 2745 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या (विभिन्न अस्पतालों में उपचार करवा रहे रोगियों) 18 हजार 386 हो गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.04 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.60 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 2236 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 26 लाख 17 हजार 810 कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.74 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 4 लाख 55 हजार 314 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 85 करोड़ 8 लाख 96 हजार 606 कोविड परीक्षण किए हैं।

## भारत बंगलादेश के बीच तीसरी यात्री ट्रेन सेवा शुरू

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने बंगलादेश के लिए तीसरी यात्री रेल सेवा के रूप में उत्तरी पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से ढाका कैंट के लिए मिताली एक्सप्रेस का आज शुभारंभ किया गया।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और भारत की यात्रा पर आये बंगलादेश के रेल मंत्री मोहम्मद नूरुल इस्लाम सुजान ने यहां रेल मंत्रालय में आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से हरी झंडी दिखा कर न्यू जलपाईगुड़ी से मिताली एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

रेलसेवाओं के माध्यम से भारत और बंगलादेश के लोगों के बीच संपर्क को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की वर्चुअल बैठक में इस रेल सेवा के परिचालन का फैसला 27 मार्च, 2021 को लिया गया था। लेकिन कोविड महामारी प्रतिबंधों के कारण यह रेलगाड़ी शुरू नहीं की जा सकी थी। यह रेल सेवा हाल ही में बहाल की गई हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी रेल लिंक के माध्यम से परिचालित की जाएगी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में




श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मिताली एक्सप्रेस भारत एवं बंगलादेश की दोस्ती को बढ़ाने, इस बंधन को मजबूत करने, इस रिश्ते को बेहतर बनाने में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी। दोनों देशों के बीच सभी स्तरों पर मधुर मित्रता से विकास में बहुत तेजी आई है। दोनों देशों की रेलवे के बीच काफी सहयोगात्मक प्रयास किए गए हैं। यह एक बहुत ही उपयुक्त एवं एक ऐसा क्षण जब हमें दोनों देशों के बीच अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए बड़े कदम उठाने चाहिए।

मिताली एक्सप्रेस रेलगाड़ी सप्ताह में दो दिन चलेगी। न्यू जलपाईगुड़ी से रविवार और बुधवार को 11:45 बजे और रवाना होकर 22:30 बजे ढाका कैंट पहुंचेगी तथा वापसी में सोमवार और गुरुवार को 21ः50 बजे ढाका कैंट से चलेगी और 07:15 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। न्यू जलपाईगुड़ी से ढाका कैंट तक 595 किलोमीटर की दूरी तय करेगी जिसमें से 61 किलोमीटर भारतीय हिस्सा और 534 किलोमीटर बंगलादेश का हिस्सा है। भारतीय रेलवे के एलएचबी कोच का उपयोग किया गया है जिसमें 4 डिब्बे प्रथम वातानुकूलित श्रेणी, 4 डिब्बे वातानुकूलित चेयर कार और 2 इंजन शामिल हैं। रेलगाड़ी में तीन श्रेणिया होंगी जिनमें - वातानुकूलित प्रथम श्रेणी (केबिन) शयनयान, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी (केबिन) सीट और वातानुकूलित चेयर कार शामिल होंगी। इस रेलगाड़ी का किराया क्रमश: 44 अमेरिकी डॉलर, 33 अमेरिकी डॉलर और 22 अमेरिकी डॉलर होगा। गाड़ी को रास्ते में हल्दीबाड़ी एवं चिलाहाटी रेलवे स्टेशनों पर तकनीकी हॉल्ट दिया गया है। अतिरिक्त नई यात्री सेवा, मिताली एक्सप्रेस, दोनों देशों के बीच पर्यटन को बढ़ावा देगी क्योंकि यह बंगलादेश को उत्तर बंगाल के साथ-साथ भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र से जोड़ती है। इस रेलगाड़ी द्वारा भारत के माध्यम से बंगलादेशी नागरिकों को नेपाल जाने का साधन भी प्रदान करेगा।

भारत और बंगलादेश के बीच इस समय दो मौजूदा यात्री रेल सेवाएं - कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस (सप्ताह में पांच दिन) और कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) परिचालित हो रही है। ये दोनों रेलसेवाएं, जिन्हें कोविड महामारी संबंधी प्रतिबंधों के कारण निलंबित कर दिया गया था, गत 29 मई से फिर से शुरू कर दी गई हैं।

## मानसून को लेकर खुशखबरी : देश में इस साल 103 प्रतिशत बारिश की उम्मीद

### पंजाब-हिमाचल समेत 12 राज्यों में जून में सामान्य से ज्यादा बरसेगा पानी

चंडीगढ़। इस बार देश में पिछली बार से अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विभाग ने इस बार जून से सितंबर तक देश में 103 प्रतिशत बारिश की उम्मीद जताई है। विभाग ने महीनेभर पहले देश में 99 प्रतिशत बारिश का अनुमान लगाया था। जून में पंजाब में भी मानसून सीजन के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है।

अधिकतम तापमान सामान्य और सामान्य से कम रहने की उम्मीद है। जून से सितंबर तक राज्य में औसत बारिश 467 mm होती है। अगर पिछले साल की बात करें तो यहां 436 mm बारिश रिकॉर्ड की गई थी।

मानसून के दौरान देश में सामान्य दीर्घावधि औसत बारिश 87 सेमी होती है। दीर्घावधि औसत के 96 से 104 प्रतिशत बारिश को सामान्य माना जाता



है। IMD के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि ला-नीना परिस्थितियां पूरे मानसून के दौरान बनी रहने की उम्मीद है, इसलिए बारिश में इजाफे का अनुमान है।

#### क्या है ला-नीना

ला-नीना का अर्थ प्रशांत महासागर की समुद्री सतह के तापमान में समय-समय पर होने वाले बदलावों से है। इसका दुनियाभर में मौसम पर प्रभाव पड़ता है। अल नीनो की वजह से तापमान गर्म होता है और ला नीना के कारण ठंडा। इस बार मानसून तीन दिन पहले केरल पहुंचा है। अगर पंजाब की बात करें तो यहां लू का सामना नहीं करना पड़ेगा। यहां मानसून 30 जून से पहले दस्तक दे सकता है।

#### दिल्ली में तेज हवाओं से टूटे पेड़

दिल्ली में मानसून के पहले महीने यानी जून में भी सामान्य बारिश होगी। आमतौर पर जून में 165 मिमी बारिश होती है। जून के लिए सामान्य बारिश की रेंज 92 से 108 फीसदी है। दिल्ली में सोमवार को तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई, जिसके चलते कई पेड़ टूट गए और बिजली गुल हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को बारिश के साथ 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। वहीं राजधानी के कुछ इलाकों में आंधी भी आ सकती है, जिससे तापमान कम रहेगा। हालांकि इस हफ्ते लू चलने की संभावना नहीं है।

#### दो दिन में बंगाल के हिमालयी हिस्से तक पहुंचेगा मानसून

इस बार मानसून तीन दिन पहले केरल पहुंचा है। अगले दो दिन में इसके कर्नाटक, तमिलनाडु, गोवा, पूर्वोत्तर, सिक्किम और हिमालयी पश्चिम बंगाल तक पहुंचने की संभावना है।

### 100 करोड़ की वसूली का केस

## अनिल देशमुख के खिलाफ सरकारी गवाह बना सचिन वझे

एजेंसी

मुंबई। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। उन पर 100 करोड़ की वसूली का आरोप लगाने वाले बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वझे को सरकारी गवाह बनने की मंजूरी सीबीआई ने दे दी है। वझे फिलहाल एंटीलिया विस्फोटक बरामदगी केस और मनसुख हिरेन हत्याकांड का मुख्य अरोपी है। सरकारी गवाह बनने की अर्जी वझे ने ही दी थी, इसे एक बड़ी राहत के रूप में भी देखा जा रहा है।

सचिन वझे के हवाले से मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने वझे को मुंबई के बार से 100 करोड़ वसूलने का टारगेट दिया था। अदालत ने वझे के सामने माफी के लिए शर्त रखी थी कि उसे सरकारी गवाह बनना होगा और केस से जुड़े खुलासे करने होंगे। इसे वझे ने स्वीकार कर लिया। सरकारी गवाह बनने की मांग करते हुए वझे ने कोर्ट में कहा था कि उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के पहले और बाद में भी सीबीआई का सहयोग किया है।



#### वझे का कबूलनामा ट्रायल के दौरान सबसे बड़ा सबूत होगा

सीबीआई ने इस मामले में 4 अप्रैल 2021 को सचिन वझे को जेल में रहने के दौरान गिरफ्तार किया था। वझे ने बुधवार को अपने वकील रौनक नाईक के माध्यम से सीआरपीसी की धारा 306 के तहत क्षमा के लिए आवेदन दिया।

उसने सीबीआई द्वारा की गई पूछताछ के दौरान कहा था कि वह स्वेच्छा से कबूलनामा करना चाहता है। इसके बाद उसे एक मजिस्ट्रेट के समक्ष सीआरपीसी की धारा 164 के तहत उसका बयान दर्ज किया गया। यह सबूत ट्रायल के समय बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

एंटीलिया विस्फोटक मामले में वर्तमान में न्यायिक हिरासत में चल रहा वझे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी आरोपी है, जिसमें अनिल देशमुख को गिरफ्तार किया गया है। वझे ने इसी तरह की एक अपील प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से फरवरी में मनी लॉन्ड्रिंग केस के सहायक निदेशक तासीन सुल्तान और जांच अधिकारी से की थी। उसमें कहा था कि मैं एक सक्षम मजिस्ट्रेट के समक्ष उपरोक्त संदर्भित मामले के संबंध में ज्ञात सभी तथ्यों का सत्य और स्वैच्छिक प्रकटीकरण करने को तैयार हूं, लेकिन मेरी माफी के बारे में सोचा जाए।

हालांकि, इस संबंध में विशेष अदालत के समक्ष ईडी ने वझे द्वारा की गई अपील पर अब तक कोई कदम नहीं उठाया है।

सचिन वझे ने सीबीआई और ईडी दोनों को बताया था कि अनिल देशमुख के निर्देश पर वह मुंबई में चल रहे रेस्टोरेंट और बार से पैसे इकठ्ठा किया था क्योंकि बार और रेस्टोरेंट मालिक कोरोना काल में दिए गए समय से अधिक टाइम तक खुला रखकर कारोबार कर कानून का उल्लंघन करते थे।

## रक्षा क्षेत्र में सहयोग को पुख्ता बनायेंगे भारत और इटली

**नयी दिल्ली।** भारत और इटली ने रक्षा क्षेत्र में परस्पर सहयोग को और अधिक पुख्ता बनाने के उपायों पर चर्चा की है।

दोनों देशों के बीच इटली की राजधानी रोम में भारत-इटली सहयोग समूह की बुधवार को संपन्न हुई 11 वीं बैठक में रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढाने पर चर्चा की गयी। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि एकीकृत स्टाफ मुख्यालय में उप प्रमुख ब्रिगेडियर विवेक नारंग और इटली के डिफेंस जनरल स्टाफ ब्रिगेडियर जनरल ए ग्रासमो ने बैठक की सह अध्यक्षता की। वक्तव्य में कहा गया है कि दोनों पक्षों के बीच मैत्रीपूर्ण, गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत हुई ।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कश्मीर में हिंदू अल्पसंख्यकों की हत्या का मामला

नयी दिल्ली। कश्मीर में हिंदू अल्पसंख्यकों की लक्षित हत्याओं का संज्ञान लेने की गुहार शीर्ष अदालत से लगाई गई है।

दिल्ली के वकील विनीत जिंदल ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना और अन्य न्यायाधीशों को बुधवार को एक पत्र याचिका भेजी।

इस याचिका में कहा गया है कि आए दिन होने वाली हिंसक घटनाओं ने घाटी में रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के बीच असुरक्षा का माहौल बनाया है।

उन्होंने सरकार को कश्मीर में हिंदू अल्पसंख्यकों को तत्काल पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने और कश्मीर में अल्पसंख्यक समूहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रणाली की संरचना और प्रशासन के लिए एक विशेष प्रतिनिधि इकाई स्थापित करने का निर्देश देने की मांग की है।

जिंदल ने हिंदू अल्पसंख्यकों की हत्या की उच्च स्तरीय जांच करने और लक्षित हत्याओं के पीड़ितों के परिजनों को मुआवजे के रूप में एक करोड़ रुपये और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का निर्देश देने की भी गुहार शीर्ष अदालत से लगाई है।

पत्र याचिका में मंगलवार को कुलगाम में अपने स्कूल में रजनी बाला नाम की महिला हिंदू शिक्षक की हत्या का हवाला दिया गया है।

### करप्शन

### सीएम ने दिए जांच के आदेश, 2 साल पहले करप्शन का लगा था आरोप

## झारखंड के 5 पूर्व मंत्रियों के संपत्ति की होगी जांच

रांची। झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के पांच मंत्रियों की संपत्ति की अब जांच होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को यह आदेश दिए है, यह जांच एंटी करप्शन ब्यूरो करेगी। इस संबंध में साल 2020 में ऋझड्ड एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इसी याचिका के संदर्भ में सीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

यादव ने याचिका में आरोप लगाया था कि पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की



है। उनके कार्यकाल में उनकी संपत्ति में 200 से 1000 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है।

#### पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की संपति 126 प्रतिशत बढ़ी

याचिका में कहा गया था कि पहले इनकम टैक्स के इन्वेस्टिगेशन डायरेक्टर से और फिर एसीबी से इस मामले की जांच कराई जाए। याचिकाकर्ता के वकील राजीव कुमार का कहना था कि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की संपत्ति 126ल अधिक मिली तो सरकार ने एसीबी जांच कराकर उन्हें आय से अधिक संपत्ति मामले में जेल भेज दिया था। इन मंत्रियों की संपत्ति तो इनसे काफी अधिक है, इसलिए एसीबी जांच जरूरी है।

#### रघुवर और राजबाला के खिलाफ भी केस की मांग की थी

पंकज कुमार यादव एसीबी में भी पहुंचे थे। उन्होंने पूर्व सीएम रघुवर दास व तत्कालीन मुख्य सचिव राजबाला वर्मा व प्रधान सचिव सुनील वर्णवाल सहित कई अफसरों पर केस दर्ज करने की मांग की थी। तब पंकज ने कहा था कि इससे पहले दीवान इंद्रनील सिन्हा ने भी जनहित याचिका दायर की थी।

इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ता को एसीबी में शिकायत दर्ज कराने को कहा था। याचिका में आरोप था कि मोमेंटम झारखंड का बजट 8.5 करोड़ का था, जिस बढ़ाकर 100 करोड़ कर दिया गया। इन्वेस्टर्स को बुलाने के नाम पर लंदन, जर्मनी, कनाडा और अमेरिका सहित कई शहरों में रोड शो हुए।

महज 39 दिन पहले रजिस्टर्ड हुई एक लाख रुपए पूंजी वाली कंपनी से औद्योगिक पार्क बनाने के लिए 1500 करोड़ रुपए का करार किया गया। लैंड बैंक की जमीन फर्जी कंपनियों में बांटी गई।

## शार्ट न्यूज

### पहले हिंदू ही थे आज के मुसलमान, आठवले ने लाउडस्पीकर बैन का किया विरोध

मुंबई। केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी व केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने यह दावा करते हुए लाउडस्पीकर बैन का विरोध किया कि भारतीय मुसलमानों की जड़ें हिंदुओं से हैं और वे इस्लाम में परिवर्तित हो गए हैं। मस्जिदों में लाउडस्पीकरों के इस्तेमाल के मुद्दे पर बोलते हुए, आठवले ने कहा मस्जिदों में लाउडस्पीकर पर राजनीति करना गलत है। मुसलमान सालों से अजान के दौरान इसका इस्तेमाल कर रहे हैं और इसे प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए। आरपीआई (अठावले) के प्रमुख रामदास अठावले ने कहा कि दोनों समुदायों के बीच सद्भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा, मुसलमान हमारे लोग हैं। वे किसी विदेशी देश से नहीं आए हैं। उनकी (मुसलमान) जड़ें हिंदुओं से हैं क्योंकि वे इस्लाम में परिवर्तित हो गए थे। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के अल्टीमेटम पर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस तरह की कार्रवाई के खिलाफ है। उन्होंने राज ठाकरे से भी अपील की कि भगवा का दुरुपयोग न करें क्योंकि यह शांति का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा, मस्जिद से लाउडस्पीकर हटाने की मांग क्रूर थी। मनसे नेता राज ठाकरे ने मस्जिद से लाउडस्पीकर हटाने के लिए ईद तक का अल्टीमेटम दिया है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम इस कदम का विरोध करेंगे। अठावले ने कहा कि यह महाराष्ट्र में दो समुदायों के बीच सद्भाव बिगाड़ेगा। इससे पहले, मनसे नेता ठाकरे को सुरक्षा प्रदान करने पर, महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वडसे-पाटिल ने नागपुर में कहा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति है जो खुफिया विभाग से लिए गए इनपुट के आधार पर यह तय करेगी कि किसे राज्य की सुरक्षा दी जानी चाहिए। हालांकि, धमकियों को देखते हुए राज ठाकरे को केंद्र सरकार की ओर से विशेष सुरक्षा दिए जाने की संभावना है।

### विक्रम मल्होत्रा ने अपनी पार्टी से दिया इस्तीफा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के महासचिव विक्रम मल्होत्रा ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व के पास कोई भविष्य का रोडमैप और नीति नहीं है। मल्होत्रा ने केन्द्रशासित प्रदेश में अपनी पार्टी के अध्यक्ष सैयद अल्ताफ बुखारी को भेजे गए इस्तीफे में कहा, दो साल से अधिक समय हम लोगों को यह बताते रहे अन्य दल बुरे और खराब है हम भविष्य की राजनीतिक पार्टी हैं। मुझे यह कहते हुए बहुत दुख और निराशा हो रही है कि हम में से अधिकांश अब इससे ऊब चुके हैं। अपनी पार्टी में सुसंगत व्यावहारिक नीति तथा कार्यक्रम का अभाव है। मल्होत्रा ने यूनीवार्ता को बताया, हां मैंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है क्योंकि पार्टी पूरी तरह से अपनी दिशा भटक गई और पार्टी नेतृत्व के पास विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र के लिए भविष्य में कोई रोडमैप और नीति नहीं है। भविष्य की योजनाओं पर उन्होंने कहा, मेरे पास कुछ विकल्प हैं लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। वह जम्मू में अपनी पार्टी का मुख्य चेहरा और विधान परिषद के पूर्व अध्यक्ष तथा कांग्रेस के दिग्गज नेता अमृत मल्होत्रा के पुत्र हैं। इससे पहले 20 अप्रैल को पार्टी की महिला शाखा की अध्यक्ष ने इस्तीफा देते हुए यह दावा किया था कि पार्टी में उनकी आवाज को दबाया जा रहा है तथा उन्हें राज्य का दर्जा वापस लेने, महाराजा हरि सिंह की जयंती पर छुट्टी और कई अन्य मुद्दों को उठाने से रोका जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले पूर्व विधायक कमल अरोड़ा ने भी हाल में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

### पुलवामा में दिल का दौरा पड़ने से सीआरपीएफ जवान की मौत

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में बुधवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि हेड कांस्टेबल शिव शंकर की तैनाती दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा में जिला पुलिस लाइन में थी जहां वह शिविर में आज सुबह अचानक से बेहोश होकर गिर गया, जिसके बाद अन्य जवान उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पतल के डॉक्टरों ने जवान को श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह (एसएमएचएस) अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सैनिक का पार्थिव शरीर शनिवार को उसके गांव पहुंचेगा।

### बांदीपोरा में ट्रक में लगी आग, कंडक्टर की जलकर मौत, चालक गंभीर रूप से झुलसा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने और उसमें आग लगने से एक कंडक्टर की जलकर मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बांदीपोरा जिला में शिलवत गांव के पास मध्यरात्रि चालक ट्रक पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण ट्रक पेड़ से टकरा गया और इसके बाद उसमें आग लग गयी। इस हादसे में कंडक्टर और चालक गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए एसकेआईएमएस अस्पताल बेमिना श्रीनगर ले जाया गया, जहां कंडक्टर ने दम तोड़ दिया, जबकि चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना में ट्रक भी पूरी तरह जलकर खाक हो गया। पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पहचान जम्मू के चेन्नी निवासी 26 वर्षीय राकेश सिंह के तौर पर हुयी है, जबकि घायल चालक की पहचान बटोटे रामबन निवासी अजय सिंह (28) के रूप हुयी है।

### आईजेके की पुडुचेरी इकाई भंग,पदाधिकारी कांग्रेस में शामिल

पुडुचेरी। इंडिया जननायक काच्चि (आईजेके) की पुडुचेरी इकाई को बुधवार को भंग कर दिया गया। इसके पदाधिकारी कांग्रेस में शामिल हो गए। आईजेके के प्रदेश अध्यक्ष वीरा सेखर ने पत्रकारों को बताया कि पिछले 13 वर्षों से पुडुचेरी में पार्टी को विकसित करने के प्रयास किए जा रहे थे लेकिन संस्थापक ने पार्टी के विकास में कोई रुचि नहीं दिखाई और पदाधिकारियों की उपेक्षा की गई। श्री सेखर ने कहा कि आईजेके की पुडुचेरी इकाई को भंग कर पदाधिकारी पूर्व मुख्यमंत्री वी नारायणसामी, लोकसभा सदस्य वी वैथिलिंगम और पीसीसी अध्यक्ष ए वी सुब्रमण्यम की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि हम केन्द्र शासित प्रदेश में विकास एवं कांग्रेस सरकार गठन के लिए काम करेंगे।

### पुलिस ने लखीमपुर खीरी से ठगी के आरोपी को किया गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड की पिथौरागढ़ पुलिस ने लाखों रूपये की ठगी के एक मामले के आरोपी को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विगत 23 मार्च को पिथौरागढ़ के मनकटिया मड़सौन निवासी महिमन सिंह की ओर से एक तहरीर दी गई थी। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि अज्ञात व्यक्ति ने उसके मित्र के नाम पर फोन कर एटीएम कार्ड की फोटो मांगकर उसके खाते से 2,57,820 हड़प लिये। पुलिस ने मामला दर्ज आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठन किया। आखिरकार पुलिस ने सोमवार को साइबल सेल की मदद से आरोपी जयप्रकाश को लखीमपुर खीरी के रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पिथौरागढ़ लाने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

### कांग्रेस प्रवक्ता बृजेश कलप्पा ने पार्टी छोड़ी

बेंगलूरु। कर्नाटक में कांग्रेस को एक और झटका लगा है। पार्टी वरिष्ठ नेता एवं पार्टी प्रवक्ता बृजेश कलप्पा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वह 25 साल से कांग्रेस में थे। कलप्पा ने पार्टी सुप्रीमों सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कहा कि वह पार्टी से इस्तीफा दे रहे है क्योंकि उनमें हाल में उत्साह में कमी आयी है। वह 1997 में पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं लगभग एक दशक से हिंदी, अंग्रेजी और कन्नड़ टीवी चैनलों में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। वर्ष 2014 और 2019 में पार्टी की हार के बाद उनमें ऊर्जा और उत्साह में कमी है। कलप्पा के इस्तीफे से पहले कपिल सिब्बल, हार्दिक पटेल सहित कई प्रमुख नेताओं ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी है।

# मणिपुर : 14 उग्रवादी कार्यकर्ताओं की घर वापसी, सीएम बीरेन सिंह के सामने डाले हथियार

एजेंसी

इम्फाल। मणिपुर में सक्रिय उग्रवादी संगठन यूनाइटेड ट्राइबल लिबरेशन आर्मी के 14 कार्यकर्ताओं ने बुधवार को राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह के सामने सरेंडर कर दिया। उग्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने इंफाल में फर्स्ट मणिपुर राइफल्स बटालियन के बैंक्वैट हॉल में घर वापसी समारोह में सरेंडर किया। कार्यकर्ताओं ने भारी मांत्रा में हथियार और गोला-बारूद भी सरकार को सौंप दिए।

यूनाइटेड ट्राइबल लिबरेशन आर्मी से ताल्लुक रखने वाले कैडरों ने अपने चीफ तोन्थांग सिंगसिट के साथ सीएम के सामने सरेंडर किया। इसके साथ-साथ संगठन के कार्यकर्ताओं ने दो एचके-33 राइफल, एक एके राइफल, कई छोटे हथियारों के साथ एक चीन हैंड ग्रेनेड पर भी सौंप दिए। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कहा कि हिंसा स्थायी समाधान नहीं ला सकती है। उन्होंने बाकी लोगों से भी मुख्यधारा में लौटने और सामान्य जीवन जीने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा, जो लोग घर वापसी चाहते हैं, उनके लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी थी कि जघन्य अपराध में शामिल लोगों को छोड़कर सभी को किसी भी तरह के मामले या फिर प्राथमिकी से छूट दी जानी चाहिए ताकि वे अपना सामान्य जीवन जी सकें।




#### सीएम बोले- हम आपके दुश्मन नहीं

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह भारत सरकार के साथ आगे आने और बातचीत करने का समय है। मेरे पर विश्वास करो, हमारा विश्वास करो, हम आपके दुश्मन नहीं है। आप सभी हमारे लोग हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य का विकास तभी होगा जब शांति होगी। पिछले पांच साल में राज्य ने कानून व्यवस्था में सुधार के कारण कई क्षेत्रों में विकास में तेजी देखी गई है।

#### आत्मसमर्पण करने वालो उग्रवादियों को मिलती है वित्तीय मदद

राज्य में आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों के लिए पुनर्वास योजना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग आत्मसमर्पण करते हैं और अपने हथियार डालते हैं, वे इस योजना के तहत लाभ उठा सकते हैं। जिनमें से आत्मसमर्पण करने वाले कैडर को 4 लाख रुपए का एकमुश्त वित्तीय अनुदान और तीन साल तक हर महीने 6000 रुपए का वजीफा शामिल है।

#### 2005 से 638 उग्रवादी सामान्य जीवन में लौटे

पिछले साल मार्च में, थडौ पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से संबंधित 16 सहित विभिन्न आतंकवादी संगठनों के 20 विद्रोहियों ने सरकार के सामने हथियार डाले थे। 2005 से, 681 उग्रवादियों को पुनर्वास के लिए मंजूरी दी गई थी और इनमें से 638 व्यक्तियों ने पुनर्वास पूरा किया और अपने सामान्य जीवन में लौट आए। अब तक, 43 व्यक्ति पुनर्वास और व्यावसायिक प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं।

# राज्यसभा चुनाव : कांग्रेस को खरीद-फरोख्त का डर

## हरियाणा के विधायकों को भेजेगी छत्तीसगढ़

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव के लिए 10 जून को वोटिंग के दौरान खरीद-फरोख्त को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस अपने रिसॉर्ट वाली रणनीति पर आ गई है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस पार्टी हरियाणा के विधायकों को छत्तीसगढ़ ले जाएगी, जहां एक रिसॉर्ट में उनके ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। विधायकों को ठहरने के लिए पार्टी ने एक रिसॉर्ट में कमरे बुक कर लिए हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार है और भूपेश बघेल राज्य के मुख्यमंत्री हैं।



हालांकि, अभी तक यह जानकारी सामने नहीं आ पाई है कि कांग्रेस इन विधायकों को कब छत्तीसगढ़ शिफ्ट करेगी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा यह तय नहीं किया गया है कि विधायकों को वहां कब ले जाया जाएगा, लेकिन एक-दो दिन में ऐसा हो जाएगा।

#### बाहरी उम्मीदवारों ने बढ़ाई टेंशन

कहा जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी की ओर से बाहरी लोगों को मैदान में उतारने के बाद असंतुष्ट नेताओं की पृष्ठभूमि में यह कदम उठाया गया है। एआईसीसी महासचिव अजय माकन को हरियाणा से मैदान में उतारा गया है।

अजय माकन के नाम के ऐलान के बाद हरियाणा कांग्रेस के सीनियर नेता कुलदीप बिश्नोई पार्टी के फैसलों को लेकर पहले से ही खफा हैं। इसके अलावा, पार्टी के लिए एक और समस्या कार्तिकेय शर्मा की उम्मीदवारी भी है।

#### पहले भी अपना चुकी है यह रणनीति

कार्तिकेय शर्मा के ससुर पूर्व कांग्रेस नेता हैं और राज्य की राजनीति में उनका अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी को डर है कि अगर विधायकों को लालच दिया गया तो उसके किए पर पानी फिर सकता है। ऐसे में विधायकों के खरीद-फरोख्त से बचने के लिए कांग्रेस एक बार फिर रिसॉर्ट वाली रणनीति पर उतर आई है। 2017 में गोवा चुनाव और 2018 में मध्य प्रदेश चुनाव के दौरान भी कांग्रेस पार्टी रिसॉर्ट की रणनीति अपनाई थी।

# शामलात जमीनों से प्राप्त राशि में घपले को लेकर पंचायतों के खिलाफ एफआईआर

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने शम्भू कलां ब्लॉक की सेहरा, सेहरी, अकड़ी, पबरा और तखतू माजरा पंचायतों द्वारा अमृतसर-कोलकाता इंटिग्रेटिड कॉरिडोर परियोजना के तहत प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए शामलात ज़मीनों से प्राप्त हुई करोड़ों की राशि में व्यापक अनियमितताओं को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की है।

ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश करने के साथ ही जाँच में दोषी पाए गए लोगों के पासपोर्ट ज़ब्त करने के भी निर्देश दिये ताकि कोई आरोपी विदेश न भाग सके।

उन्होंने आरोपियों की सम्पत्तियां भी मामले के साथ अटैच करने भी निर्देश दिये ताकि गबन के पैसे इनसे वसूल किए जा सकें। इस परियोजना के तहत प्रस्तावित कोरिडोर के लिए पटियाला जिले के शंभू कलाँ ब्लॉक की सेहरा, सेहरी, पबरा, तखतू माजरा और अकड़ी की 1104 एकड़ ज़मीन साल 2020 में पंजाब आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण ने 285 करोड़ रुपये में खरीदी थी।

जांच में यह भी पाया गया कि यह राशि सीधे सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के एचडीएफसी बैंक खातों में स्थानांतरित की गई

थी। जांच में पाया गया कि इस राशि का बड़ा हिस्सा सम्बन्धित पंचायतों ने अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के साथ विभाग के निर्देशों और नियमों की अनदेखी करते हुए कार्यों पर ख़र्च कर ली है।

# पंजाब में अब एक रुपये तक के भी ई-स्टाम्प मिलेंगे

चंडीगढ़। पंजाब राजस्व विभाग के कामकाज में और अधिक कुशलता लाने और राजस्व चोरी रोकने के लिए अहम फ़ैसला लेते हुए कागज़ी स्टाम्प पेपर समाप्त करते हुये अब ई-स्टाम्प सुविधा शुरू की है जो स्टाम्प विक्रेताओं या राज्य सरकार द्वारा अधिकृत बैंकों से प्राप्त किये जा सकेंगे।

ई-स्टाम्प की शुरुआत करते हुये राजस्व मंत्री ब्रह्म शंकर जिम्पा ने बताया कि पहले यह सुविधा केवल 20,000 रुपए से ऊपर के स्टाम्प पेपरों पर उपलब्ध थी लेकिन अब एक रुपए तक के भी ई-स्टाम्प मिलेंगे। राज्य सरकार के इस फैसले स्टाम्प पेपरों की छपाई के रूप में सालाना लगभग 35 करोड़ रुपये की बचत होगी। इससे स्टाम्प पेपरों की किल्लत से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने इसके अलावा कर्ज/हाईपौथीकेशन एग्रीमेंट, एग्रीमेंट ऑफ प्लैज, हलफीया बयान अथवा हलफनामा, डिमांड प्रौमिसरी नोट और इनडेमिनिटी बॉन्ड जैसी पाँच और ई-सुविधाएं शुरू की हैं। ये दस्तावेज अब सीधे कम्प्यूटर के द्वारा जारी किए जा सकेंगे। ये कार्य केंद्र सरकार की नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसिज लिमिटेड (एन.ई.एस.एल.) के साथ तालमेल कर शुरू किये गये हैं। इससे जहाँ बैंकों को सुविधा होगी, वहीं उपरोक्त सभी सुविधाओं के लिए आम लोगों को बैंकों के अलावा किसी और जगह पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# तमिलनाडु : तेल की कीमतों को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

## पार्टी प्रमुख सहित 5 हजार लोगों पर केस दर्ज

चेन्नई। तमिलनाडु पुलिस ने बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई सहित 5,000 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ये लोग पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम करने की मांग करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारी सरकार से बिना अनुमति लिए चेन्नई में राज्य सचिवालय की ओर मार्च कर रहे थे।

अन्नामलाई के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राज्य सचिवालय की ओर मार्च किया था। गौरतलब है कि केंद्र द्वारा पिछले महीने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कमी किए जाने के बाद से



भाजपा विपक्ष शासित राज्यों से महंगाई के बीच लोगों को राहत देने के लिए ईंधन पर टैक्स कम करने की मांग कर रही है।

अन्नामलाई ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अपने घोषणा पत्र में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को कम करने का वादा किया था। केंद्र पहले ही ईंधन की कीमतों में कमी कर चुका है और अब राज्य सरकार को अपना वादा पूरा करना चाहिए।

उन्होंने कहा, डीएमके ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि वे पेट्रोल और डीजल की कीमत में क्रमशः 5 रुपये और 4 रुपये की कमी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बार ईंधन की कीमतों में कमी की है। हम राज्य सरकार से अपने घोषणापत्र में किए गए वादे को पूरा करने की मांग करते हैं।

#### पेट्रोल और डीजल के रेट में होगा फिर इजाफा? कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी उछाल

इस बीच, ईंधन की ऊंची कीमतों से लोगों को राहत देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम में, केंद्र ने 21 मई को पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 8 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 6 रुपये प्रति लीटर की कमी की घोषणा की थी।

# फिल्लौर में लुटेरों ने यात्रियों से भरी बस के कंडक्टर को बंदूक की नोक पर लूटा

जालंधर/फिल्लौर। पंजाब में लुधियाना-दिल्ली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित फिल्लौर में आज तीन लुटेरे सवारियों से भरी एक सरकारी बस के कंडक्टर को बंदूक की नोक पर लूट कर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी अनुसार तीन हथियारबंद लोगों ने बुधवार को यहां लाधोवाल टोल प्लाजा के पास एक पीआरटीसी बस कंडक्टर से बंदूक की नोक पर नकदी लूट ली। मोटरसाइकिल और स्कूटर पर सवार युवकों ने अपने वाहनों को बस के समानांतर लाकर कंडक्टर को गाली देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने उसकी सोने की चेन और दस हजार रुपये नकद छीन ली और चालक को गोली मारने की धमकी भी दी।

घटना लढोवाल थाने से करीब दो किमी दूर हुई। बाद में लुटेरे फिल्लौर की ओर भाग गए।

इस बीच, घटना के विरोध में, बस चालकों ने लढोवाल टोल प्लाजा के पास राजमार्ग को जाम कर दिया, जिससे यातायात ठप हो गया। बस कंडक्टर साहिल ने बताया कि तीन बदमाशों ने बस रोकने का इशारा किया। बस रोकते ही बदमाशों ने उसे नीचे उतार लिया और मारपीट करनी शुरू कर दी। उसके गले में पहनी चेन उतार ली। इस पर बस ड्राइवर और सवारियों द्वारा शोर मचाने पर बदमाश असलहा दिखाते हुए मौके से फरार हो गए। साहिल ने आरोप लगाया है कि उन्होंने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दे दी थी मगर डेढ़ घंटा गुजरने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसी के चलते बस घटनास्थल पर ही खड़ी थी और लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया था, जिस कारण कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। थाना प्रभारी एसएचओ जसबीर सिंह ने बताया कि करीब आठ बजे बस को रोककर कंडक्टर से लूट का प्रयास करने का मामला पता चला है। कंडक्टर साहिल का आरोप है कि उसके गले की चेन छीन ली गई। जब उनसे रोड जाम किए जाने संबंधी बात की गई तो उनका कहना था कि आरोपितों को तुरंत गिरफ्तार की जाए। इसी के चलते उन्होंने बस को बीच सड़क में खड़ा कर दिया। पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मिलकर उस जाम को खुलवाने में जुटे हुए हैं।

#### बस लूट : कांग्रेस नेताओं ने मान सरकार को घेरा

पंजाब के लुधियाना में लडोवाल टोल प्लाज़ा पर बस लूट की घटना का लेकर विपक्षी कांग्रेस नेताओं ने भगवंत मान सरकार को फिर घेरा। पंजाबी गायक एवं कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना के कारण कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर घिरी आम आदमी पार्टी(आप) सरकार पर बस लूट की घटना को लेकर हमला बोलते हुए पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने ट्वीट कर कहा है कि प्रदेश में पूरी तरह अराजकता है और कानून एवं व्यवस्था ढह चुकी है। दिन दहाड़े बस लूटने की घटना हुई है। आम आदमी भयभीत है और अपराधियों को कानून का कोई भय नहीं। उन्होंने प्रदेश की स्थिति को 'जंगलराज' करार दिया है। उधर, पूर्व मंत्री परगट सिंह ने ट्वीट किया है कि पंजाब में कानून एवं व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। हत्याओं के सिलसिले, पटियाला झड़पों, रॉकेट लांचर हमले और एन-94 हमले के बाद अब भीड़ भरे लुधियाना-जालंधर हाइवे पर बस को गन प्वाइंट पर लूटने की घटना हुई है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। यह सरकार सबसे अक्षम निकली है।

# कश्मीरी पंडितों की हत्याओं से ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार ने किया सत्येंद्र को गिरफ्तार : संजय सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि कश्मीरी पंडितों की हत्याओं से देश का ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार ने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को झूठे मामले में गिरफ्तार किया है।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को यहाँ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब पूरा देश कश्मीरी पंडितों की हो रही हत्या पर चिंतित है। ऐसे समय में जब भारत सरकार और उनके मंत्रियों को नींद नहीं आनी चाहिए, उस वक्त कश्मीरी पंडितों की हत्या पर पूरे देश का ध्यान भटकाने और फर्जी मामले में डालने के लिए देश के केंद्रीय मंत्री को आगे कर दिया है। केंद्रीय मंत्री द्वारा श्री जैन का झूठा, बेबुनियाद और निराधार केस उठाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आठ साल से जो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सो रही थी, वह ठीक हिमाचल के चुनाव से पहले प्रदेश के चुनाव प्रभारी श्री जैन को क्यों उठाती है। आठ वर्षों में सात बार ईडी के सामने श्री जैन पेश हुए, तो एक बार भी उनकी गिरफ्तारी की ईडी को जरूरत महसूस क्यों नहीं हुई। जैसे ही वह हिमाचल प्रदेश के प्रभारी बनाए जाते हैं, आम आदमी पार्टी की सक्रियता बढ़ती है और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बड़ी बड़ी रैलियां होती हैं तो एक झूठा निराधार केस बनाकर उनकी गिरफ्तारी कर ली जाती है।

सिंह ने कहा कि जितनी भी बातें केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के द्वारा कही गईं, यह सिर्फ इसलिए बार-बार उठा




रहे हैं कि देश में जो संवेदनशील मसले हैं, जिन पर पूरा देश चिंतित है, कश्मीरी पंडितों की हत्या से लोग पीड़ित और दुखी हैं, उस पर देश में चर्चा ना हो पाए। यह ज्यादा अच्छा होता कि भारत सरकार और देश के मंत्री, कैबिनेट की बैठक करके यह योजना बना रहे होते कि आतंकवादियों का सफाया कैसे करना है। इसके अलावा यह योजना बना रहे होते कि कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा कैसे देनी है, कश्मीरी पंडितों की जान कैसे बचानी है? कश्मीर फाइल्स फिल्म बनाकर पूरे देश में रोने का काम भाजपाई करते हैं, लेकिन कश्मीरी पंडितों की हत्या हो रही है तो खामोश हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों से कहना चाहता हूँ कि कम से कम इस वक्त जब पूरा कश्मीर जल रहा है और देश दुखी है, आए दिन कश्मीरी पंडितों की हत्याएं हो रही हैं। कम से कम ऐसे वक्त में तो जाग जाओ और कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा की चिंता करो हमारे ऊपर तो कई बार आप लोगों ने इस तरह के फर्जी आरोप लगाए हैं। श्री केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के दफ्तर पर सीबीआई का छापा मारा, फिर भी वहां से कुछ नहीं मिला। इसके अलावा 34 विधायकों को पकड़कर जेल में डाला लेकिन अदालत ने उनको बरी कर दिया।

# कश्मीर मामले में चुप्पी नहीं, लगातार एक्शन जारी : नड्डा

एजेंसी

भोपाल। कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा आम नागरिकों को निशाना बनाए जाने के मामले पर भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज कहा कि सरकार इन घटनाओं पर चुप नहीं है और लगातार एक्शन चल रहा है।

नड्डा ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि इस मामले में चुप्पी नहीं साधी गई है। लगातार एक्शन चल रहा है। भारत सरकार की इन



मामलों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति है।

उन्होंने कहा कि कश्मीर में अभी तक कोई स्थानीय निकाय चुनाव नहीं करवा पाया था। पिछले दिनों वहां शांति से चुनाव हुए। वहां शांति स्थापित होने से आतंक चाहने वाले फ्रस्ट्रेशन में हैं।

वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की ओर से पिछले दिनों लंदन में भारत के बारे में दिए गए बयान के बारे में श्री नड्डा ने कहा कि श्री गांधी की यहां कोई नहीं सुनता, इसलिए वे वहां जाकर बोलते हैं। ज्ञानवापी मस्जिद के मामले पर भाजपा अध्यक्ष ने बेहद संक्षिप्त उत्तर देते हुए कहा कि पार्टी संविधान और न्यायालय पर विश्वास करती है। इसके पहले उन्होंने मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार के नेतृत्व में हुए विकास की जानकारी देते हुए विस्तार से आंकड़े भी पेश किए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

# दुनिया के सामने दिल्ली मॉडल को पेश करेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

## वर्ल्ड सिटीज समिट-2022 में शिरकत करने के लिए सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉग ने दिल्ली सचिवालय आकर सीएम अरविंद केजरीवाल को किया निमंत्रित

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगस्त में सिंगापुर में होने जा रहे वर्ल्ड सिटीज समिट-2022 में दुनिया के सामने दिल्ली मॉडल को पेश करेंगे। सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉग ने आज दिल्ली सचिवालय में आकर मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और सिंगापुर में होने वाले वर्ल्ड सिटीज समिट-2022 में शिरकत करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि वो वर्ल्ड सिटीज समिट-2022 में हिस्सा लेने और वैश्विक नेताओं के साथ शहरी समाधान पर चर्चा करने के लिए उत्साहित हैं। साथ ही, सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस निमंत्रण के लिए सिंगापुर की सरकार को धन्यवाद भी दिया। बैठक के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल और सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉग ने पानी, अपशिष्ट प्रबंधन और सार्वजनिक आवास जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने को लेकर चर्चा की। इस पर उच्चायुक्त साइमन वॉग ने कहा कि दिल्ली और सिंगापुर दोनों ही विशिष्ट शहरी केंद्र हैं, जो एक जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं।



दिल्ली सचिवालय में आज सुबह हुई मुलाकात के दौरान उच्चायुक्त साइमन वॉग ने केजरीवाल सरकार द्वारा पूरी दिल्ली में किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की खूब प्रशंसा की। साइमन वॉग ने कहा कि वे भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की विधानसभा क्षेत्र में रहते हैं और एक निवासी के तौर पर वे भी सीएम अरविंद केजरीवाल को गवर्नेंस सेक्टर में अपना वरिष्ठ मानते हैं और उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के किए गए विकास के लिए उनकी जमकर सराहना की।

इस दौरान उच्चायुक्त साइमन वॉग ने सिंगापुर सरकार की ओर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रतिष्ठित वर्ल्ड सिटीज समिट-2022 में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने सीएम अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर के प्रधानमंत्री कार्यालय से औपचारिक निमंत्रण पत्र भी भेंट किया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने साइमन वॉग से प्राप्त निमंत्रण के लिए सिंगापुर की सरकार को धन्यवाद करते हुए कहा कि वे इस समिट में शिकरत करने के लिए उत्साहित हैं और इसके लिए वे सिंगापुर सरकार को औपचारिक स्वीकृति भेजेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड सिटीज समिट-2022 गवर्मेंट लीडर्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के लिए शहरी चुनौतियों को साझा करने, उनका समाधान करने और नई साझेदारी बनाने का एक विशेष मंच है। यह संयुक्त रूप से सिंगापुर के सेंटर फॉर लीवेबल सिटीज और शहरी पुनर्विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया जाता है। इस बार शिखर सम्मेलन का आयोजन 2 और 3 अगस्त 2022 को होगा। डब्ल्यूसीएस 2022 में डब्ल्यूसीएस स्मार्ट सिटीज वर्कशॉप भी आयोजित होगी, जोकि उपयुक्त भागीदारों और फंडर्स के साथ वन-ऑन-वन कंसल्टेशन क्लीनिक के माध्यम से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष इन-पर्सन नेटवर्किंग इवेंट है।

# मैं दिल्ली के सभी नागरिकों और निजी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह करता हूं : कैलाश गहलोत

**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने आज यूसुफ सराय मार्केट और एम्स मेट्रो स्टेशन के बीच चल रहे बस लेन प्रवर्तन अभियान का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रवर्तन कर्मचारियों के साथ लेन ड्राइव के तहत की जा रही की कार्रवाई की समीक्षा की। यह निरीक्षण एम्स बस स्टॉप और सफदरजंग अस्पताल के आसपास निजी वाहनों द्वारा बस लेन के अतिक्रमण के संदर्भ में किया गया था, जिससे बस चालकों को अपनी लेन का पालन करने के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने अधिकारियों को बस लेन को साफ करने और बसों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने और उनका उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने एक अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा को बढ़ाने, भीड़भाड़ कम करने और बस सेवा में सुधार के लिए बस चालकों और मालवाहक वाहनों के लिए एक प्रवर्तन अभियान शुरू किया था।

इस प्रवर्तन अभियान के दौरान पूरे शहर की डीटीसी और क्लस्टर बसें अपने बस लेन पर चल रही हैं और केवल चिन्हित बस स्टॉप पर रुकती हैं। किसी अन्य वाहन को बस लेन में चलने और खड़े करने की अनुमति नहीं है। हालांकि ऑटो-रिक्शा, टैक्सी, तीन पहिया सामान और सभी निजी वाहनों के यात्रियों को निर्धारित बस कतार आश्रयों (बीक्यूएस) से लगभग 75 मीटर आगे ले जाने और छोड़ने की अनुमति दी गई है। ऐसे वाहनों द्वारा बस लेन में किसी भी पार्किंग को लागू होने वाले एमवी अधिनियम, 1988 के तहत परमिट नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

परिवहन विभाग एमवी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत बस लेन प्रवर्तन नियमों का उल्लंघन करने वाले बकाएदारों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए अभियान चला रहा है। विभाग द्वारा 30 मई तक कुल 23,814 चालान किए जा चुके हैं। इनमें बस लेन का उल्लंघन करने वाले बस चालकों के 902 और बस लेन में पार्किंग करने वाले निजी वाहन मालिकों के 22912 चालान किए गए हैं। इस कार्रवाई के तहत कुल 378 वाहनों पर गलत पार्किंग के लिए उठाने की कार्रवाई की गई हैं। प्रवर्तन टीम बस लेन अनुशासन के उल्लंघन के लिए संबंधित नियमों के तहत जुर्माना लगाकर चालान की कार्रवाई जारी रखेंगे।

परिवहन विभाग बस लेन प्रवर्तन नियमों और अन्य यातायात विषयों को लागू करने की अपनी क्षमता को मजबूत कर रहा है। विभाग ने फोल्डेबल प्लास्टिक बैरिकेड्स, रिफ्लेक्टिव जैकेट, एलईडी फ्लैश लाइट सेफ्टी बटन, प्लास्टिक ट्रैफिक सेफ्टी कोन, वुडन स्टिक और वाहनों के लिए रिफ्लेक्टर खरीदने का निर्देश दिया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रवर्तन टीमें आधुनिक उपकरणों से लैस हो सकें। साथ ही, विभाग नए प्रवर्तन वाहनों को हायर करने और खरीदने की प्रक्रिया भी कर रहा है।

## मूसेवाला हत्याकांड : गैंगेस्टर बिश्नोई ने वापस ली सुरक्षा की मांग को लेकर की याचिका

नई दिल्ली। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने बुधवार को उच्च न्यायालय से अपनी उस याचिका को वापस ले लिया है जिसमें उसने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की थी। बिश्नोई ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्याकांड में अपना नाम आने के बाद अपनी जान को पंजाब पुलिस खतरा बताते हुए फर्जी मुठभेड़ में मार गिराने की आशंका जताई थी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष लॉरेंस बिश्नोई के वकील विशाल चोपड़ा ने याचिका वापस लेने की आग्रह करते हुए इस बात की छूट मांगी की भी अब यह याचिका पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दाखिल करेंगे। न्यायालय ने याचिका को वापस मानते हुए खारिज कर दिया और बिश्नोई को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की छूट दे दी। बिश्नोई ने याचिका में मूसेवाला हत्याकांड में फंसाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसे आशंका है कि पंजाब पुलिस फर्जी मुठभेड़ में उसे मार गिराएगी। बिश्नोई की ओर से अधिवक्ता विशाल चोपड़ा ने याचिका में दिल्ली पुलिस और तिहाड़ जेल प्रशासन को यह आदेश देने की मांग की थी कि याचिकाकर्ता बिश्नोई को जब भी कभी पंजाब सहित किसी अन्य राज्य की पुलिस की हिरसात में सौंपा जाए तो न सिर्फ उसे पर्याप्त सुरक्षा दी जाएगी बल्कि उसके वकील को भी पूर्व सूचना दिया जाए। याचिका में कहा था कि बिश्नोई संगठित अपराध को नियंत्रण करने के लिए बनाए गए मकोका कानून के तहत जेल में बंद है और उसने पहले भी पंजाब पुलिस से अपनी जान को खतरा बताते हुए वहां की उच्च न्यायालय में 2020 में याचिका दाखिल की थी। याचिका में यह भी मांग की थी कि पंजाब सहित किसी भी राज्य में उसे पेशी पर ले जाते हुए हथकड़ी पहनाकर ले जाए और उसकी वीडियोग्राफी भी की जाए।

## दिल्ली में किडनी रैकेट का पर्दाफाश, डॉक्टर समेत 10 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे किडनी रैकेट का पर्दाफाश किया है जो सोशल मीडिया के माध्यम से चलाया जा रहा था। पुलिस ने एक डॉक्टर समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। खासबात यह है कि किडनी डोनर्स के नाम से अलग-अलग पेज बनाकर इस गोरखधंधे को अंजाम दिया जा रहा था। हालांकि पुलिस का पर्दाफाश होने की तो पुष्टि कर दी है, लेकिन अभी गिरोह से जुड़ी सूचना शेयर नहीं की है। माना जा रहा है कि पुलिस के हत्थे चढ़े इस गिरोह की जानकारी गुरुवार को शेयर की जाएगी।

उधर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक किडनी डोनर्स के नाम से जो पेज बनाए गए थे, उन पेज पर जो लोग भी सम्पर्क करते थे, उनकी आर्थिक स्थिति का पहले पता लगाया जाता था। इसके बाद उन्हें रुपये का लालच देकर किडनी देने के लिए तैयार किया जाता था। सूत्रों की मानें तो इस गैंग ने किडनी ट्रांसप्लांट करने के लिए सोनीपत के गोहाना में एक अस्पताल बना रखा था। वहीं पर गुपचुप तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट की जाती थी।

माना जा रहा है कि इस गिरोह का शिकार देशभर में काफी लोग हो चुके थे। मामले को लेकर हौजखास थाने में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच आरंभ की और आरोपियों को 1-1 कर गिरफ्तार करने के बाद उनसे पूछताछ कर रही है और पूरे नेटवर्क पर से पर्दा उठाने में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस काफी सुराग एकत्र कर लिए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने पर इस बारे में जानकारी शेयर की जाएगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस गैंग के तार हरियाणा सोनीपत से जुड़े हुए है, जहां एक ऑपरेशन थिएटर में किडनी निकाली जाती थी।

# हाउस टैक्स में बढ़ोतरी रोकने के लिए 'आप' ने एमसीडी के विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार को लिखा पत्र

## भाजपा शासित एमसीडी ने फिर हाउस टैक्स बढ़ाने की योजना बनाई है : दुर्गेश पाठक

**आनंद राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने एमसीडी के विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार को पत्र लिख उनसे चर्चा का समय मांगा है। दुर्गेश पाठक ने कहा कि एमसीडी ने फिर हाउस टैक्स बढ़ाने की योजना बनाई है। जबकी एमसीडी 27.5 लाख पंजीकृत प्रॉपर्टीज से करीब 4700 करोड़ का हाउस टैक्स जमा कर सकती है लेकिन खाते में केवल 1750 करोड़ ही पहुंचते हैं। लगभग 3000 करोड़ का टैक्स भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। इन आंकड़ों में बहुत बड़ा अंतर है, यदि इस अंतर को खत्म कर दिया जाए तो हाउस टैक्स बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दुर्गेश पाठक ने




कहा कि यदि अश्विनी कुमार के पास थोड़ा समय हो तो हम उनके साथ कई सुझाव साझा करना चाहेंगे।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, एमसीडी प्रभारी एवं रजिंदर नगर उपचुनाव प्रभारी दुर्गेश पाठक ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्तवपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के तीनों निगमों के एकीकरण के बाद एमसीडी में अश्विनी कुमार को विशेष अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी बीच समाचार पत्रों के माध्यम से हमें पता लगा है कि अपनी आय बढ़ाने के लक्ष्य से एमसीडी हाउस टैक्स बढ़ाने की योजना बना रही है। इसी से संबंधित मैंने अश्विरी कुमार जी को एक पत्र लिखा है।

उन्होंने कहा कि पत्र के जरिए उन्हें सभी आंकड़ों की जानकारी दी। तीनों नगर निगमों को मिलाकर कुल 27.5 लाख प्रॉपर्टीज हाउस टैक्स के लिए पंजीकृत हैं।

यदि एमसीडी इन सभी प्रॉपर्टीज से ठीक तरीके से टैक्स इकट्ठा करे तो लगभग 4700 करोड़ का हाउस टैक्स जमा किया जा सकता है। दुख का विषय यह है कि एमसीडी केवल 1750 करोड़ टैक्स जमा करती है। लगभग 3000 करोड़ का टैक्स भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है जिससे वह एमसीडी के खाते तक पहुंच ही नहीं पाता है।

एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि इन आंकड़ों में बहुत बड़ा अंतर है। यदि इस अंतर को खत्म कर दिया जाए तो हाउस टैक्स को बढ़ाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। कोरोना काल के दौरान दिल्लीवालों का व्यापार ठप हो गया। दिल्लीवालों की आर्थिक स्थिति बहुत ज्यादा खराब हुई है।

ऐसे समय में हाउस टैक्स में बढ़ोतरी दिल्लीवालों पर लाठी मारने जैसा होगा। जब आप 4700 करोड़ हाउस टैक्स इकट्ठा कर सकते हैं तो केवल 1750 करोड़ टैक्स ही क्यों इकट्ठा हो रहा है?

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व और अनुभव से देश को एक नई दिशा दी है : आदेश गुप्ता

## पंजाब में चल रही गोलियों की आवाज केजरीवाल को दिल्ली में सुनाई पड़ रही है

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 30 मई को आठ साल पूरे होने पर दिल्ली के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद और जनसंपर्क किया जा रहा है। मोदी सरकार के आठ वर्षों की उपलब्धियों को जो दिल्ली से भी जुड़ा है, उन्हें लोगों तक पहुंचाने का काम दिल्ली भाजपा द्वारा किया जा रहा है। आज नेता विपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि अपने आठ सालों के कार्यकाल में जिसमें कोरोना जैसी महामारी को भी देश ने झेला लेकिन बावजूद उसके प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी कुशल नेतृत्व और अनुभव से देश को एक नई दिशा दी है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मूलमंत्र ही है कि जीवन की सुगमता प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इसलिए देश में इतनी बड़ी महामारी आने के बाद भी कोई भूखा नहीं सोया और मोदी सरकार ने राशन देकर लोगों को भूखमरी से बचाया। क्योंकि हमने यह भी देखा है कि 100 वर्ष पहले आई महामारी में जिन 5 करोड़ लोगों की मौत हुई उनमें 3 करोड़ लोगों की मौत सिर्फ भुखमरी से हुई थी। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान शुरु हुई मुफ्त राशन वितरण योजना पिछले दो सालों से लगातार जारी है लेकिन बेहद शर्म की बात है कि



दिल्ली की गरीब जनता को उसका लाभ सिर्फ इसलिए नहीं मिल पा रहा है क्योंकि यहां पर केजरीवाल सरकार ने उस योजना को लागू ही नहीं होने दिया।

आदेश गुप्ता ने कहा कि पंजाब में चल रही गोलियों की आवाज केजरीवाल को दिल्ली में सुनाई पड़ रही है। दिल्ली की समस्याओं को एक संवेदनशील अभिभावक के रुप में बाहर निकलकर अगर उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना जायजा लेकर उसके निस्तारण का आदेश दे रहे हैं तो इसके लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं के पेट में दर्द क्यों हो रहा है। उन्हें इस बात का डर है कि उपराज्यपाल की सक्रियता से उनकी पोल ना खुल जाए। दिल्ली की जनता के साथ छलावा करने वाले केजरीवाल को अपना भंडा फूटने का डर सताने लगा है। उन्होंने कहा कि ए.सी. कमरों में बैठकर दिल्ली और पंजाब की राजनीति चलाने वाले केजरीवाल को आखिर क्या मजबूरी है कि वे दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन को बचाने में लगे हुए हैं जबकि पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री को तुरंत बर्खास्त कर दिया।

गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल की बौखलाहट इस बात से उजागर होती है कि वे मीडिया के सामने सत्येन्द्र जैन के परिवार को वे ढांढस बंधाते नज़र आ रहे हैं कि कही उनका परिवार मिलकर केजरीवाल का कच्चा चिट्ठा खोलकर असली दोषी को सामने ना ला दे। सत्येन्द्र जैन को पद्म श्री देने की बात कह कर केजरीवाल ने पद्मश्री का अपमान किया है और इस दुनिया में अगर झूठ का सबसे बड़ा अवार्ड पाने का कोई हकदार है तो वह केजरीवाल और उनके नेता हैं।

आदेश गुप्ता ने कहा कि देश के 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिला जिसमें दिल्ली के भी 55 लाख लोग आते हैं, लेकिन 2019 में वायदा करने के बाद भी केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में लागू नहीं होने दिया।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 9 करोड़ महिलाओं के जीवन में एक वरदान साबित हुई है। यमुना सफाई की जिम्मेदारी जो दिल्ली सरकार की है, लेकिन उसका टेंडर पास कराने में केजरीवाल सरकार 29 महीने लगा दिए।

# पटेल नगर विधानसभा के उपाध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय एवं प्रभारी मनोज आनंद सहित दो दर्जन 'आप' नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

## आम आदमी पार्टी से आए नेताओं ने राजेन्द्र नगर उपचुनाव में भाजपा की जीत का लिया संकल्प

नई दिल्ली। राजेन्द्र नगर विधानसभा में आज बूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 170 बूथों के अध्यक्ष और खंड प्रमुखों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में आए राजेन्द्र नगर बूथ अध्यक्षों को केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता, प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिद्धार्थन, राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर पी सिंह, विधायक श्री अजय महावर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी एवं श्री अशोक गोयल देवराहा सहित अन्य पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बूथ अध्यक्षों एवं खंड प्रमुखों ने क्षेत्र में बिजली-पानी एवं किराएदारों की समस्या को प्रमुखता से उठाया। सम्मलेन में आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली जल बोर्ड के सदस्य और पटेल नगर विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री जितेन्द्र उपाध्याय, पटेल नगर विधानसभा प्रभारी श्री मनोज आनंद, पटेल नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री पंकज कुमार नंदा, रंजीत नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री विकास नंदा सहित करीब दो दर्जन आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण




की और आने वाले राजेन्द्र नगर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। भाजपा का दामन थामने वालों में श्री राकेश बसरा, श्री रोहित बसरा, श्री विकास शर्मा, श्री वरुण शर्मा, श्री लोकेश शर्मा, श्री राहुल, श्री जतिन, श्री भानू, हिमांशी, शिवम, प्रयांशु, संतोष यादव सहित अन्य आप नेता शामिल हैं।

इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राजेन्द्र नगर की जनता को उनके हाल पर छोड़कर राघव चड्ढा खुद पंजाब निकल गए और अब करावल नगर से भाजपा से मुंह की खाए हुए बाहरी उम्मीदवार जिसे खुद ही जनता ने नाकार दिया था, उसे राजेन्द्र नगर की जनता के लिए केजरीवाल ने चुनाव में खड़ा कर दिया है। राघव चड्ढा जो खुद जलबोर्ड का उपाध्यक्ष थे, लेकिन उसके बावजूद उन्होंने राजेन्द्र नगर की जनता की कोई सुध नहीं ली। आज स्थिति यह है कि राजेन्द्र नगर की जनता को 24 घंटे पानी तो दूर पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल दिल्लीवासियों को साफ पानी देने का झूठा वायदा करते रहे, लेकिन आज भी दिल्ली की जनता परेशान है और पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। दिल्ली का जलमंत्री सत्येन्द्र जैन खुद जेल में हैं फिर जनता की इस समस्या का समाधान कैसे होगा।

उन्होंने कहा कि राजेन्द्र नगर में किराये पर रहे किराएदारों के साथ केजरीवाल ने धोखा दिया है। उन्हें कोरोना काल में किराए के पैसे देने का वायदा करके आज तक नहीं दिया गया है। इसलिए आगामी उपचुनाव केजरीवाल की सभी नाकामियों और झूठे वायदों का बदला लेने का एक सही समय है।

# शार्ट न्यूज

## मेवाड़ में बी.कॉम. के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के बी.कॉम डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विदाई समारोह में बी.कॉम. के विद्यार्थी हर्षित तोमर को मिस्टर तो रितिका शर्मा को मिस फेयरवेल चुना गया। सोनम और बलराज सिंह बेस्ट स्टूडेंट चुने गये। मेधावी 28 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉफ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि विद्यार्थी अब जहां भी जॉब में जाएं या समाज में कोई महत्वपूर्ण कार्य करें तो पूरी तल्लीनता और परिपक्वता के साथ करें। सदा सीखने की मानसिकता में रहें। तीसरी बात यह कि वे अपने माता-पिता और गुरुजनों को कदापि न भूलें। उन्हें हमेशा याद रखें। डॉ. गदिया ने कहा कि विद्यार्थी कभी किसी की मजबूरी का फायदा न उठायें। किसी गरीब को भी न सताएं। एक जागरूक नागरिक की हैसियत से देश और समाज के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जो डिग्री हासिल हुई है, वह उनके लिए समाज में जाने का गेट पास है। इसके बल पर वे अपने करियर को बड़े मुकाम पर ले जा सकते हैं। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी कभी अपने कॉलेज को न भूलें। वे मेवाड़ परिवार का महत्वपूर्ण अंग हैं। उनका कॉलेज में सर्वदा स्वागत है। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में चुने गये विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। अनुराधा विल्सन और श्रेया अग्रवाल जज के रूप में उपस्थित रहे। विदाई समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ. निधि बंसल, रविन्द्र कुमार सिंह समेत विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## राजा गार्डन फ्लाईओवर का जीर्णोद्धार करवाएगी केजरीवाल सरकार, पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने 1.87 करोड़ रूपये के रीकार्पेटिंग कार्यों को दी मंजूरी

नई दिल्ली। पिछले हफ्ते 2 दर्जन से अधिक सड़कों के सुदृढ़ीकरण को मंजूरी देने के बाद केजरीवाल सरकार ने शहर की सड़कों से भीड़भाड़ कम करने और यात्रियों को बेहतर आवागमन प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए बुधवार को राजा गार्डन फ्लाईओवर के सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी। उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने इस बाबत 1.87 करोड़ रूपये के परियोजना कार्य को मंजूरी दी। फ्लाईओवर के सुदृढ़ीकरण के बाद रोजाना यहां से गुजरने वाले हजारों लोगों को फायदा होगा और उनका समय बचेगा। सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली में यातायात को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा फोकस दिल्ली की सड़कों से भीड़भाड़ कम करना, उन्हें बेहतर बनाना और लोगों को सड़कों के इस्तेमाल का बेहतर अनुभव प्रदान करना है। ज्ञात हो कि राजा गार्डन फ्लाईओवर की सड़क की उपरी सतह पर दरार व गड्ढों के कारण उसका इस्तेमाल करने वाले यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था और इससे यातायात प्रभावित हो रहा था। पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने इस समस्या का तुरंत संज्ञान लिया। जिसके पश्चात फ्लाईओवर के सुदृढ़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने इसकी वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं का गहन निरीक्षण किया और सरकार द्वारा इस परियोजना को मंजूरी मिली। राजा गार्डन फ्लाईओवर के रीकार्पेटिंग कार्य के लिए 1.87 करोड़ रूपये के परियोजना कार्य को मंजूरी दी गई है। इसके तहत सड़क में मौजूदा दरारों को हटाने, स्टोन मैट्रिक्स डामर (एसएमए) के साथ रीकार्पेटिंग और थर्मोप्लास्टिक पेंट के साथ रोड मार्किंग का कार्य शामिल है सिसोदिया ने इस बाबत पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों को गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली के लोगों को सुरक्षित, सुगम और सुंदर सड़क मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का विज़न अपने नागरिकों को विश्व स्तरीय सड़कें उपलब्ध करवा उन्हें यात्रा का बेहतर अनुभव देना है। इस कारण अपनी सड़कों को बेहतर बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी दिल्ली द्वारा आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है जिससे दिल्ली की सड़के यात्रियों की आवाजाही के लिए अधिक सुरक्षित बन सके।

## गुरुग्राम : कैदियों को भागने में मदद करने को लेकर तीन पुलिसकर्मी गिरफ्तार

गुरुग्राम। लूट और दुष्कर्म के आरोपी एस्कॉर्ट गार्द में तैनात तीन पुलिसकर्मियों की लापरवाही से सोमवार देर शाम को पुलिस हिरास्त से फरार हो गए थे। इस मामले में गुरुग्राम पुलिस ने लापरवाही बरतने वाले तीनों पुलिसकर्मियों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को आरोपी पुलिसकर्मियों को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया। सोमवार देर रात को एस्कॉर्ट गार्द के प्रभारी इंस्पेक्टर जंगबहादुर की शिकायत पर तीनों पुलिसकर्मी और फरार आरोपियों के खिलाफ सदर थाने में मामला दर्ज किया गया था। जानकारी के अनुसार सोमवार को भोंडसी जेल में बंद कुछ कैदियों को इलाज के लिए दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में लेकर जाना था। दुष्कर्म आरोपी अभिजीत और लूट के आरोपी राकेश को एस्कॉर्ट गार्द में तैनात हवलदार नीशु, हवलदार अनिल और सिपाही नवीन सरकारी गाड़ी में जेल से लेकर निकले। तीनों पुलिसकर्मियों ने सेक्टर-56 की रेड लाइट के पास दोनों आरोपियों को सरकारी गाड़ी से उतारा व निजी गाड़ी से एलएनजेपी अस्पताल में इलाज करवाया। फिर वहां से निजी गाड़ी में दोनों आरोपियों के साथ पुलिसकर्मी सेक्टर-38 स्थित ग्रीन-टी ओयो होटल में लेकर पहुंचे। वहीं से दोनों आरोपी स्कूटी पर चढ़कर फरार हो गए।

## मालिक के डांटने पर चालक ने पार्किंग फूंकी, पांच लोग झुलसे; पुलिस ने आरोपी चालक को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के मधु विहार में सोमवार देर रात टैक्सी स्टैंड मालिक ने डांटा तो गुस्साए चालक ने पार्किंग में आग लगा दी। इस दौरान पार्किंग में सो रहे एक बुजुर्ग समेत पांच लोग झुलस गए तो वहीं सात गाड़ियां जल गईं। झुलसे लोगों को एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें आरएमएल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में सभी का उपचार चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक मनोज उर्फ झंडू साह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मंडावली निवासी सुखबीर सिंह मधु विहार के आईपी एक्सटेंशन स्थित पंकज प्लाजा के पास टैक्सी स्टैंड की पार्किंग चलाते हैं। सुखबीर ने पार्किंग में तिरपाल डालकर एक कमरा बना रखा था, जिसमें चालक आराम करते थे। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात सुखबीर सिंह और चालक मनोज के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि सुखबीर ने उसे डांट दिया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इसके बाद सुखबीर घर चले गए। रात को पार्किंग स्थित कमरे में चालक 74 वर्षीय एनबी बहुगुणा, 32 वर्षीय चंद्रपाल, 45 वर्षीय सिकंदर, 32 वर्षीय अजय और दुर्गा सिंह सो रहे थे। रात 2 बजे के करीब मनोज ने गुस्से में पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। आग पार्किंग में फैल गई, जिसकी चपेट में तिरपाल से बने कमरे में सो रहे चालक भी आ गए। वहीं, पार्किंग में खड़ी तीन कारें, दो बाइकें व दो स्कूटी जल गईं। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जिनकी मदद से दमकलकर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया।

## संपादकीय

# सरकार को घेरना नहीं जानते अखिलेश, तभी विधानसभा में बेकार के मुद्दे उठाते रहे

संसद और विधान सभा गंभीर बहस का केन्द्र होते हैं। बहस से ही देश-प्रदेश के आगे बढ़ने की राह निकलती है। बहस के दौरान अक्सर पक्ष-विपक्ष के बीच तकरार भी हो जाती है। कभी-कभी तो माहौल इतना गरम हो जाता है कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ जाते हैं। अब तो लात-घूंसे और माइक फेंकने तक की घटनाएं सदन में देखने को मिल जाती है। इसकी वजह है आज के दौर में नेता, देश से बड़ा हो गया है। देश से बड़े हो गए नेता का अहंकार भी बड़ा हो गया है। नेताओं की तुनकमिजाजी भी खूब चर्चा बटोरती है। उत्तर प्रदेश के बजट सत्र को ही ले लीजिए। बहस के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के बीच इतनी गरमा-गरम बहस छिड़ गई कि अखिलेश यादव उप मुख्यमंत्री के पिता जी तक पर उतर आए। दरअसल, जब अखिलेश और केशव एक-दूसरे पर व्यंग्य बाण छोड़ रहे थे तभी बहस के दौरान अखिलेश ने कहा कि आपके जिले की चार लेन सड़क भी सपा सरकार ने बनवाई थी। केशव बोले- जैसे आपने सैफई की जमीन बेचकर सड़क, एक्सप्रेसवे, मेट्रो बनवाई हो। केशव का यह जवाब सुनकर तैश में आए अखिलेश ने केशव को डपटते हुए कहा कि तुम अपने पिताजी से पैसे लाते हो सड़कें बनाने के लिए, तुमने राशन बांटा पिताजी से पैसे लेकर...। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों को समझा-बुझाकर मामला शांत किया, लेकिन दूसरे ही दिन पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और सीएम योगी आदित्यनाथ गोबर को लेकर आमने-सामने आ गए। हुआ यूं कि बजट भाषण के दौरान जब अखिलेश प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा की हालत पर बोल रहे थे तो सत्ता पक्ष के सदस्य ने उनके (अखिलेश यादव) आस्ट्रेलिया में पढ़े होने पर टिप्पणी कर दी। इस टिप्पणी से अखिलेश यादव भड़क गए। उन्होंने कहा कि हम वहां पढ़े हैं इसलिए जो अच्छा देखा वो लागू किया। आप लोग गोबर देखते रहते हो तो वही इम्पलीमेंट कर रहे हो। अखिलेश का सीधा इशारा योगी आदित्यनाथ पर था, योगी गौ माता के बड़े सेवक हैं और गोरखपुर में उनके गोरखनाथ मंदिर में बहुत बड़ी गौशाला भी है। अखिलेश यादव ने योगी को संबोधित करते हुए कहा था कि हमें कन्नौज में गोबर प्लांट नहीं चाहिए। वह आप गोरखपुर ले जाइए। हमें हमारा परफ्यूम पार्क दे दीजिए। सरकार के कन्नौज में गोबर प्लांट लगाने की घोषणा पर अखिलेश ने कहा कि कन्नौज की पहचान इत्र से है, गोबर से नहीं। इसलिए गोबर प्लांट लगाना है तो गोरखपुर में प्लांट लगाएं। उस समय तो सीएम योगी अखिलेश की बातों पर मुस्कुराते रहे, लेकिन जब वह बजट के पक्ष में बोलने के लिए खड़े हुए तो अखिलेश को गोबर पर खूब लपेटा। मंगलवार 31 मई को योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश के गोबर वाले बयान पर उन्हें ज्ञान दिया। योगी ने कहा कि अखिलेश के भाषण में भैंस के दूध का असर ज्यादा दिखाई दे रहा था। गाय का कम था। इस पर सदन में जमकर ठहाके लगे। योगी ने कहा कि बहुत से लोग फैट कंटेंट के नाते भैंस का दूध ज्यादा पसंद करते हैं। उन्हें तो जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर काम करना है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष एक तरफ किसान की बात कर रहे हैं और दूसरी तरफ गोबर में उन्हें बदबू नजर आ रही है। हमारे यहां गाय का गोबर बड़ा पवित्र माना गया है। तंज कसते हुए सीएम ने आगे कहा कि अखिलेश ने हमसे न सही, चाचा शिवपाल से ही सीखा होता तो पता चल जाता कि पूजा कैसे होती है। गोबर पर घेरते हुए योगी ने अखिलेश को यहीं नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि भारत की कृषि प्रधान व्यवस्था बिना गाय और बिना गोबर के नहीं हो सकती। नेचुरल फार्मिंग बगैर गौ माता के संभव ही नहीं है लेकिन आपको (अखिलेश को) गाय के गोबर में बदबू आती है। अगर आपने पूजा की होती और गाय के गोबर को लक्ष्मी के रूप में रखा होता तो पता होता कि भारत की समृद्धि का प्रतीक तो यहीं से प्रारंभ होता है। उन्होंने अखिलेश के सवाल के जवाब में कहा कि कन्नौज भी उत्तर प्रदेश का हिस्सा है और हम किसी से भेदभाव नहीं करते हैं।

# आधी आबादी को रास्ता चाहिये -भेदभाव नहीं

**निर्मल रानी**

पिछले दिनों संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सिविल सेवा परीक्षा 2021 के परिणाम घोषित हुये। यूपीएससी द्वारा चुने गये उम्मीदवारों की जो सूची जारी की गयी उसके अनुसार श्रुति शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि श्रुति शर्मा के अतिरिक्त तीन अन्य महिला उम्मीदवारों अंकिता अग्रवाल, गामिनी सिंगला तथा ऐश्वर्या वर्मा ने क्रमशः दूसरा, तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया। गोया महिला उम्मीदवारों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा की सूची में पुरुषों को सीधे पांचवें स्थान पर धकेल दिया। इनमें कई लड़कियां ऐसी भी हैं जिन्होंने अभावग्रस्त पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद केवल अपनी योग्यता,कठोर परिश्रम व लगन के बल पर इतना ऊँचा मुक़ाम हासिल किया। इस परिणाम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अवसर मिले तो महिलायें,क्या कुछ न कर दिखायें। यू पी एस सी की योग्यता सूची में आने वाली इन चारों लड़कियों के अतिरिक्त चुनी गयी सभी लड़कियां उच्च प्रशासनिक पदों पर तैनात होकर राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देंगी। इन्हें इसके बदले में उच्च मानदेय के अतिरिक्त अनेक प्रकार की सुविधाएं गाड़ी बंगला ऑफ़िस नौकर चाकर सब कुछ प्राप्त होगा। पूरे सेवाकाल तक प्राप्त होगा और अवकाशप्राप्ति के बाद भी पेंशन आदि नियमानुसार मिलती रहेगी।

शिक्षण क्षेत्र की प्रतिभाओं से अलग, खेल कूद की अनेक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी विजय पताका फहराकर अपने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करने वाले प्रतिभागियों को सरकारी सेवाओं में अवसर दिये जाने अथवा पेंशन आदि का चूँकि प्राय: कोई प्रावधान नहीं है। इसीलिये देश का नाम रौशन करने वाले ऐसे होनहारों के लिये केंद्र व राज्य सरकारें अनुकंपा के आधार पर उन्हें पर्याप्त धनराशियां उनके पदक व विजयी श्रेणी के अनुसार आवंटित करती रहती हैं। विभिन्न राज्य सरकारों ने इस तरह के प्रतिभागियों के लिये पदक व श्रेणी के अनुसार अलग अलग धनराशियां निर्धारित भी की हुई हैं। ओलंपिक अथवा विश्व विजेता प्रतिभागियों के लिये तो कई बार सरकारें ख़ुश होकर %धनवर्षा % कर देती हैं। उन्हें बांग्ला,प्लॉट करोड़ों रुपयों की प्रोत्साहन राशि यहाँ तक कि सरकारी सेवाओं तक से नवाज़ा जाता है। ज़ाहिर है इसतरह के प्रोत्साहन से खिलाड़ी प्रतिभागियों के हौसले बुलंद होते हैं,अन्य बच्चे इन्हें देखकर प्रेरणा लेते हैं और वे भी आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं।

परन्तु यह हमारे देश का कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि धर्म-जाति की बेड़ियों में जकड़े इस देश का एक बड़ा सांप्रदायिकतावादी व जातिवादी वर्ग खेल कूद प्रतिभागियों के प्रदर्शन को भी उनकी जाति व उनके धर्म के चश्मे से देखता है ? यदि टीम पराजित हो तो यह वर्ग उसका ज़िम्मा अपनी सुविधानुसार जाति या धर्म विशेष पर लगाने की कोशिश करता है और अगर वही खिलाड़ी पदक लेकर आये तो उसको प्रोत्साहित करने के बजाये उसके प्रति उदासीनता बरती जाये ? उसे प्रोत्साहन राशि व अतिरिक्त पुरस्कारों से वंचित रखा जाये ? खिलाड़ियों के साथ इस तरह का सौतेला व पक्षपातपूर्ण बरताव करने के बाद जनता या सरकार यह कैसे उम्मीद कर सकती हे कि देश की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं में बढ़ोतरी हो ?और भारतीय तिरंगा विश्व फ़लक पर फहराता दिखाई दे ? याद कीजिये अगस्त 2021 में जब ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से मैच हार गयी थी उसके कुछ ही देर बाद स्वयं को कथित ऊंची जाति का बताने वाले कुछ तत्व हरिद्वार के एक गांव में रहने वाली भारतीय टीम की हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया के घर पहुँच कर उसके दरवाज़े के बाहर कपड़े उतार कर नाच नाच कर पटाखे फोड़ने लगे थे।

# अमेरिकी-नेपाली रिश्तों में गर्माहट



**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**

दुनिया के लिए यह ख़बर चौंकाने वाली हो सकती है, नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउबा जुलाई में वाशिंगटन का दौरा करेंगे। दो दशक बाद नेपाल के किसी प्रधानमंत्री का यह पहला अमेरिकी दौरा होगा। अमेरिका और नेपाल का स्तर-दर-स्तर परस्पर संवाद जारी है। ख़ास बात यह है, इस साल अमेरिका और नेपाल अपने बीच कूटनीतिक रिश्तों की 75वीं सालगिरह भी मना रहा है। यूं तो बीस वर्षों से नेपाली पीएम या आला प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों में शिरकत करने कई बार गए, लेकिन ये विजिट अमेरिका की द्विपक्षीय यात्राएं नहीं थीं। सूत्र बताते हैं, देउबा की यह यात्रा संभवत: 14 से 16 जुलाई के बीच होगी। देउबा अमेरिका की ओर से आयोजित समिट फॉर डेमोक्रेसी-लोकतांत्रिक देशों का शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। हालांकि अभी तक दोनों देशों की ओर से इस तरह का कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। अमेरिका और नेपाल की इन गलबहियों पर चीन की पैनी नज़र है। चीन में बौखलाहट है। ड्रैगन के आकाओं में बेइंतहा गुस्सा है। अमेरिका को अप्रत्यक्ष तो नेपाल को प्रत्यक्ष भुगतने की धमकी भी दे चुका है। ऐसा होना स्वाभाविक है। दुनिया में महाशक्ति का तमगा लेने की होड़ मची है। बहरहाल इस देशों के करीबी रिलेशन की गर्माहट की तपिश को ड्रैगन शिद्दत से महसूस कर रहा है।

अमेरिका की अंडर सेक्रेटरी उज़्रा ज़ेया हाल ही में काठमांडू आईं थीं। इससे पूर्व अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू और हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र के अमेरिकी कमांडर एडमिरल जॉन अक्विलिनो भी नेपाल का दौरा कर चुके हैं। जॉन 36 देशों में अमेरिकी ऑपरेशन्स के हेड हैं। ख़ास बात यह है, जॉन के काठमांडू दौरे पर अमेरिका ने कतई चुप्पी साधी थी, लेकिन नेपाल के एक नामचीन अखबार ने भ्रमण का अति संक्षेप में खुलासा किया था। अमेरिका और नेपाल दोनों की ओर से आला अफसरों के वाशिंगटन और काठमांडू परस्पर दौरों के फोकस में पचास करोड़ डॉलर की अमेरिकी मदद है। उल्लेखनीय है, अमेरिकी संस्था- मिलेनियम चैलेंज कॉर्पोरेशन- एमसीसी की ओर से नेपाल को 2017 में पचास करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद का करार हुआ था। इसे नेपाली संसद में पास कराया जाना था, लेकिन पांच सालों से यह लटका रहा क्योंकि चीन के इशारे पर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इसका मुखर विरोध करते रहे। चीन के आका भी नहीं चाहते थे, नेपाल में अमेरिका का असर बढ़े। अंतत: ड्रैगन की चाल फेल हो गई और मौजूदा प्रधानमंत्री देउबा ने करार को इसी साल फरवरी में संसद में पास करा दिया। इसके बाद अमेरिका ने नेपाल में अपनी दिलचस्पी और बढ़ा दी है। अमेरिका-नेपाल के रिश्तों में आई गर्मजोशी को दक्षिण-एशिया और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ रहे नए







समीकरणों के लिहाज से ख़ास माना जा रहा है। यह बात दीगर है, अमेरिका-नेपाल में बढ़ती नजदीकियों को विश्व समुदाय किस दृष्टि से देखता है, लेकिन यह सच है- ड्रैगन के संग नेपाल के रिश्तों में फिलहाल कड़वाहट आ गई है। नेपाल के प्रमुख अखबार-काठमांडू पोस्ट के मुताबिक नेपाली सियासीदानों में पांचवीं बार पीएम की कुर्सी पर काबिज शेर बहादुर देउबा को हमेशा ही अमेरिका के करीब माना जाता है, इसीलिए देउबा सरकार के सत्ता में रहते अमेरिकी सरकार ने नेपाल में अपनी पैंठ बढ़ाने की ठोस रणनीति बनाई है।

दो राय नहीं है, नेपाल-अमेरिका की बढ़ती दोस्ती से चीन के आकाओं को मिर्ची लगी है। चीन अमेरिका की अंडर सेक्रेटरी उज़्रा ज़ेया के नेपाल दौरे के दौरान तिब्बतियों से मुलाकात पर कड़ी आपत्ति जता चुका है। उल्लेखनीय है, चीन के प्रेशर में नेपाल ने बहुतेरे तिब्बतियों को शरणार्थी कार्ड नहीं जारी किया हुआ है। इससे वे न तो पढ़ाई जारी रख पाते हैं। न ही बिजनेस कर पाते हैं। न ही विदेश जा पाते हैं। नेपाल में चीन के बढ़ते दवाब को खत्म करने के लिए अमेरिका आजकल साइलेंट डिप्लोमेसी की स्ट्रेटेजी के तहत काम कर रहा है। अब इसके नतीजे भी सामने आने लगे हैं। नेपाल के आर्मी चीफ प्रभुराम शर्मा 27 जून को अमेरिका के लिए रवाना होंगे। यहां वह पेंटागन का दौरा करेंगे। इसके बाद दक्षिण एशिया के मामलों को देखने वाले अमेरिका के तमाम शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

अमेरिका नेपाल को पहाड़ी इलाकों के लिए जरूरी मिलिट्री हार्डवेयर जल्द ही मुहैया कराएगा। ये हार्डवेयर नेपाल जैसे पहाड़ी क्षेत्र वाले देश के लिए बहुत मददगार साबित होंगे। नेपाल के सेना प्रमुख लंबी विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। वाशिंगटन जाने से पूर्व जनरल शर्मा 18 से 24 जून तक लेबनान और सीरिया में नेपाली शांति सैनिकों से मिलेंगे। नेपाल के ये सैनिक वहां संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में तैनात हैं। इसके तुरंत बाद शर्मा 27 जून से 1 जुलाई तक अमेरिकी सेना के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस यात्रा से शांति सैनिकों और अमेरिकी सेना से उसके रिश्ते मजबूत होंगे।

नेपाल और अमेरिका हाईएस्ट लेवल पर बातचीत करने जा रहे हैं। आर्मी चीफ के दौरे के बाद वहां के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा वाशिंगटन पहुंचेंगे। इन उच्च स्तरीय मुलाकातों में सियासी मुद्दों के संग-संग सैन्य रणनीति पर भी चर्चा होगी। नेपाल के सिक्योरिटी एक्सपर्ट मानते हैं, अमेरिका अब चीन को रोकने के लिए डिप्लोमेसी के तौर पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन यह भी अंदेशा है, दो बड़े देशों के लिए यह इश्यू बैटलग्राउंड बन सकता है। रिटायर्ड मेजर जनरल विनोज बन्सायत कहते हैं, नेपाल में अमेरिकी हित बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे चीन की भृकुटी तनना तय है।

चीन यूक्रेन पर रूसी हमले में अमेरिका और नाटो देशों की रणनीति को नजदीक से देख और समझ चुका है। स्पष्ट है, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। सोवियत संघ समाजवादी गणराज्य-यूएसएसआर के संस्थापक सदस्य रहे यूक्रेन को अमेरिका और नाटो के मित्र देश न केवल ऐलानिया वित्तीय मदद मुहैया करा रहे हैं, बल्कि घातक हथियार भी सप्लाई कर रहे हैं। ऐसे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के हौसले बुलंद हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को 90 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं, बावजूद इसके सुलह की कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है, क्योंकि यूक्रेन के पीछे अमेरिका और नाटो देश महाशक्ति की मानिंद खड़े हैं। चीन ताइवान को लेकर अक्सर परोक्ष और अपरोक्ष रूप से दुनिया को युद्ध के लिए उकसाता और डराता है। हाल ही में जो बाइडेन चीन को ताइवान पर हमले की चेतावनी का जवाब कड़ी भाषा में दे चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ चेता दिया है, ताइवान पर हमला किया तो नाटो देश भी पीछे नहीं रहेंगे। दुनिया को आए दिन आंख दिखाने वाले ड्रैगन के लिए अमेरिका की नेपाल में साइलेंट डिप्लोमेसी क्या गुल खिलाएगी, यह तो वक्त बताएगा।

# घरेलू हिंसा की शिकार शिवांगी आइएएस बनी !

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जनपद के पिलखुवा नगर की रहने वाली शिवांगी गोयल ने यूपीएससी में 177वीं रैंक हासिल कर कुछ ऐसा ही चरितार्थ कर दिया है। शिवांगी शादीशुदा हैं एक सात साल की मासूम बच्ची की मां भी है। करीब आठ साल पहले उनके पिता ने शिवांगी का विवाह धूम धाम से एक बड़े कारोबारी से किया था लेकिन उसने शिवांगी की जिंदगी को बदतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पुत्री को जन्म दिया तो शिवांगी पर पति व ससुराल वालों का उत्पीड़न और बढ़ गया आखिरकार जब हालात असहनीय हो गए तो शिवांगी ने कानून की शरण ली और पति ससुर को जेल भिजवाकर ही दम लिया। यूपीएससी 2021परीक्षा के परिणाम में शिवांगी ने आइएएस बनकर कामयाबी की नई इबारत लिख दीहै।

शिवांगी बचपनसे हीपढ़ाई में होशियार रही। उसका आईक्यू लेबल बेहतर रहा। प्राइमरी क्लास से ही वह अपने टीचर्स की प्रिय रहती थी क्योंकि किसी विषय या टापिक को पूरा समझे बिना आगे बढ़ना शिवांगी को मंजूर नहीं होता था। शिवांगी की इंटरमीडिएट की शिक्षा आईसीएसई बोर्ड के होली चाइल्ड स्कूल गाजियाबाद से पूरी हुई तो शिवांगी ने श्रीराम कालेज आफ कामर्स नई दिल्ली में बीकॉम आनर्स की पढ़ाई की। शिवांगी गोयल ने तभी तय किया कि उन्हें संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर आइएएस बनना है। शिवांगी गोयल ने दो बार प्रयास किया लेकिन असफल रही। इस बीच उनके पिता ने अपनीजिम्मेदारीकानिर्वाहकरतेहुएदिल्ली के एक कारोबारी परिवार के युवक के साथ शिवांगी का विवाह कर दिया। शादी के एक डेढ़ साल बाद शिवांगी ने एक पुत्री को जन्म दिया। इसी बीच शिवांगी के साथ उसके पति और ससुराल जन ने मारपीट उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। आखिर शिवांगी रोजाना की घरेलू हिंसा से तंग आकर अपनी दूधमुही बच्चीके साथ अपने पिता के घर आ गई। शिवांगी के जीवन का यह सबसे कठिन दौर था जिस मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न से वह गुजरी उसे याद करते हुए वह आज भी सिहर उठती हैं।

शिवांगी की जिंदगी दोराहे पर आकर खड़ी हो गई एक ओर उनका जिंदगी का भारतीय प्रशासनिक सेवा में पहुंचने का सपना, शैक्षिक कैरियर, खुशहाल जिंदगी सब पीछे छूट गए थे दूसरी ओर पति व ससुराल के दुर्व्यवहार ने जो उनके दिलो दिमाग पर जख्म दिए वह रह रह कर टीस दे रहे थे उस पर एक मासूम बच्ची की जिम्मेदारी भी उन पर थी। एक बारगी शिवांगी टूटने लगी थी लेकिन इस मुश्किल समय में उनकी मां पिता और परिवार ने उन्हें हिम्मत दी। एक बार फिर शिवांगी ने तय किया कि वह अपने आइएएस बनने के सपने को पूरा करेंगे और इस सपने को पूरा करने के लिए शिवांगी ने एक बार फिर ठान लिया और शिवांगी ने जो ठाना था उसे 30 मई को घोषित संघ लोक सेवा आयोग के परिणाम ने साकार कर दिखाया।

शिवांगी ने 2019 2020 और 2021 में लगातार संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के तीन अटेम्प्ट किए और इस बार उन्होंने सफलता को अपनी मुट्ठी में कैद कर लिया। 30मई की मध्याह्न जब आयोग ने फोन काल पर उनकी सफलता की सूचना दी तो अपने संघर्ष को याद कर उनकी आंख नम हो गई। शिवांगी ने 177वीं रेंक हासिल की है।

बहुत विनम्र स्वभाव मृदुल वाणी और आकर्षक व्यक्तित्व की धनी शिवांगी पूर्णत: शाकाहारी व ईश्वर में आस्था रखने वाली युवा हैं। वह मानती हैं कि सृष्टि का रचियता पल पल पर इंसान को अन्याय के खिलाफ लड़ाई के लिए ताकत और हौसला देता है बशर्ते आप सत्य के पाले पर हों। शिवांगी की इस सफलता ने उन महिलाओं को एक संदेश दिया है, जो शादी के बाद सुसराल से प्रताड़ित होकर अपनी जिंदगी से निराश हो चुकी हैं।

आज यूपीएससी में सक्सेस हासिल कर सफलता की इबारत लिखने वाली शिवांगी गोयल के लिए यह सब इतना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और मुश्किल हालातों में भी दृढ़ निश्चय के साथ आज इस को मुकाम हासिल किया है।




# भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी



**अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पीएम के हिंदी में संबोधनों से राजभाषा में ऊर्जा का संचार, विशिष्ट मान्यता व हिंदी की प्रतिष्ठा का अति विस्तार हुआ**

**संयुक्त राष्ट्र संघ सहित सभी वैश्विक मंचों पर हिंदी का वैश्विक मानदंडों पर खरा उतरना सराहनीय - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत की राजकीय भाषा हिंदी का प्रचार, प्रसार, महत्व, प्रतिष्ठा इतनी तेजी से बढ़ी है जिसका अंदाजा शायद हमने नहीं लगाया था। आज हम हाल के कुछ वर्षों की बात करें तो जहां हमारे माननीय पीएम महोदय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी में संबोधनों, वन टू वन हिंदी डायलॉग, उन देशों के मूल भारतीयों से मुलाकात और हिंदी में बातचीत सहित ऐसी कई शासकीय प्रशासकीय स्तर पर उत्साहित प्रक्रिया शुरू है जिसके कारण राजभाषा हिंदी में ऊर्जा का संचार व विशिष्ट मान्यता मिलने से हिंदी की प्रतिष्ठा का अतिविस्तार हुआ है।

साथियों बात अगर हम हिंदी की करें तो रविंद्र नाथ टैगोर ने भी कहा था भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी हम जानते हैं हिंदी, बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जो हमारे पारम्?परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्?यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत संघ की राजभाषा के संबंध में प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 343 के खंड (1) के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी संघ की राजभाषा है। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा।

साथियों हिंदी के प्रचार प्रसार, योगदान में हर क्षेत्र का सहयोग प्राप्त है। हिंदी को वैश्विक संदर्भ देने मे उपग्रह चैनलों, विज्ञापन एजेंसियों, बहुराष्ट्रीय निगमों तथा यांत्रिक सुविधाओं का विशेष योगदान है। वह जनसंचार माध्यमों की सबसे प्रिय एवं अनुकूल भाषा बनकर निखरी है। आज विश्व में सबसे ज्यादा पढे जानेवाले समाचार पत्रों में आधे से अधिक हिन्दी के हैं।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पीएम के हिंदी संबोधनों की करें तो, भारतीय विचार और संस्?कृति का वाहक होने का श्रेय हिन्?दी को ही जाता है। आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। हमारे पीएम द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में ही अभिभाषण दिया गया था। विश्व हिंदी सचिवालय विदेशों में हिंदी का प्रचार-प्रसार करने और संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने के लिए कार्यरत है। उम्मीद है कि हिंदी को शीघ्रकही संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा का दर्जा भी प्राप्त हो सकेगा।

साथियों बात अगर राम माननीय गृह राज्य मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा, कि आज देश के लगभग सभी प्रांतों में हिंदी भाषा की पढ़ाई हो रही है जिससे हिंदी के प्रति लोगों का रूझान बढ़ रहा है। किसी भी राष्?ट्र के लिए यह जरूरी है कि वह अपनी भाषाओं के प्रति सजग रहे और उन्हे आगे बढ़ाने के लिए आवश्?यकतानुसार कदम उठाए। इस दिशा में देश का शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह से सजग है और हमारे पीएम जी ने सदैव ही सभी भारतीय भाषाओं के सम्मान को आगे बढ़ाने का काम किया है। पीएम विश्व में जहां भी गए, उन्होंने हिंदी भाषा में संबोधन दिया। इससे वर्तमान पीढ़ी को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है और लोग दैनिक व्यवहार में हिंदी भाषा का उपयोग करने में हिचक महसूस नहीं करते। उन्होने कहा कि हमारे गृह मंत्री भी सर्वभाषा प्रेमी हैं और विभिन्?न अवसरों पर हिंदी में ही बात करते हैं, इससे लोगों का उत्?साह भी बढ़ता है। एक अन्य बुद्धिजीवी ने कहा, गृह मंत्री जी के नेतृत्?व में आज गृह मंत्रालय का अधिकतर कार्य हिंदी भाषा में हो रहा है। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता के बाद अधिकतर मूल कार्य हिंदी में किए जाने का आशय था परंतु अभी तक यह लक्ष्?य प्राप्?त नहीं हो सके, अब समय आ गया है कि मूल कार्य हिंदी में हो और अंग्रेजी में उसका अनुवाद हो। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि आजादी से पहले ही कई संस्?थाएं हिंदी के संवर्धन की दिशा में काम कर रही हैं। पं दीन दयाल जी ने कहा था कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पुनर्स्थापना और इतिहास के पुनर्लेखन का काम भाषा के उत्थान के बिना संभव नहीं है। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने पहली बार संयुक्त राष्?ट्र में हिंदी में संबोधन दिया और सुषमा स्वराज जी के प्रयासों से संयुक्त राष्?ट्र के हिन्दी में ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया चैनल शुरु किये गये।

साथियों बात अगर हम हिंदी को एकता का सूत्र मानने की करें तो, हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में देश की एकता का सूत्र है। सभी भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन होने के नाते हिंदी विभिन्न भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायनों में भारत की संपर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है। हिंदी जन-आंदोलनों की भी भाषा रही है। हिंदी के महत्त्व को गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर ने बड़े सुंदर रूप में प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी। हिंदी के इसी महत्व को देखते हुए तकनीकी कंपनियां इस भाषा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। यह खुशी की बात है कि सूचना प्रौद्योगिकी में हिन्?दी का इस्?तेमाल बढ़ रहा है। आज वैश्वीकरण के दौर में, हिंदी विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली भाषा बनकर उभरी है। आज पूरी दुनिया में 175 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा पढ़ाई जा रही है। ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकें बड़े पैमाने पर हिंदी में लिखी जा रही है। सोशल मीडिया और संचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है।

## संपूर्ण निष्ठा!

बुरा वक्त दर्द दे जाता है, अच्छे वक्त की उम्मीद भी लाता है,
दोनों का एहसास भी जरूरी है दोस्तों,
यही हमें जीवन में मजबूत बनाता है!

डर ना जाना कांटों को देखकर राहों में, सिमट ना जाना कमजोरी के बाहों में,
खूबसूरत फूलों में कांटे तो होते ही हैं, हम सब हैं परम शक्ति की पनाहों में!

जीवन का हर पल सपने की तरह बहा जा रहा,
देखे हमारा हर वक्त कहां जा रहा,
मुस्कुराइए या टूट जाए यह दो रास्ते हैं,
जीवन से हाथ मिला कर इसके साथ चले यह जहां जा रहा!

इस प्रकृति के हर चीज का एहसास करें,
हो जाते हैं बंदिशों से परे,
आजादी और खुशियों के साथ जिंदगी को जीते हैं,
पर साथ में इंसानियत के कार्य जरूर करें!!

## शार्ट न्यूज

### अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.रविशंकर सिंह हटाए गए, नियुक्तियों में गड़बड़ी के लगे थे आरोप

अयोध्या। अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.रविशंकर सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। चर्चा है कि नियुक्तियों में गड़बड़ी की शिकायतों की वजह से राजभवन ने उनसे इस्तीफा ले लिया। जबकि कुलपति प्रो.सिंह का कहना है कि स्वास्थ्य वजहों से उनका इस्तीफा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार प्रो्.रविशकर सिंह की जगह प्रो.अखिलेश सिंह को विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्होंने पदभार ग्रहण भी कर लिया है। बताया जा रहा है कि गलत ढंग से नियुक्तियों को लेकर विश्वविद्यालय के कुछ शिक्षकों ने कुलपति की शिकायत की थी। इस पर उनके खिलाफ गोपनीय जांच चल रही थी। इसी मामले में उनसे इस्तीफा ले लिया गया। उनकी जगह पर प्रयागराज के राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अखिलेश सिंह को अवध विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। उन्होंने आज चार्ज ले भी लिया है। प्रो रविशंकर सिंह इसके पहले काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में जियोलॉजी के प्रोफेसर रहे हैं। यहीं से अवध विश्वविद्यालय में कुलपति बने।

### 5 जून तक निरस्त रहेगी नौचंदी एक्सप्रेस : लखनऊ, प्रयागराज जाने के लिए यात्रियों को झेलनी होगी परेशानी

**मेरठ।** मेरठ से लखनऊ जाने के लिए आने वाले पांच दिनों तक यात्रियों को भारी दिक्कत उठानी पड़ेगी। लखनऊ को जाने वाली प्रमुख नौचंदी एक्सप्रेस 5 जून तक निरस्त रहेगी। मुरादाबाद, सहारनपुर रूट पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण ट्रेन 5 जून तक निरस्त रहेगी। वहीं मेरठ, सहारनपुर से प्रयागराज जाने वाली नौचंदी 2 से 6 जून तक निरस्त रहेगी। वेस्ट यूपी में नौचंदी एक्सप्रेस लखनऊ जाने के लिए प्रमुख एकमात्र ट्रेन है। रोजाना हजारों यात्री, अधिकारी, नेता नौचंदी से ही लखनऊ जाते हैं। एक तरह से इस ट्रेन को मेरठ की लाइफलाइन कहा जाता है। ट्रेन के निरस्त होने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी। यात्रियों को बस, गाड़ियों या फिर फ्लाइट से ही लखनऊ जाना होगा। निर्माण कार्य के कारण नौचंदी के अलावा अन्य ट्रेनें भी निरस्त रहेंगी। इसमें मेरठ से लखनऊ जाने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस भी 2 जून तक निरस्त रहेगी। प्रयागराज से ऋषिकेश और मुरादाबाद, सहारनपुर पैसेंजर भी इस दौरान निरस्त रहेगी। वहीं खुर्जा पैसेंजर भी 5 जून तक निरस्त रहेगी। मेरठ से रोजाना लगभग 700 यात्री नौचंदी एक्सप्रेस से लखनऊ जाते हैं। मेरठ के अलावा सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और आसपास के जिलों से लखनऊ की मुख्य कनेक्टिविटी नौचंदी एक्सप्रेस ही है। तमाम सरकारी कामों से अफसर और कर्मचारी भी इसी ट्रेन से लखनऊ आते जाते हैं। मेरठ से लखनऊ के लिए प्राइवेट और रोडवेज की बसें भी चलती हैं। लखनऊ के लिए यूपी रोडवेज की कुल दो बसें हैं। जिसमें सीमित संख्या में ही यात्री सफर कर सकते हैं। दिल्ली से लखनऊ के लिए डायरेक्ट फ्लाइट है। ट्रेन बंद रहने पर यात्रियों को फ्लाइट का सहारा लेना पड़ेगा।

### अवैध खनन पर कसा शिकंजा : डीएम ने छापा मारकर मौके पर पकड़े 5 ओवरलोड डंपर, देर रात तक चली कार्रवाई

**कानपुर।** मंगलवार देर रात जारी रही कार्रवाई के बाद 5 ओवरलोड डंपर सीज किए गए। कानपुर में खनन क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन पर जिला प्रशासन ने डंडा चलाना शुरू कर दिया है। मंगलवार देर शाम डीएम नेहा शर्मा चौबेपुर स्थित बंदी माता मंदिर खनन क्षेत्र में औचक छापेमारी की। मौके पर 5 ट्रक बालू से ओवरलोड मिले। डीएम ने तत्काल सभी ट्रकों को सीज करने के निर्देश दिए। जिसके बाद ARTO ने मौके पर पहुंचकर सभी डंपर जब्त कर लिए। मंगलवार देर रात तक कार्रवाई जारी रही। डीएम ने बताया कि सभी खनन करने वालों को तय क्षेत्र में ही खनन का पट्टा दिया गया है। लेकिन क्षेत्र को बढ़ाकर खनन किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह से अवैध है। वहीं मानक के विपरित डंपर को क्षमता से अधिक भरा जा रहा है। ओवरलोडिंग करने में सभी ट्रकों को सीज किया गया है। शासनादेश के मुताबिक खनन क्षेत्र में कैमरा लगाना अनिवार्य है। डीएम की छापेमारी में कहीं भी कैमरा नहीं लगा पाया गया। खनन स्टॉक की जांच के लिए PWD अधिकारी को जांच के लिए लगाया गया है। खनन क्षेत्र की जांच के लिए तहसील टीम द्वारा जांच कराई जा रही है। डीएम के निरीक्षण में ओवरलोड ट्रकों की वजह से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त मिली। इस पर डीएम ने पट्टाधारक को ही नोटिस थमा दिया। मौके पर 3 पोकलैंड मशीन और 11 खाली डंपर भी पकड़े गए। डीएम ने बताया कि लखनऊ से ओटीपी बंद करवाकर जांच की जा रही है।

### अयोध्या में महिला टीचर की हत्या, घर में घुसकर चाकू से गोदकर मार डाला

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के श्रीरामपुरम में बुधवार को चाकू से गोदकर महिला टीचर की हत्या कर दी गई। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे और सबूत खोजने में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के संघा कोल्ड स्टोरेज के पास श्रीरामपुरम में सुप्रिया वर्मा परिवार के साथ रहती थीं। वे बीकापुर क्षेत्र के एक स्कूल में टीचर थीं। बुधवार दोपहर अज्ञात बदमाश ने घर में घुसकर सुप्रिया पर चाकू से हमला कर दिया। ताबड़तोड़ कई वार किए गए। सुप्रिया गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### ओसामा बिन लादेन को अपना गुरु बता रहा यूपी का अफसर, दफ्तर में लगाई तस्वीर

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में एक अधिकारी दुनिया के सबसे खूंखार आतंकवादी रहे ओसामा बिन लादेन को अपना गुरु बता रहा है। बकायदा उसने दफ्तर में उसकी तस्वीर लगा दी है। फर्रुखाबाद में नवाबगंज के बिजली निगम कार्यालय परिसर में लगी ओसामा की तस्वीर वायरल हुई तो हड़कंप मच गया। फोटो के नीचे श्रदेय ओसामा बिन लादेन विश्व का सर्वश्रेष्ठ अवर अभियंता भी लिखा है। इसके नीचे ही एसडीओ रविन्द्र प्रकाश गौतम का नाम है। अधीक्षण अभियंता एसके श्रीवास्तव ने बताया कि इसको लेकर उन्हें भी जानकारी हुई है। इसकी जांच को कमेटी बनाई है रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। नवाबगंज बिजली निगम कार्यालय परिसर के प्रतीक्षालय की दीवार पर लगी ओसामा बिन लादेन की फोटो वायरल हो गई है। दीवार पर लगी फोटो के वायरल होने के बाद इसकी जानकारी बड़े अधिकारियों तक पहुंची। उसके बाद ही फोटो को हटा लिया गया। उपखंड अधिकारी रविन्द्र प्रकाश गौतम को फोन किया गया तो उन्होने बताया कि लादेन हमारा गुरु है। फोटो यदि हट जाएगी तो दूसरी भी लग जाएगी। यह फोटो मेरे द्वारा ही लगाई गई। उधर अधीक्षण अभियंता ने इसको लेकर बड़े अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही है।

### बारातियों से भरी बस ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ी 5 घायल 2 रेफर

कुशीनगर। कुशीनगर में कसानगंज थाना क्षेत्र के सुम्हाखोर गांव के पास बारातियों से भरी बस सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में जाकर भिड़ गई। इससे बस में सवार 5 लोग घायल हो गए। इनको कसानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। डाक्टरों ने दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम हटा थाना क्षेत्र के पोखर भिंडा गांव से कसानगंज थाना क्षेत्र के सुम्हाखोर गांव में बारातियों को लेकर बस निकली थी। इसी दौरान इंदरपुर के पास सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली बस भिड़। इससे बस में बैठे वकील कुमार निवासी पोखर भिंडा ,बाबूलाल प्रसाद निवासी देवरिया, बालेश्वर प्रसाद पकड़ी वीरभद्र रामपुर कारखाना, अमरिंदर सिंह पोखर भिंडा, अंकित कुमार पोखर भिंडा गंभीर रूप से घायल हो गए। वही वकील कुमार (40) और बाबूलाल (60) को गंभीर चोट आई है।

# झांसी : साड़ी की दुकान में लगी भीषण आग, बुर्जुग दंपति की जलकर मौत

**झांसी।** झांसी के कोतवाली थानाक्षेत्र में एक साड़ी की दुकान और ऊपर बने आवासीय हिस्से में भीषण आग लग गई। हादसे के समय ऊपरी हिस्से में परिवार के नौ लोग सो रहे थे। नीचे साड़ी की दुकान से उठी आग पूरी तेजी से ऊपरी माले तक पहुंच गई और इसकी चपेट में आकर बुर्जुग दंपति की मौत हो गई। पुलिस और पड़ोसियों की मदद से परिवार के सात अन्य लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।



पुलिस ने बताया कि कोतवाली थानाक्षेत्र के नरिया बाजार स्थित साड़ी सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की व कई थानों की पुलिस समेत जिलाधिकारी रव्द्रिंर कुमार व एसएसपी शिवहरी मीना भी मौके पर पहुंच गए। दमकल व स्थानीय लोगों की मदद से आग में फंसे सभी 9 लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। इसमें अजय व संजय समेत सात लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया गया जबकि श्रीराम अग्रवाल (70) व उनकी पत्नी शांति देवी (68) गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए भेजा गया। वहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बचाव कार्य में कोतवाली थानाध्यक्ष तुलसी राम पांडे घायल हो गए और फायर ब्रिगेड के दो जवान हरिशरण सिंह व एक अन्य भी झुलस गए। श्री पांडे को भी उपचार के लिए मेडिकल भेजा गया जहां फेंफड़ों में काफी धुंआ भरने के कारण उनको सांस लेने में परेशानी हो रही थी जिसके बाद उन्हें ऑक्सीजन स्पोर्ट पर रखा गया है। दोनों पुलिसकर्मियों का भी उपचार किया जा रहा है। घटनास्थल पर अब आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

गौरतलब है कि नरिया बाजार में पूनम साड़ी भंडार के नाम से श्रीराम अग्रवाल की दुकान है। तीन मंजिला बिल्डिंग में श्रीराम अपने दोनों बेटे अजय व संजय साथ ऊपरी हिस्से में बने घर में रहे हैं। आज सुबह लगभग चार बजे नीचे साड़ी सेंटर में अचानक आग लग गई जो जल्द ही ऊपरी हिस्से तक जा पहुंची। जब तक घर वालों की आंख खुली तब तक आग ने भयंकर रूप ले धारण कर लिया। पूरे परिवार के बीच दहशत में चीख पुकार मचने लगी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए और आग बुझाने व लोगों को निकालने के प्रयास में जुट गए।

हादसे की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रशासन ने मदद के लिए सेना को भी बुला लिया। हालांकि तब तक आग पर काबू पाया जा चुका था। बताया जा रहा है कि दुकान में आग लगने के बाद सबसे पहले शांति देवी की आंख खुली। उन्होंने परिवार के अन्य सभी लोगों को जगाया। बचावकार्य में परिवार के लोगों को तो बचा लिया गया किंतु शांति देवी व उनके पति की बुरी तरह झुलसने के कारण मौत हो गई।

आग की चपेट में आकर घर के ऊपरी हिस्से में रखे चार गैस के सिलेंडरों में भी एक के बाद एक धमाके हुए और इलाके दहशत फैल गई। सिलेंडरों के आग पकड़ने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिस पर दमकल विभाग के लोगों ने पुलिस की मदद से कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया।

# लखनऊ नगर निगम जल्द होगा पेपरलैस

एजेंसी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी 'डिजिटल इंडिया' अभियान के साथ कदमताल मिलाने के संकल्प के साथ लखनऊ नगर निगम ने पेपरलैस प्रणाली को अपनाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिये हैं।

नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को सोशल माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'कू' के जरिये यह जानकारी साझा की है जिसके अनुसार जल्द ही नगर निगम पेपरलेस हो जाएगा, यानी अधिकारियों के आदेश निर्देश डिजिटली जारी होंगे, साथ ही साथ फाइलें भी डिजिटल हो जाएँगी और सिविल कार्यों के एस्टीमेट भी डिजिटल बनेंगे। नगर आयुक्त ने इसके लिए प्रयास शुरू किया है।

इसके साथ ही आम लोगों को बुनियादी सुविधाएँ देने के लिए लखनऊ नगर निगम ने एक नई पहल की है, जिसमें नाले-नालियों की नियमित साफ-सफाई, समुचित मार्ग व्यवस्था, हरियाली और पार्क का विकास और अनुरक्षण, मार्ग प्रकाश, पेयजल की व्यवस्था कराना शामिल है। इसके लिये 31 मई से दो जून के बीच शहर में तीन दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

नगर निगम ने आज दो कूज़ किये जिनमें पहले में कहा गया है डिजिटल इंडिया के तहत लखनऊ नगर निगम एक नई पहल की शुरुआत करने जा रहा है। नगर निगम द्वारा समस्त विभागीय कार्यों को डिजिटलाइज किये जाने की रणनीति तैयार कर ली गयी है।

एक अन्य पोस्ट के माध्यम से कहा गया है राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री द्वारा थर्ड जीबीसी (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) पर लखनऊ आगमन के दृष्टिगत नगर को स्वच्छ बनाने व व्यवस्थित करने के उद्देश्य से 31 मई से दो जून के बीच तीन दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

अधिकृत सूत्रों ने बताया कि लखनऊ नगर निगम अपने प्रोजेक्ट और फाइलिंग सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए एफएपीएमएस सॉफ्टवेयर सिस्टम से काम करने जा रहा है। इस कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर प्रणाली से नगर निगम अपनी प्रोजेक्ट फाइल को ऑटोमेट और व्यवस्थित करेगा। सिविल कार्यों के एस्टीमेट भी स्वत- जनरेट हो जाएँगे।

### ज्ञानवापी के बाद काशी की एक और मस्जिद में मांगा गया पूजा का अधिकार, कोर्ट में याचिका दायर

वाराणसी। ज्ञानवापी को लेकर कानूनी लड़ाई के बीच काशी की एक और मस्जिद को लेकर विवाद शुरू हो गया है। अब पंचगंगा घाट स्थित धरहरा मस्जिद का भी प्रकरण स्थानीय अदालत में पहुंच गया। बिंदु माधव मंदिर के रूप में प्रसिद्ध इस स्थान पर बनी मस्जिद में नमाज पर रोक लगाने और वहां दर्शन-पूजन का अधिकार देने संबंधी एक वाद मंगलवार को सिविल जज (जूनियर डिवीजन) आकाश वर्मा की कोर्ट में दाखिल हुआ है। यह वाद गायघाट निवासी अतुल कुल समेत 5 लोगों की ओर से दायर हुआ है। वाद में सादिक अली, जमाल व मुन्ना को प्रतिवादी बनाते हुए वादियों ने अदालत से प्रार्थना की है कि मुकदमे के दौरान प्रतिवादीगण का धरहरा मस्जिद में प्रवेश निषिद्ध किया जाय। अदालत ने इस प्रार्थनापत्र को प्रकीर्ण वाद के रूप में दर्ज करते हुए सुनवाई के लिए चार जुलाई की तिथि तय की है। अतुल कुल आदि की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने दाखिल वाद में कहा है कि कई हजार वर्ष से पंचगंगा घाट स्थित प्राचीन बिंदु माधव मंदिर माधवराव का धरहरा मस्जिद के नाम से भी जाना जाता है। यहां भगवान विष्णु का मंदिर स्थापित था। उसमें हिंदू पूजा-पाठ, दर्शन व आरती करते थे। माना जाता है कि 17वीं शताब्दी में इस मस्जिद का निर्माण कराया गया था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि बिंदू माधव मंदिर को गिराकर इस मस्जिद का निर्माण कराया गया था। वाराणसी गजेटीयर नाम की किताब का हवाला देते हुए याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि पंचगंगा घाट के ऊपर विष्णु भगवान का बिंदु माधव मंदिर मौजूद था।

# अलीगढ़ : प्रोफेसर को कैंपस में नामाज पढ़ना पड़ा भारी, कॉलेज प्रशासन ने अनिवार्य छुट्टी पर भेजा

अलीगढ़। अलीगढ़ की श्री वार्ष्णेय यूनिवर्सिटी कैंपस में नमाज अदा करने वाले विधि विभाग के प्रोफेसर एसआर खालिद को 1 महीने की अनिवार्य छुट्टी पर भेज दिया गया है। बता दें कि प्रोफेसर का कॉलेज के अंदर नमाज पढ़ते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसका हिंदू संगठनों ने एतराज जताया। इसके अलावा, डीएस डिग्री कॉलेज के छात्र नेताओं की ओर से प्रो. एसआर खालिद के खिलाफ क्वार्सी थाने में तहरीर दी गई है। साथ ही उन्होंने ऐलान किया है कि कार्रवाई न होने तक शहर के सभी थानों में तहरीर देने का



सिलसिला जारी रहेगा। कॉलेज के प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर पर अनुशासनहीनता और सार्वजनिक स्थान पर नमाज पढ़कर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस स्टेशन में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। वहीं, हिंदू नेताओं की शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने इस मामले में कॉलेज प्रशासन से भी जानकारी मांगी है।

इससे पहले, इस केस में श्री वार्ष्णेय कॉलेज प्रशासन की ओर से रविवार को ही जांच बैठा दी गई थी। दरअसल, प्रोफेसर का नमाज अदा करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

इसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया। एसवी प्रशासन ने बताया थी कि मामले में जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### प्रोफेसर पर तुरंत कानूनी कार्रवाई : छात्र नेता

छात्र नेता दीपक शर्मा आजाद ने कहा कि प्रोफेसर पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज देना चाहिए, जिससे की कॉलेज और शहर का शांति सौहार्द खराब न हो सके। अन्यथा की स्थिति में शहर का राष्ट्रवादी छात्र कॉलेज परिसर में हनुमान चालीसा पढ़ने को बाध्य होगा। साथ ही कहा कि प्रोफेसर के खिलाफ तहरीर देना का सिलसिला जारी रहेगा।

# औरैया में थाना परिसर में महिला की पिटाई

## मारपीट का वीडियो वायरल होने पर एक्शन में आई पुलिस

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में एक सूदखोर ने महिला की जमकर पिटाई कर दी।

दरअसल, दिबियापुर थाने में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सूदखोर की शिकायत करने आईं महिलाओं को परिसर में सूदखोर ने रोक लिया और गालीगलौज करते हुए लात-घूसों और चप्पलों से पीटा।

साथ ही महिलाओं से अभद्रता की। पुलिस थाने से नदारद रही। इसका वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हिन्दुस्तान ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। महिला



की तहरीर पर सूदखोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है ।

इस मामले में सीओ सिटी सुरेंद्र नाथ ने बताया कि कलक्ट्री रोड की गीता ने अनूप से 5000 रुपये लिए। गीता ने 3500 रुपये लौटा दिए थे। बाकी रुपयों के लिए दोनों में बहस हुई थी। अनूप गीता से रुपये देने का दबाव बना रहा था। महिला का कहना था कि उसकी तबीयत खराब हो गई थी इसलिए रुपये नहीं लौटा सकी थी।

इसी बात को लेकर दोनों पक्ष थाने आ गए और मंदिर के पास फिर दोनों में कहासुनी हो गई। इस पर अनूप ने मारपीट कर दी। महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जेल भेजा जाएगा।

थाने में फोर्स कम थी। वीवीआइपी ड्यूटी के लिए दिशा निर्देश देने को सभी पुलिस कर्मियों को एसपी ऑफिस में मीटिंग में बुलाया गया था, इसलिए थाने में कम फोर्स थी।

### मथुरा में हाई राइज बिल्डिंग के फ्लैट में लगी आग : हुक्के की वजह से लगी आग

मथुरा। मथुरा के वृंदावन में देर रात हाई राइज अपार्टमेंट के एक फ्लैट में आग लग गई। आग लगने की घटना को पहले दबाने की कोशिश की गई, लेकिन जब आग बढ़ने लगी तो इसकी सूचना पुलिस और दमकल को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वृंदावन में छटीकरा रोड पर स्थित श्री कृष्णम शरणम् सोसायटी है। यहां मंगलवार की देर रात एक फ्लैट में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर सोसायटी में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को गाड़ी मौके पर पहुंच गई। आग लगने की सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने फ्लैट में लगी आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। इसी बीच मुख्य दमकल अधिकारी प्रमोद शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। श्री कृष्णम शरणम् सोसायटी का फ्लैट नंबर 7 पंजाब के रहने वाले अशोक गुप्ता के नाम है। अशोक गुप्ता ने फ्लैट में टाइल, पुट्टी का काम कराने के लिए लेबर को चाबी दी थी। लेबर ने काम करने के बाद चाबी किसी अपने मिलने वाले को दे दी। उन लोगों ने फ्लैट में जमकर हुक्के से धुएं उड़ाए और बियर पार्टी की। पार्टी करने के बाद जला हुआ हुक्का छोड़कर फ्लैट बंद करके चले गए। जिसके बाद वहां आग लग गई। सीएफओ प्रमोद शर्मा ने बताया आग पर काबू पा लिया गया।

# बरेली एयरपोर्ट पर 400 ग्राम सोना बरामद, दो हिरासत में

एजेंसी

**बरेली।** दुबई से दिल्ली के रास्ते मुंबई जा रहे दो तस्करों को कस्टम अधिकारियों को हिरासत में लिया और उनके कब्जे से पाउडर की शक्ल में 400 ग्राम सोना बरामद किया है। तस्करों से पूछताछ जारी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बुधवार को बताया कि दो तस्कर दुबई से 400 ग्राम सोना पाउडर जूते की तली में छिपाकर दिल्ली ले आए। दिल्ली अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अधिकारियों को गच्चा देते हुए मंगलवार को बरेली तक आ गए। यहां भी मुंबई जाने वाली फ्लाइट में बैठ चुके थे। मगर, अचानक विमान से उतरने पर पुलिस को शक हुआ। सघन तलाशी ली गई तब जूतों से करीब 400 ग्राम सोना पाउडर बरामद हुआ। बुधवार सुबह से दोनों तस्करों से आयकर विभाग और कस्टम अधिकारियों की टीम गहन पूछताछ कर रही है।

उन्होने बताया कि जूते की तली में छिपाकर जिस तरकीब से सोना पाउडर लाया गया, इससे प्रतीत हो रहा कि दोनों पेशेवर तस्कर हैं। पूरे गिरोह की जानकारी जुटाई जा रही है। अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़े होने की भी जानकारी जुटाई जा रही है। थाना इज्जतनगर पुलिस ने आमिर सुहेल (25), निवासी मोहल्ला राहूपुरा थाना टांडा जिला रामपुर, जुनैद (30) निवासी मोहल्ला हाजीपुर थाना टांडा मंगलवार दोपहर मुंबई जाने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचा था। विमान में बैठने के बाद आमिर सुहेल ने अचानक स्टाफ से कहा कि उसके पिता तबीयत खराब हो गई इसलिए हम दोनों मुंबई नहीं जाएंगे। वे एयरपोर्ट से बाहर निकलने वाले रास्ते पर तेजी से चल दिए।

पुलिस के अनुसार, दोनों की गतिविधियां संदिग्ध देखकर रोक लिया। तलाशी में जुनैद के जूतों की तली से सोने के पाउडर बरामद हुआ। आरोपितों ने स्वीकारा कि वे दुबई से सोने का पाउडर लेकर दिल्ली पहुंचे। दुबई से दिल्ली और वाया बरेली से मुंबई सोना पहुंचाने की योजना थी। पुलिस को चकमा देकर रास्ता बदलकर मुंबई पहुंचने के लिए बरेली की फ्लाइट पकड़ी। यहां से मुंबई जाकर फुफेरे भाई आसिम को सोने के पाउडर पहुंचाना था। इसके बिस्किट बनवाकर बेचने का प्लान था। विमान से बैठते समय भाई आसिम का फोन आया कि जिससे सौदा हुआ, उसने इन्कार कर दिया है। डील कैंसिल होने की जानकारी पर तुरंत विमान से उतरना पड़ा।

### ब्याज मुक्त बिजली बिल के भुगतान के लिये एकमुश्त समाधान योजना शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने एक से 30 जून के बीच बिजली बिल के भुगतान के लिए 'एकमुश्त समाधान योजना लागू की है जिसके तहत उपभोक्ता 100 फीसदी ब्याज में छूट के साथ अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। कॉर्पोरेशन ने बुधवार को अपने आधिकारिक कू हैंडल से एक पोस्ट शेयर करते हुए यह जानकारी साझा की है। कू पोस्ट में लिखा, 01.06.2022 से 30.06.2022 तक सभी विद्युत भार के एलएमवी-1 (घरेलू) एवं एलएमवी-5(निजी नलकूप) तथा 5 किलोवाट तक के विद्युत भार के एलएमवी-2 (वाणिज्य श्रेणी) के विद्युत उपभोक्ताओं के बकाए पर लगे विलंबित भुगतान अधिभार में छूट के लिये 'एकमुश्त समाधान योजना' लागू की गई है। गौरतलब है कि एकमुश्त समाधान योजना उन लोगों के लिए बड़ी सौगात साबित होगी, जो किसी कारणवश आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते बिजली का बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं। इनमें खासकर किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों को विशेष राहत मिलने की उम्मीद है, साथ ही बिजली विभाग की अच्छी वसूली भी हो सकती है, जो फ़िलहाल न के बराबर है।

# आवास विकास परिषद में ऐक्शन, 100 अफसरों की सेवा समाप्त; फर्जीवाड़े और भ्रष्टाचार का था आरोप

एजेंसी

लखनऊ। आवास विकास परिषद में संविदा पर कार्यरत करीब 100 अफसरों की सेवाएं मंगलवार को समाप्त कर दी गयीं। इन अधिकारियों को वर्ष 2019 से 2021 के बीच में रिटायर होने के बाद संविदा पर रखा गया था। सचिव आवास डॉ. नीरज शुक्ला ने मंगलवार को इनकी सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया। अचानक सेवाएं समाप्त होने से संविदा पर कार्यरत अधिकारी सकते में पड़ गए।

आवास विकास परिषद में अधिकारियों और इंजीनियरों के पद रिक्त हैं। जिससे आवास विकास का काम प्रभावित था। आवास विकास ने 2019 में परिषद के रिटायर अधिकारियों, इंजीनियरों तथा लेखा विभाग के अफसरों को विभिन्न पदों पर संविदा पर तैनाती दी थी। अच्छे वेतन पर रखा गया था। इंजीनियरों को तकनीकी सलाहकार, तकनीकी विशेषज्ञ, लेखा सलाहकार तथा प्रशासनिक विशेषज्ञ के पद पर तैनात किया था।

#### शिकायतों पर गाज

उच्च स्तर की नाराजगी के बाद मंगलवार को इन्हें हटाया गया। आवास



विकास सूत्रों ने बताया कि सीएम कार्यालय को यहां के कुछ अधिकारियों के बारे में शिकायतें मिली थीं। संविदा पर तैनात कुछ अधिकारी भी फर्जीवाड़े व भ्रष्टाचार में आरोपी रहे हैं। इसी वजह इन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया गया।

#### 45 से ज्यादा पद

उत्तर प्रदेश आवास विकास में 45 प्रतिशत से अधिक पद खाली चल रहे हैं।

इससे परिषद का काम प्रभावित हो रहा था। इसीलिए रिटायर अधिकारियों को संविदा पर रखा गया था। वहीं केवल जेई के 596 पदों में से 170 ही रह गये हैं। जानकारी के अनुसार बाकी रिटायर हो गये हैं।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के तबादले नियम विरुद्ध हो रहे हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से लेकर मिशन निदेशक तक से इसकी शिकायत की है।

जिम्मेदारों को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि मुख्य सचिव द्वारा जारी समूह ग के कार्मिकों का प्रत्येक तीन वर्ष के उपरांत पटल, क्षेत्र परिवर्तन किए जाने के निर्देश का दुरुपयोग किया जा रहा है।

तबादले के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। योगेश उपाध्याय का कहना है कि 13 मई के शासन के आदेश में कार्मिकों के पटल बदले के निर्देश थे। जिसके बाद से मनमाने तरीके से तबादले हो रहे हैं। जिससे कर्मचारी गंभीर से रूप से काफी परेशान हैं।

## शार्ट न्यूज

### पेट्रोल-डीजल के दामों में बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे लगातार 10वें दिन इनके दाम स्थिर रहे।अंतरराष्ट्रीय बाजार में बीते दिन 123.41 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर पहुंच चुके कच्चे तेल में आज गिरावट दर्ज की गयी। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमश: 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने 25 मई को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमश: आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कमश: 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 116.03 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 115.12 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम घटे

नयी दिल्ली। तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को जनता को राहत प्रदान करते हुए वाणिज्यिक तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमत 135 रुपये कम कर दी। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, एलपीजी के 19 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमत घटकर दिल्ली में 2,219 रुपये, कोलकाता में 2,322 रुपये, मुंबई में 2,171 रुपये और चेन्नई में 2,373 रुपये हो गयी है। इससे पहले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 2,354 रुपये, कोलकाता में 2,454 रुपये, मुंबई में 2,306 रुपये और चेन्नई में 2,507 रुपये थी। उल्लेखनीय है कि इससे पिछले महीने वाणिज्यिक सिलेंडर के दामों में दो बार वृद्धि की गयी थी। दामों में एक मई को 102 रुपये और 19 मई को आठ रुपये का इजाफा किया गया था। घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हालांकि कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 2022 में 208 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बेचे 53,726 वाहन

मुंबई। देश में ऑटो क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने मई 2022 में 208 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल 53,726 वाहन बेचे। कंपनी ने इससे एक वर्ष पहले इसी माह में 17,447 वाहन बेचे थे। यूटिलिटी वाहनों की श्रेणी में महिंद्रा ने मई में 26,632 वाहन बेचे। कंपनी ने सवारी वाहनों की श्रेणी में यूटिलिटी वाहन, कार और वैन्स समेत 26,904 वाहन बेचे। इस दौरान कंपनी ने 2,028 वाहनों का निर्यात किया। महिंद्रा ने वाणिज्यिक वाहनों की श्रेणी में मई 2022 में 21,149 वाहनों की बिक्री की है। एमएंडएम के ऑटोमेटिव डिवीजन के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा, मई में 26632 एसयूवी की बिक्री के साथ हमने अपने सभी ब्रांडों के साथ एक्सयूवी 700 और थार सहित अच्छा प्रदर्शन करते हुए विकास की गति को जारी रखा। हम अपनी गाड़ियों के लिए मजबूत बुकिंग देख रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने स्कॉर्पियो-एन को पेश करने की घोषणा की जो बहुत अधिक उत्साह पैदा कर रहा है तथा इसका महिंद्रा की ओर से एक और ब्लॉकबस्टर होने का वादा है। हमारे वाणिज्यिक वाहनों ने भी सभी क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। हम मात्रा को बाधित करने वाले आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित मुद्दों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं और इसके प्रभाव को कम करने के लिए उचित कार्रवाई कर रहे हैं।

### सोना सस्ता चांदी महंगी

मुंबई। वैश्विक बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 163 रुपये प्रति दस ग्राम गिर गया जबकि चांदी में 149 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 0.41 प्रतिशत चढ़कर 1844.59 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं, अमेरिकी सोना वायदा 0.15 प्रतिशत गिरकर 1839.90 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस दौरान चांदी हाजिर 1.74 प्रतिशत की तेजी लेकर 21.87 डॉलर प्रति औंस बोली गयी।देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 163 रुपये उतरकर 50684 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 142 रुपये टूटकर 50685 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। वहीं, इस दौरान चांदी 149 रुपये महंगी होकर 61274 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 155 रुपये चढ़कर 61606 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### 70 प्रतिशत चढ़कर 450 रुपये के पार पहुंच सकते हैं इस फैशन कंपनी के शेयर

नई दिल्ली। अरविंद फैशंस के शेयर करीब 6 महीने से निगेटिव रुझान के साथ रेंज-बाउंड ट्रेड कर रहे हैं। हालांकि, पिछले एक हफ्ते में कंपनी के शेयरों में तेज उछाल आया है, जिसने कई स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट्स का ध्यान खींचा है। आनंद राठी समेत कई ब्रोकरेज हाउस अरविंद फैशंस के शेयरों पर बुलिश हो गए हैं। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि कंपनी के शेयरों में 70 फीसदी तक का उछाल आ सकता है। ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि अरविंद फैशंस के शेयर कंसॉलिडेशन फेज से बाहर आ गए हैं और 265 रुपये के करीब मौजूदा लेवल से कंपनी के शेयरों में उछाल आ सकता है। कंपनी के शेयर 453 रुपये तक जा सकते हैं। घरेलू ब्रोकरेज हाउस आनंद राठी का मानना है कि कंपनी के शेयरों में करीब 70 फीसदी का उछाल आ सकता है। कंपनी के शेयरों ने पिछले एक साल में 77 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है। ब्रोकरेज हाउस आनंद राठी ने अरविंद फैशंस के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। आनंद राठी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, %अरविंद फैशंस ने हमारे एस्टिमेट्स से कहीं आगे FY22 खत्म किया है और कंपनी प्रॉफिटेबल ग्रोथ, वर्किंग कैपिटल ऑप्टिमाइजेशन और बढ़ते कैश फ्लो के ट्रैक पर है। कंपनी मैनेजमेंट का मानना है कि रेवेन्यू ग्रोथ 12-15 फीसदी रहेगी। अरविंद फैशंस के शेयरों ने पिछले 6 महीने में निवेशकों को 6.8 फीसदी का निगेटिव रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले एक महीने में अरविंद फैशंस के शेयरों ने 6.2 फीसदी का निगेटिव रिटर्न दिया है।

### 1 रुपये से कम के इस शेयर से हुई छप्परफाड़ कमाई, 1 लाख का हुआ 53 लाख रुपये; एक साल में निवेशकों की किस्मत बदली

नई दिल्ली। वैश्विक उथल-पुथल और कोरोना के बीच भारतीय शेयर बाजार ने बीते दो साल के दौरान बड़ी संख्या में मल्टीबैगर स्टॉक दिए हैं। इस दौरान स्मॉल कैप, मिड कैप के साथ-साथ कई पेनी स्टॉक ने निवेशकों को मालामाल किया है। BSE में लिस्टेड Cressanda सॉल्यूशन उनमें से एक है। पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयर का भाव 0.61 रुपये से बढ़कर 32.15 रुपये हो गया। यानी इस दौरान कंपनी के स्टॉक ने 5200 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। यह स्टॉक अपने ऑर्डर की वजह से खूब चर्चा में है। कंपनी को 1500 करोड़ रुपये का नया ऑर्डर मिला है। इस एक खबर ने Cressanda सॉल्यूशन के शेयरों को पंख लगा दिया है। इस पेनी स्टॉक में 5 लगातार सत्रों में अपर सर्किट लग गया। अगर पिछले एक महीने के प्रदर्शन पर नजर दौड़ाएं तो कंपनी के एक स्टॉक की कीमत 44.60 रुपये से घटकर 32.15 रुपये लेवल पर आ गई। यानी इस दौरान कंपनी के शेयर में करीब 28 प्रतिशत गिरावट देखने को मिली है। अगर हम साल 2022 के प्रदर्शन की बात करें तो कंपनी के शेयर का भाव 6.79 रुपये से बढ़कर 32.15 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। वहीं, बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के स्टॉक की कीमतों में 700 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। अगर किसी निवेशक इस कंपनी पर एक महीने एक लाख का निवेश किया होगा तो वह आज घटकर 72,000 रुपये हो गया होगा। वहीं, इस साल की शुरुआत में जिस किसी ने इस स्टॉक की पहचान करके एक लाख निवेश किया होगा तो वह आज 4.75 लाख रुपये का रिटर्न पा चुका होगा। ठीक ऐसे है एक साल पहले 1 लाख का निवेश आज बढ़कर 53 लाख रुपये हो गया होगा।

# मई में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ के पार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। देश का सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष मई में पिछले वर्ष की समान अवधि के 97821 करोड़ रुपये के मुकाबले 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 140885 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

वित्त मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई 2022 में कुल 140885 करोड़ रुपये जीएसटी राजस्व संग्रहित किया गया, जो मार्च 2021 के 97821 करोड़ रुपये से 44 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद चौथी बार और इस वर्ष मार्च से लगातार तीसरी बार जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा है।

मई, 2022 में सकल जीएसटी राजस्व 140885 करोड़ रुपये है, जिसमें से सीजीएसटी 25036 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 32001 करोड़ रुपये, वस्तुओं के आयात पर एकत्रित 37469 करोड़ रुपये सहित आईजीएसटी 73345 करोड़ रुपये




और माल के आयात पर एकत्रित 931 करोड़ रुपये सहित उपकर 10502 करोड़ रुपये है। सरकार ने आईजीएसटी से 27924 करोड़ रुपये सीजीएसटी और 23123 करोड़ रुपये एसजीएसटी तय किए हैं। नियमित निपटान के बाद मई 2022 में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 52960 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 55124 करोड़ रुपये है। इसके अलावा केंद्र ने 31 मई को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जीएसटी क्षतिपूर्ति के के लिए 86912 करोड़ की राशि निर्गत की है।

मई में संग्रहित जीएसटी राजस्व वित्त वर्ष के पहले महीने अप्रैल में भरे गए रिटर्न से संबंधित है वहीं अप्रैल के राजस्व संग्रह का संबंध वित्त वर्ष के समापन मार्च में भरे गए रिटर्न से होता है। इसलिए, हमेशा अप्रैल की तुलना में मई में संग्रहित जीएसटी राजस्व संग्रह कम होता है।

हालांकि यह देखना उत्साहजनक है कि मई में भी सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है।

अप्रैल 2022 में कुल 7.4 करोड़ ई-वे बिल सृजित हुए, जो मार्च 2022 में सृजित 7.7 करोड़ ई-वे बिल से चार प्रतिशत कम है।

# दूसरे दिन भी गिरा शेयर बाजार

**बड़ी और मझौली कंपनियों के विपरीत छोटी कंपनियों में लिवाली हुई**

मुंबई। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मारुति, रिलायंस, टीसीएस, इंफोसिस और एलटी समेत 20 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन भी गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 185.24 अंक टूटकर 55381.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 61.80 अंक फिसलकर 16522.75 अंक पर रहा। इस दौरान बड़ी और मझौली कंपनियों के विपरीत छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत उतरकर 23,119.65 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.62 प्रतिशत चढ़कर 26,534.53 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3462 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1487 में बिकवाली जबकि 1844 में लिवाली हुई वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई




में 31 कंपनियां गिरावट पर जबकि शेष 19 तेजी में रही।

बीएसई में 13 समूह गिरे जबकि पांच चढ़े वहीं एक में स्थिरता रही। इस दौरान पावर 1.70, टेक 1.18, हेल्थकेयर 1.16, आईटी 1.04, दूरसंचार 0.63, यूटलिटीज 1.51, तेल एवं गैस 0.58, रियल्टी 1.15, सीडीजीएस 0.33 और एफएमसीजी समूह के शेयर 0.65 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14, हांगकांग का हैंगसेंग 0.56 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.13 प्रतिशत उतर गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.32 और जापान का निक्केई में 0.65 प्रतिशत की बढ़त रही।

कारोबार की शुरुआत में 22 अंक बढकर 55,588.27 अंक पर खुला सेंसेक्स लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 55,791.49 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

उतार-चढ़ाव से गुजरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में बिकवाली के दबाव में यह 55,091.43 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 55,566.41 अंक के मुकाबले 0.33 प्रतिशत गिरकर 55,381.17 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 10 अंक फिसलकर 16,594.40 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 16,649.20 अंक के उच्चतम जबकि 16,438.85 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले सत्र के 16,584.55 अंक की तुलना में 0.37 प्रतिशत कमजोर होकर 16,522.75 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की 20 कंपनियों ने बिकवाली की मार झेली वहीं शेष 10 में तेजी रही। नेस्लेइंडिया सबसे अधिक 2.99 प्रतिशत कमजोर रही वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 1.32 प्रतिशत का लाभ कमाया।

गिरावट पर रहने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में टेक महिंद्रा 2.86, सन फार्मा 2.40, एचसीएल टेक 2.10, इंफोसिस 1.67, भारती एयरटेल 0.80, मारुति 0.41 और रिलायंस 0.06 प्रतिशत शामिल है।

## मारुति सुजुकी ने मई 2022 में 1,61,413 वाहन बेचे

नयी दिल्ली। कार विनिर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने बुधवार को बताया कि कंपनी ने मई 2022 में कुल 1,61,413 वाहनों की बिक्री की है, कंपनी ने पिछले वर्ष मई महीने में 46,555 वाहन बेचे थे।

कोविड महामारी की दूसरी लहर से प्रभावित मई 2021 में कम आधार आर्थिक गतिविधियों में गिरावट को दर्शाता है।

मारुति सुजुकी ने एक बयान में कहा,मई 2022 के बिक्री के आंकड़े मई 2021 के साथ तुलनात्मक नहीं हैं क्योंकि बीते वर्ष इसी माह में कोविड-19 से संबंधित व्यवधानों के कारण कंपनी का परिचालन बड़े स्तर पर प्रभावित हुआ था।

कंपनी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2022 में कंपनी ने घरेलू बाजार में 1,28,000 वाहन और ओईएम के तहत 6,222 वाहन बेचे। इस माह उसने 27,191 वाहनों का निर्यात किया।

मारुति सुजुकी ने छोटी गाड़ियों की श्रेणी में ऑल्टो और एस-प्रेसो की 17,408 इकाई बेची जिसकी संख्या इससे पिछले वित्त वर्ष के समान माह में 4,760 थी।

कंपनी ने कॉम्पैक्ट सेगमेंट में बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर जैसे मॉडल के इस साल मई में कुल 67,947 वाहन बेचे जबकि मई 2021 में इस क्षेणी के 20,343 वाहन बिके थे।

कंपनी ने मई 2022 में अरटिगा, एस-क्रोस, विटारा ब्रिजा और एक्सएल 6 जैसे यूटिलिटि वाहनों की 28,051 इकाई बेची जबकि उसने मई 2021 में 6,355 वाहन बेचे थे।

अधिकांश क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां महामारी पूर्व स्तर पर पहुंच गई हैं, लेकिन ऑटो कंपनियों के सामने उत्पादन को प्रभावित करने वाले कंप्यूटर चिप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की कमी जैसे मुद्दे हैं।

मारुति सुजुकी ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कमी का वाहनों के उत्पादन पर मुख्यत: घरेलू मॉडलों पर मामूली प्रभाव पड़ा। कंपनी ने इस दौरान इसे कम करने के लिए हर संभव उपाय किए।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मई 2022 में बेचे 10,216 वाहन

मुंबई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बुधवार को कहा कि कंपनी ने मई 2022 में 10,216 वाहन बेचे जो इससे पिछले वर्ष के मई माह में बेचे गए वाहनों से बहुत अधिक है।

टीकेएम ने कोविड महामारी की दूसरी लहर से प्रभावित माह मई 2021 में 707 वाहन बेचे थे।

कंपनी ने इस साल जनवरी से मई तक संचयी थोक बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जिससे महीने दर महीने थोक बिक्री कोविड से पूर्व वर्ष 2019 के आंकड़ों की ओर बढ़ रही है।

बिक्री और रणनीतिक विपणन के संयुक्त अध्यक्ष अतुल सूद ने कहा, हमारे सभी मॉडलों के लिए अधिक संख्या में बुकिंग और पूछताछ है जिससे मांग उच्च स्तर पर है। हमारे ग्राहकों से नयी ग्लैंजा को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है क्योंकि ब्रांड में उनका विश्वास है जो हमें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करता है।

## मई 2022 में विनिर्माण क्षेत्र में तेजी जारी, पीएमआई 54.6 अंक पर

नयी दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मई माह में मुद्रास्फीति में उछाल के बावजूद मांग के मजबूत समर्थन से तेज बनी रहीं और वित्तीय माह का निर्माण क्षेत्र संबंधी परचेजिंग मैनेजर्स सूचकांक (पीएमआई) 54.6 अंक के साथ मजबूत बना रहा।

इससे पिछले माह अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 54.7 अंक था। सूचकांक का 50 अंक से ऊपर रहना गतिविधियों में विस्तार का संकेत माना जाता है।

एस एंड पी ग्लोबल द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार मई 2022 में नए माल के ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि की दर अप्रैल माह के बराबर है।

बुधवार को जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मई में खुदरा मुद्रास्फीति 8.5 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बावजूद कंपनियों को नए ऑर्डर मिलते रहें। कंपनियां लागत में बढ़ोतरी के बोझ को अपने ग्राहकों पर डालती रहीं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादों की कुल मांग को अंतरराष्ट्रीय बाजार से प्राप्त ऑर्डर से बल मिला। मई में अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में 11 साल का सबसे अच्छा रिश्ता देखने को मिला। सर्वेक्षण में कहा गया है कि मई के आंकड़ों में निर्यात में अच्छी तेजी झलकती है और इस माह के दौरान निर्यात में विस्तार अप्रैल 2011 के बाद सबसे अधिक दिखा। रिपोर्ट के अनुसार कंपनियों ने मई में नए कारोबार मिलने और मांग में निरंतर सुधार तथा कोविड-19 पर रोकथाम के लिए लगी पाबंदियों के ढीला किया जाने के बाद विनिर्माण गतिविधियों में विस्तार जारी रखा।

रिपोर्ट के अनुसार मई में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का विस्तार जारी रहा लेकिन जनवरी 2020 के बाद से रोजगार के अवसरों में यह सुधार धीमा रहा। एस एंड पी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की अर्थशास्त्री संयुक्त निदेशक पॉलीआना डे लिमा ने कहा कि मई में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत बनी रही इसमें एक आंशिक योगदान अंतरराष्ट्रीय बाजार से ऑर्डर में पिछले 11 महीने के सबसे तेज उछाल का रहा। माह के दौरान कुल नए ऑर्डर में और विस्तार हुआ। मांग को देखते हुए कंपनियों ने माल का स्टॉक बढ़ाने का प्रयास जारी रखा और नए श्रमिकों की भी भर्तियां की।

सुश्री डे लिमा ने कहा कि बावजूद इसके कंपनियों के आत्मविश्वास के सर्वेक्षण में विनिर्माताओं के अंदर कुछ बेचैनी की भावना है।

## मई 2022 में विनिर्माण क्षेत्र में तेजी जारी, पीएमआई 54.6 अंक पर

नयी दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मई माह में मुद्रास्फीति में उछाल के बावजूद मांग के मजबूत समर्थन से तेज बनी रहीं और वित्तीय माह का निर्माण क्षेत्र संबंधी परचेजिंग मैनेजर्स सूचकांक (पीएमआई) 54.6 अंक के साथ मजबूत बना रहा।

इससे पिछले माह अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 54.7 अंक था। सूचकांक का 50 अंक से ऊपर रहना गतिविधियों में विस्तार का संकेत माना जाता है।

एस एंड पी ग्लोबल द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार मई 2022 में नए माल के ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि की दर अप्रैल माह के बराबर है।

बुधवार को जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मई में खुदरा मुद्रास्फीति 8.5 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बावजूद कंपनियों को



नए ऑर्डर मिलते रहें। कंपनियां लागत में बढ़ोतरी के बोझ को अपने ग्राहकों पर डालती रहीं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादों की कुल मांग को अंतरराष्ट्रीय बाजार से प्राप्त ऑर्डर से बल मिला।

मई में अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में 11 साल का सबसे अच्छा रिश्ता देखने को मिला। सर्वेक्षण में कहा गया है कि मई के आंकड़ों में निर्यात में अच्छी तेजी झलकती है और इस माह के दौरान निर्यात में विस्तार अप्रैल 2011 के बाद सबसे अधिक दिखा।

रिपोर्ट के अनुसार कंपनियों ने मई में नए कारोबार मिलने और मांग में निरंतर सुधार तथा कोविड-19 पर रोकथाम के लिए लगी पाबंदियों के ढीला किया जाने के बाद विनिर्माण गतिविधियों में विस्तार जारी रखा।

रिपोर्ट के अनुसार मई में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का विस्तार जारी रहा लेकिन जनवरी 2020 के बाद से रोजगार के अवसरों में यह सुधार धीमा रहा।

एस एंड पी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की अर्थशास्त्री संयुक्त निदेशक पॉलीआना डे लिमा ने कहा कि मई में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत बनी रही इसमें एक आंशिक योगदान अंतरराष्ट्रीय बाजार से ऑर्डर में पिछले 11 महीने के सबसे तेज उछाल का रहा।

माह के दौरान कुल नए ऑर्डर में और विस्तार हुआ। मांग को देखते हुए कंपनियों ने माल का स्टॉक बढ़ाने का प्रयास जारी रखा और नए श्रमिकों की भी भर्तियां की।

डे लिमा ने कहा कि बावजूद इसके कंपनियों के आत्मविश्वास के सर्वेक्षण में विनिर्माताओं के अंदर कुछ बेचैनी की भावना है।

### महंगाई की पिच पर हरी सब्जियों का हाल मुंबई इंडियन से भी बदतर, 10 रुपये में 3 किलो हुआ फुटकर भाव

नई दिल्ली। महंगाई की पिच पर हरी सब्जियां ऐसे धराशायी हो जाएंगी, किसी ने सोचा नहीं होगा। यह ठीक वैसे ही है, जैसे आईपीएल 2022 में कई बार की चैम्पियन रही मुंबई और चेन्नई के साथ हुआ। दोनों चैंम्पियन का प्रदर्शन औसत से भी कम रहा। आज वैसे ही हश्र नेनुआ, भिंडी, तोरई, करेला, लौकी का हो रहा है। चंद महीने पहले तक 60 से 80 रुपये प्रति किलो के भाव से बिकने वाली इन हरी सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट आई है। नेनुआ, भिंडी, तोरई, करेला, लौकी छोटे-छोटे कस्बों के बाजारों में 10 रुपये के 3 किलो मिल रहे हैं। वह भी बिल्कुल ताजी। जबकि, शहरों में अभी भी ये हरी सब्जियां 20 से 30 रुपये किलो बिक रही हैं। दरअसल शादियों के सीजन के चलते हरी सब्जियों की डिमांड कम हो गई है। इसका असर ये है कि किसानों को अपनी सब्जियों की लागत तो छोड़िये, मंडी तक पहुंचाने का किराया भी नहीं निकल रहा है। 31 मई मंगलवार को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के मथौली कस्बे में नेनुआ, भिंडी, तोरई, करेला, लौकी 10 रुपये में 3 किलो के भाव से बिक रहे थे। वहीं, परवल 30 रुपये और टमाटर 80 रुपये किलो था। अगर सरकारी आंकड़ों की बात करें तो पिछले एक महीने में टमाटर का खुदरा औसत भाव 69.72 प्रतिशत उछलकर 31.67 रुपये से 53.75 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं प्याज 0.67 फीसद सस्ता हुआ है। उपभोक्ता मंत्रालय की वेबसाइट पर दिए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक प्याज 23.91 रुपये के औसत भाव से 23.75 रुपये पर आ गया है। शादी समारोहों में आलू की मांग को देखते हुए यह एक महीने में 13.94 फीसद चढ़कर 21.30 रुपये से 24.27 रुपये पर पहुंच गया है।

### टाटा ग्रुप के इस शेयर ने एक हफ्ते में ही राकेश झुनझुनवाला को कराई 720 करोड़ रुपये की कमाई

नई दिल्ली। पिछले दिनों भारतीय शेयर बाजार में अच्छी तेजी आई है। इस तेजी से कई क्वॉलिटी स्टॉक्स में तेज उछाल देखने को मिला है। टाटा ग्रुप का टाइटन कंपनी के शेयर उनमें से एक है। टाइटन में दिग्गज इनवेस्टर राकेश झुनझुनवाला की बड़ी हिस्सेदारी है। पिछले 5 ट्रेडिंग सेशंस में टाइटन कंपनी के शेयर 2134 रुपये से बढ़कर 2295 रुपये पर पहुंच गए हैं। टाइटन के शेयरों में आई तेजी से राकेश झुनझुनवाला को इस पीरियड में करीब 720 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। पिछले 5 ट्रेडिंग सेशन में टाइटन कंपनी के शेयरों में 160.50 रुपये या 7.5 फीसदी की तेजी आई है। पिछले कुछ सालों में टाइटन के शेयरों ने जबरदस्त रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों ने 80,000 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न निवेशकों को दिया है। पिछले एक साल में टाइटन के शेयरों ने 39 फीसदी का रिटर्न लोगों को दिया है। वहीं, पिछले 5 साल में टाइटन के शेयरों में निवेशकों को 370 फीसदी के करीब रिटर्न मिला है। दिग्गज इनवेस्टर राकेश झुनझुनवाला के पास टाइटन के 3,53,10,395 शेयर या 3.98 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन कंपनी के 95,40,575 शेयर या 1.07 फीसदी हिस्सेदारी है। यानी, झुनझुनवाला फैमिली के पास टाइटन के 4,48,50,970 शेयर या 5.05 फीसदी हिस्सेदारी है। टाइटन के शेयरों में 160.70 रुपये का उछाल आने से एक हफ्ते में राकेश झुनझुनवाला को करीब 720 करोड़ रुपये की कमाई हुई है।

# रिलायंस ने इटली की प्लास्टिक लेग्नो एसपीए के खिलौना कारोबार में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उद्योगपति मुकेश अंबानी की विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहयोगी इकाई रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड (आरबीएल) ने खिलौना बाजार में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के उद्देश्य से इटली की प्लास्टिक लेग्नो एसपीए के भारतीय खिलौना निर्माण कारोबार में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।

इसके लिए दोनों कंपनियों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। आरबीएल का यह निवेश कंपनी के खिलौना व्यवसाय को और मजबूती देगा। आरबीएल, रिलायंस रिटेल वेंचर्स की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। आरबीएल की खिलौना उद्योग में मजबूत पैठ है। उसके पोर्टफोलियो में हैमलीज और घरेलू खिलौना ब्रांड - रोवन शामिल हैं। हैमलीज के पास वर्तमान में 15 देशों में 213 स्टोर हैं। भारत में यह खिलौनों के स्टोर की सबसे बड़ी चेन है।

आरबीएल के प्रवक्ता ने बुधवार को जारी बयान में कहा, यह सौदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मानिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। विश्व स्तरीय खिलौना निर्माण में प्लास्टिक लेग्नो को गहरे अनुभव के साथ, वैश्विक खिलौना खुदरा उद्योग में हमारे मजबूत पैर जमाने से भारत में निर्मित खिलौनों के लिए नए दरवाजे खुलेंगे। इससे न केवल घरेलू खपत के लिए बल्कि अंतर्राष्टीय बाजारों के लिए देश में एक मजबूत खिलौना निर्माण का इको सिस्टम तैयार होगा।

प्लास्टिक लेग्नो एसपीए की पैतृक कंपनी सनिनो समूह की अध्यक्ष पाओलो सुनिनो ने कहा, हम इस संयुक्त उद्यम में भागीदार के रूप में आरबीएल को पाकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि खिलौनों के उत्पादन में प्लास्टिक लेग्नो का अनुभव और हैमलीज की व्यावसायिक पहुंच संयुक्त उद्यम कंपनी को अधिक से अधिक ऊंचाइयों और सफलताओं को हासिल करने में सक्षम बनाएगा। हमारे पास भारत के लिए महत्वपूर्ण विकास योजनाएं हैं। हम भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हैं लेकिन जब आरबीएल जैसा समूह साथ है तो हमें यकीन होता है कि हम साथ मिलकर कुछ बड़ा कर सकते हैं।

## शार्ट न्यूज

### द्विपक्षीय टी20 सीरीज़ के बजाय फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट को मिले तरजीह : रवि शास्त्री

मुम्बई। जून महीने में अगले पांच वर्षों के लिए आईपीएल के मीडिया और प्रसारण अधिकार के लिए बोली लगने वाली है। क्या आईपीएल अधिक मैचों और अधिक मैच के दिनों के साथ और भी बड़ा हो सकता है? यह संभावनाओं से परे नहीं है। हालांकि इससे अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के और सीमित हो जाने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री मानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टी20 क्रिकेट को सिर्फ़ विश्व कप के दौरान ही खेला जाना चाहिए। क्रिकइंफ़ो के रनऑर्डर कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ने कहा, %हां, बिल्कुल। टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक द्विपक्षीय सीरीज़ खेली जा रही हैं। जब मैं भारतीय टीम का कोच था उस दौरान भी मैंने यह बात कही थी। मैं इसे अपनी नज़रों के सामने घटित होता देख सकता हूं। यह फ़ुटबॉल की तरह हो सकता है, जब टी20 क्रिकेट सिर्फ़ विश्व कप के दौरान खेला जाए। द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को भला कौन याद रखता है? शास्त्री ने आगे कहा, मुझे विश्व कप को छोड़कर, भारत के कोच के रूप में पिछले छह-सात वर्षों में एक भी खेल याद नहीं है। जो टीम विश्व कप जीतती है, वे इसे याद रखेंगे। दुर्भाग्य से, हम नहीं जीत पाए इसलिए मुझे वह भी याद नहीं है। मैं क्या कहना चाह रहा हूं? आप दुनिया भर में फ़्रैंचाइज़ी क्रिकेट खेलते हैं, प्रत्येक देश को अपना फ़्रैंचाइज़ी क्रिकेट रखने की अनुमति है, जो कि उनका घरेलू क्रिकेट है, और फिर हर दो साल में, आप आएं और वर्ल्ड कप खेलें। आईपीएल 2022 की समाप्ति के बाद रविवार रात को आईपीएल के भविष्य को लेकर चर्चा हो रही थी, जिसमें भाग लेते हुए डेनियल वेटोरी, इयन बिशप और आकाश चोपड़ा ने इस पर सहमति जताई कि आईपीएल को और बड़ा होना चाहिए। क्या हर साल दो बार इसका आयोजन किया जा सकता है? क्या यह दुनिया भर के कुछ अन्य खेल लीगों की तर्ज पर छह महीने की लीग बन सकती है? शायद। क्या यह द्विपक्षीय टी20 क्रिकेट को बेमानी बना देगा? संभवतः।

### फुटबॉल विश्व कप के लिए दुबई और दोहा के बीच मैच डे शटल फ्लाइट्स की घोषणा

नई दिल्ली। दुबई की एयरलाइंस फ्लाईदुबई ने कतर में होने वाले आगामी फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए दुबई और दोहा के बीच मैच डे शटल फ्लाइट्स की बुधवार को घोषणा की। अब इन फ्लाइट्स के लिए टिकट की बुकिंग फ्लाईदुबई की वेबसाइट से कराई जा सकती है। फ्लाईदुबई ने कतर एयरवेज और दूसरी साझीदार विमानन कंपनी जीसीसी नेशनल कैरियर्स के साथ साझेदारी में फुटबॉल मैच वाले दिन शटल फ्लाइट्स की पेशकश की है। इससे फुटबॉल के फैंस को सऊदी अरब में अलग-अलग जगहों पर होने वाले फुटबॉल मैच देखने के लिए कई सुविधाजनक विकल्प मिलेंगे। ये फुटबॉल टूर्नामेंट 21 नवंबर से 18 दिसंबर 2022 के बीच आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की अवधि में फ्लाईदुबई रोजाना दुबई से दोहा के बीच 30 फ्लाइट्स तक की पेशकश करेगा। इससे यात्रियों को अपनी फ्लाइट्स चुनने की ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिलेगी। इस सर्विस मैच के टिकट धारकों को आसानी और बड़े आराम से दुबई से मैच देखने किसी भी डेस्टिनेशन पर जाने की इजाजत मिलेगी। वह वहां के माहौल में अपने आपको एडजस्ट कर सकेंगे। दोहा में फुटबॉल मैच का मजा उठाने के बाद उसी दिन दुबई लौट सकेंगे। रिटर्न मैच डे शटल फ्लाइट्स की इकोनॉमी क्लास में टिकटों की बुकिंग 258 अमेरिकी डॉलर से उपलब्ध होगी। बिजनेस क्लास के लिए फ्लाइट्स की टिकट 998 अमेरिकी डॉलर में उपलब्ध कराई जा सकेगी। यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा का अनुभव कराने के लिए इन किरायों में उन्हें हैंड बैग अलाउंस, बोर्डिंग पर स्नैक्स और दोहा एयरपोर्ट से फुटबॉल के बीच यातायात के साधनों की सुविधा मिलेगी।

### रणजी के क्वार्टरफ़ाइनल में कर्नाटक के लिए नहीं खेलेंगे प्रसिद्ध कृष्णा

बेंगलुरु। छह जून से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफ़ी क्वार्टरफ़ाइनल में तेज़ गेंदबाज़ प्रसिद्ध कृष्णा कर्नाटक की टीम का हिस्सा नहीं होंगे। प्रसिद्ध का चयन इंग्लैंड दौरे पर खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए हुआ है जो कि पिछले वर्ष कोरोना के कारण नहीं खेला गया था। लिहाज़ा जून के दूसरे हफ़्ते में प्रसिद्ध टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड के लिए रवाना होने वाले हैं। हालांकि कर्नाटक की टीम ने अपने दल की घोषणा कर दी है, जिसमें मयंक अग्रवाल की वापसी हुई है। मयंक अग्रवाल को 2018 में टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू करने के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम से बाहर किया गया है। कर्नाटक की टीम में देवदत्त पडिक्कल और करुण नायर के अलावा मनीष पांडे भी होंगे जो कि टीम की अगुवाई करेंगे। चूंकि केएल राहुल नौ जून से साउथ अफ़्रीका के ख़िलाफ़ शुरु होने वाली टी20 सीरीज़ में भारतीय टीम का नेतृत्व करने वाले हैं इसलिए वह भी कर्नाटक के लिए अनुपलब्ध रहेंगे। कर्नाटक के पास तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण काफ़ी अनुभवहीन नज़र आ रहा है। दल में सबसे अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ रोनित मोरे को 30 फ़र्स्ट क्लास मुक़ाबलों का अनुभव है। जबकि वी कौशिक, वी विजयकुमार, एम वेंकटेश और वी कवेरप्पा को चार-चार फ़र्स्ट क्लास मुक़ाबलों का ही अनुभव है। हालांकि इसके बनिस्बत कर्नाटका की स्पिन गेंदबाज़ी मज़बूत प्रतीत हो रही है। दल में लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल और कृष्णप्पा गौतम व जगदीश सुचित जैसे हरफ़नमौला खिलाड़ी मौजूद हैं।

### कोरोना से संक्रमित हुए ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्र्यू मैकडोनाल्ड

मेलबॉर्न। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्र्यू मैकडोनाल्ड कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं, जिस वजह से वह श्रीलंका दौरे के पहले हफ़्ते तक टीम के साथ मौजूद नहीं रहेंगे। ऑस्ट्रेलियाई दल के साथ जुड़ने से पहले मैकडोनाल्ड सात दिन की आईसोलेशन अवधि को पूरा करेंगे। उनके आठ जून को होने वाले दूसरे टी20 से पहले टीम के साथ जुड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। दौरे के शुरुआती दिनों में टीम के सहायक कोच माइकल डि वेनिटो उनका कार्यभार संभालेंगे। स्पिन कोच एस श्रीराम और क्लिंट मकॉए भी टी20 और वनडे सीरीज़ में कोचिंग स्टाफ़ का हिस्सा हैं। श्रीलंका दौरा मैकडोनाल्ड के लिए ऑस्ट्रेलिया का पूर्णकालिक कोच नियुक्त होने के बाद पहला दौरा है। जस्टिन लैंगर की विदाई के बाद वह बतौर अंतरिम कोच ऑस्ट्रेलियाई दल के साथ जुड़े थे, जिसके बाद वह राष्ट्रीय दल के साथ पाकिस्तान के दौरे पर गए थे। नवनियुक्त सहायक कोच डेनियल वेटोरी और आंद्रे बोरोवेच टेस्ट सीरीज़ के दौरान मैकडोनाल्ड के साथ काम करेंगे। बोरोवेच ऑस्ट्रेलिया ए को भी इसी दौरे पर कोच करेंगे। जिसमें दो वनडे और दो चार दिवसीय मुक़ाबले शामिल हैं। श्रीलंका के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ की शुरुआत सात जून को कोलंबो में होगी। जहां लगातार दो टी20 मुक़ाबले खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई दल गुरुवार को कोलंबो में एकत्रित होने वाला है।

### 2024 टी20 विश्व कप के लिए जून में होगा क्वालीफ़ाइंग पाथवे का आगाज़

दुबई। 2024 में अमेरिका व वेस्टइंडीज़ में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप के संबंध में आईसीसी ने प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। जून महीने में यूरोप से इस विश्व कप के लिए पहला क्वालीफ़ाइंग इवेंट आयोजित किया जाएगा। क़रीब दो वर्षों तक चलने वाली इस प्रवेश प्रक्रिया में कुल छह महाद्वीपों की टीमें आठ स्थानों के लिए भिड़ेंगी। कुल 20 टीमें उस विश्व कप का हिस्सा होंगी। इनमें 12 टीमों को स्वत: प्रवेश मिल जाएगा जबकि आठ स्थानों को क्वालीफ़ायर मुक़ाबलों के ज़रिए भरा जाएगा। इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप में टॉप आठ टीमों के साथ-साथ मेज़बान वेस्टइंडीज़ और अमेरिका को विश्व कप का टिकट दे दिया जाएगा। जबकि इस वर्ष 14 नवंबर 2022 तक आईसीसी टी20 रैंकिंग में अगले दो पायदान पर रहने वालीं टीमों को 2024 के विश्व कप में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। यदि वेस्टइंडीज़ की टीम इस विश्व कप में शीर्ष आठ टीमों में समाप्त करती है तब निर्धारित अवधि में रैंकिंग के लिहाज़ से अगली तीन टीमों को 2024 विश्व कप के लिए सीधा प्रवेश दिया जाएगा।

# जोकोविच पर मैराथन जीत से नडाल 15वीं बार सेमीफाइनल में

एजेंसी

पेरिस। स्पेन के राफेल नडाल ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में चल रहे फ्रेंच ओपन में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी सर्बिया के नोवाक जोकोविच को क्वार्टरफाइनल में हराते हुए अपने 15वें सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। फिलिप चेट्रीर कोर्ट में बुधवार देर रात को चार घंटे 12 मिनट चले मुकाबले में नडाल ने जोकोविच को 6-2, 4-6, 6-2, 7-6 (4) से मात दी।

मैच में नडाल एक सेट और डबल ब्रेक से आगे चल रहे थे। जोकोविच ने वापसी करते हुए दूसरा सेट अपने नाम किया, लेकिन विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नडाल ने तीसरे और चौथे सेट में अपना वर्चस्व दिखाते हुए उन्हें मात दे दी। नडाल ने तीसरा और चौथा सेट 6-2, 7-6(4) से जीता।

मैच के पहले सेट में नडाल और जोकोविच दोनों ने ही अच्छी शुरुआत की लेकिन नडाल ने लंबी रैलियों में संयम दिखाते हुए इसे 6-2 से जीता। नडाल ने 10 मिनट के ओपनिंग गेम में सर्व शुरू करते हुए पहला पॉइंट हासिल किया, फिर दो लगातार ब्रेक पॉइंट बचाते हुए बढ़त को 3-1 कर लिया। 6-2 पर खत्म हुए सेट की स्कोरलाइन भले ही एकतरफ़ा रही हो लेकिन सभी रैलियों में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी जान झोंक दी।

दूसरे सेट में जोकोविच ने दोहरे ब्रेक डाउन से वापसी करते हुए रोमांचक सेट में आखिरी सात में से छह सेट गेम जीते। जोकोविच ने इस सेट को जीतते हुए नडाल को 6-4 से शिकस्त दी। शुरुआती सेट की तरह ही, नडाल ने दूसरे सेट की शुरुआत भी ओपनिंग गेम में सर्विस के महत्वपूर्ण ब्रेक के साथ की। जोकोविच के 13 मिनट से अधिक समय तक बचे रहने के बाद, नडाल ने मैच पर नियंत्रण पाने के लिए खेल का अपना सातवां ब्रेक पॉइंट लिया। नडाल के 3-0 की बढ़त हासिल करने के बाद जोकोविच ने गियर बदला और नडाल की गलतियों का फायदा उठाते हुए मैच को 3-3 पर ला खड़ा किया। अंततः जोकोविच ने अंतिम सात गेम में से छह जीतते हुए यह सेट 6-4 से अपने नाम किया।

नडाल ने तीसरे सेट की शुरुआत भी ब्रेक से करते हुए जोकोविच पर दबाव बनाया। 3-1 पर पहुंचने के लिये नडाल ने ब्रेक पॉइंट के लिये संघर्ष किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने मैच को अपने शिकंजे में कस कर उसे तेज़ी से समाप्त कर दिया। चौथा सेट रोमांचक भिड़ंत के बाद टाई ब्रेक तक गया। नडाल ने टाइब्रेक को 7-4 से जीतते हुए इस सेट में भी जोकोविच को शिकस्त दी और सेमीफाइनल में कदम रखा।

चार घंटे से ज़्यादा चले मुकाबले में जीत के बाद नडाल का सेमीफाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज़्वेरेव से मुकाबला होगा जो नडाल के हमवतन कार्लोस एल्काराज़ को क्वार्टरफाइनल में हराकर इस स्टेज तक आये हैं। ज़्वेरेव ने एल्काराज़ को तीन घंटे 18 मिनट चले मुक़ाबले में 6-4, 6-4, 4-6, 7-6(7) से शिकस्त दी।

हार के बाद जोकोविच ने कहा, महत्वपूर्ण क्षणों में वह बेहतर खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने दिखाया कि वह एक चैम्पियन क्यों हैं। वहां मानसिक रूप से मज़बूत रहना और मैच को इस तरह ख़त्म करना तारीफ के काबिल है। उन्हें और उनकी टीम को बधाई, कोई शक नहीं कि वह इसके हक़दार हैं।

नडाल ने कहा, यह रात मेरे लिये बहुत भावुक करने वाली रही है। मैं इस तरह के मुकाबलों के लिये ही अब तक टेनिस खेल रहा हूं। उन्होंने कहा, यह सिर्फ़ एक क्वार्टरफाइनल मैच है। मैं अभी कुछ जीता नहीं हूं। मैंने सिर्फ अपने आप को दो दिन बाद कोर्ट पर लौटने का मौक़ा दिया है। रौलां गैरो में एक और सेमीफाइनल खेलना मेरे लिये बहुत मायने रखता है।



# जापान को हराकर भारत ने एशिया कप में जीता कांस्य

जकार्ता। भारतीय हॉकी टीम ने हीरो एशिया कप के कांस्य पदक मुकाबले में जापान को बुधवार को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के जीबीके एरिना में हुए इस मुकाबले में भारत ने राजकुमार पाल के गोल की बदौलत जापान को शिकस्त दी।

राजकुमार ने पहले ही क्वार्टर में मैच का इकलौता गोल कर भारत को बढ़त दिला दी थी। इसके अलावा जापान को सात पेनल्टी कॉर्नर और भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन कोई भी टीम इन्हें गोल में तब्दील नहीं कर सकी।

भारत ने 11 बार जबकि चीन ने 10 बार विरोधी टीम के सर्किल को भेदने में सफलता हासिल की। मैच के अंतिम मिनट में भारत ने सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए भी एशिया कप का अपना दूसरा कांस्य पदक जीत लिया। भारत और जापान के बीच ग्रुप स्टेज के मुकाबले में जापान ने 5-2 से जीत हासिल की थी, लेकिन बिरेंद्र लाकड़ा की टीम ने पिछले मैच को पीछे छोड़ते हुए पहले क्वार्टर की ज़ोरदार शुरुआत की। भारत के लिये मंजीत ने बाएं फ्लैंक से हमला करते हुए पहला गोल करने की कोशिश की लेकिन जापान ने जैसे-तैसे अपना बचाव किया।

इसके जवाब में जापान ने दबाव बनाने की कोशिश करते हुए दो बार भारतीय सर्किल को भेदा, लेकिन टीम डिफेंस ने दोनों बार मोर्चा संभाले रखा। अंततः कांस्य पदक मुकाबले के नौवें मिनट में राजकुमार पाल ने गोल करते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलायी।

जापान ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में गेंद को अपने पास रखने की कोशिश की।

# हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय टीम को फिटनेस और श्रीजेश जैसे गोलकीपर की ज़रूरत: दिलीप टिर्की

**भुवनेश्वर।** भारतीय हॉकी टीम के एशिया कप में ज्यादातर जूनियर खिलाड़ियों को उतारने के बावजूद जापान को हराकर कांस्य पदक जीतने के प्रदर्शन की पूर्व कप्तान और प्रख्यात खिलाड़ी दिलीप टिर्की भी प्रशंसा करते नजर आए। दिलीप टिर्की की मानें तो एशिया कप में खेलने वाली टीम काफी युवा है और सभी खिलाड़ियों ने अटैकिंग खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन टीम में थोड़े अनुभव की ज़रूरत है।

वहीं, आने वाले विश्व कप और कॉमनवेल्थ गेम्स के बारे में दिलीप का मानना है कि हमें फ्लिकर पर ज़ोर देना होगा क्योंकि संदीप सिंह और योगराज के जाने के बाद हमारे पास फ्लिकर्स की कमी हो गई थी। इस बार धुपेंद्र पाल ने अच्छा खेला। आज हमारे पास डिफेंस भी अच्छा है। हमें फिर से 40 साल पुरानी टीम देखने को मिल रही है



और ऐसे में टीम को मेंटल और फिजिकल फिटनेस को बरकरार रखना है।

दरअसल, एशिया कप और भारतीय हॉकी पर विश्लेषण करने के लिए देश के पहले बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म, कू ऐप ने 'हॉकी का महामंच' सजाया, जिसमें पूर्व भारतीय खिलाड़ी दिलीप टिर्की अपनी राय देते नजर आए।


भारतीय कोचिंग के बारे में टिर्की ने टीम को सफल बनाने और नए तरीके से खड़ा करने और फिटनेस के लिए डेविड जॉन की सरहाना की। टिर्की की मानें तो 2011-12 के बाद कई कोच आए पर डेविड जॉन ने टीम को एक नए मुकाम पर पहुंचाने में बहुत मदद की। अब सरदार सिंह को टीम की कोचिंग की ज़िम्मेदारी मिली है और यह उनका टूर है। ऐसे में सरदार ने अच्छी कोचिंग की। उम्मीद और शुभकामनाए हैं कि वह ज्यादा से ज़्यादा रिसर्च कर एक बेहतरीन कोच बनकर सामने आएंगे।

दिलीप ने भविष्य में होने वाले बड़े टूर्नामेंट के लिए गोलकीपर श्रीजेश की फिटनेस पर चिंता जताते हुए कहा कि हम श्रीजेश को बड़े और अहम मुकाबलों में खेलते देखना चाहते हैं। आज हमें ऐसे गोलकीपर की अवश्यकता है। भविष्य के लिए हमें और भी ऐसे गोलकीपर तैयार करने होंगे। वहीं, भारतीय हॉकी में हाल में आ रहे बदलाव के लिए उन्होंने ओडिशा सरकार को धन्यवाद दिया और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की सराहना की। दिलीप टिर्की ने कहा कि ओडिशा सरकार ने भारतीय हॉकी को पूरी तरह से बदल दिया है। आज हॉकी के लिए सुविधाओं पर गौर किया जा रहा है, साथ ही अधिक मैच कराए जा रहे हैं, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ रहा है।

खासतौर पर ओडिशा में लोगों में हॉकी को लेकर खूब जोश आ गया है। आज जिस तरीके से लोग ओडिशा में मैच देखने मैदानों में आते है वैसा जोश दुनिया के किसी कोने में नहीं है। हमें भी गर्व होता है कि हम हॉकी खिलाड़ी हैं। भुवनेश्वर और कलिंगा के मैदान पर आज पूरे विश्व के खिलाड़ी मैच खेलना चाहते हैं। वहीं, ओडिशा में दुनिया का सबसे अच्छा स्टेडियम बनने जा रहा है, जिससे ना केवल भारत बल्कि पूरे विश्व की हॉकी में बदलाव आया है।

# 'न्याय नहीं दे सकते तो भारत भेज दो', लाहौर हाई कोर्ट से बोली पाकिस्तान की महिला

लाहौर। पाकिस्तान की न्याय प्रक्रिया से तंग आकर एक महिला ने हाईकोर्ट के जज से सीधे शब्दों में कह दिया कि अगर वे उसे न्याय नहीं दे सकते हैं तो भारत भेज दें। पांच मरला की संपत्ति को लेकर तीन दशकों से अधिक समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई से तंग आकर एक महिला ने मंगलवार को लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मुहम्मद अमीर भट्टी से कहा कि न्याय नहीं दे सकते तो आप मुझे भारत भेज दो। बता दें कि पाकिस्तान में किसी एरिया के माप को मरला कहते हैं ठीक वैसे ही जैसे भारत में बीघा बोलते हैं। एक मरला 0.025 बीघा के बराबर होता है।



सैयदा शहनाज नाम की महिला ने मूल रूप से बहावलपुर से कोर्ट की प्रिंसिपल सीट पर अपना केस ट्रांसफर करने के लिए अर्जी दाखिल की थी। शेखूपुरा में एक किराए के घर में रहने वाली आवेदक ने कहा कि अगर वह मामले को आगे बढ़ाने के लिए बहावलपुर गई तो उसकी संपत्ति के अवैध कब्जेदारों के हाथों उसकी जान को खतरा होगा। अपनी आपबीती बताते हुए उसने कहा कि जब जमीन के टुकड़े पर मुकदमा शुरू हुआ तब वह नौ साल की थी और अब वह 45 साल की हो गई है। उसने आरोप लगाया कि क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों ने उसके घर पर कब्जा कर लिया था और वह पिछले 35 सालों से अपने अधिकारों के लिए एक के बाद दर-दर भटक रही है। मुकदमों की अंतहीन फेहरिस्त से निराश होकर शहनाज ने मुख्य न्यायाधीश से उसे भारत भेजने के लिए कहा। महिला ने कहा, मुझे भारतीय अदालतों से न्याय मिल सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने तबादला आवेदन पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर सुनवाई एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

हालांकि, मुख्य न्यायाधीश भट्टी ने आवेदक को याद दिलाया कि अदालत के पास उसे भारत भेजने के वास्ते वीजा जारी करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। पत्रकारों से बात करते हुए शहनाज ने कहा कि उनके पूर्वज भारत से पाकिस्तान चले गए थे। उन्होंने कहा कि जब भी कोई अदालत उनके पक्ष में मामले का फैसला करती है तो कब्जाधारियों ने मुकदमे को आगे बढ़ाने के लिए अगले मंच के समक्ष अपील दायर की है। न्यायिक सक्रियता पैनल (जेएपी) के अध्यक्ष एडवोकेट अजहर सिद्दीकी ने घोषणा की कि वह महिला के मामले को निशुल्क आधार पर लड़ेंगे। वकील ने डॉन को बताया कि यह संपत्ति के निपटान का मामला है क्योंकि महिला के पूर्वजों को वह घर आवंटित किया गया था जब वे जालंधर से पाकिस्तान चले गए थे। उन्होंने कहा कि महिला के पड़ोस में रहने वाले एक परिवार ने फर्जीवाड़ा कर संपत्ति का टाइटल बदलवा लिया। सिद्दीकी ने कहा कि समझौता आयुक्त ने एक निर्णय में घोषणा की कि उत्तरदाताओं ने संपत्ति पर कब्जा करने के लिए महिला के परिवार के साथ धोखाधड़ी की है। लेकिन, उन्होंने कहा, महिला अपने पक्ष में कई फैसले पारित होने के बावजूद अवैध कब्जाधारियों से घर का कब्जा वापस पाने में असमर्थ रही है।

### पाकिस्तान में बदतर हो रहे हालात, तेल आयात करना हो रहा कठिन, कर्ज नहीं दे रहे बैंक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान श्रीलंका की राह पर चल पड़ा है, इसे कहना अभी जल्दीबाजी होगी, लेकिन यह पड़ोसी मुल्क अभी इस कदर नकदी संकट से जूझ रहा है कि उद्योग को कच्चे सामान और तेल उत्पादों के आयात के लिए अंतरराष्ट्रीय ऋण जुटाने में परेशानी आ रही है। अखबार डॉन न्यूज ने अपने सूत्रों के हवाले से बताया कि पेट्रोलियम विभाग ने प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल को सूचित किया है कि तेल आयात का बंदोबस्त करना दिन-ब-दिन मुश्किल हो रहा है, क्योंकि तेल विपणन कंपनियों और रिफाइनरी द्वारा स्थानीय बैंकों के साथ खोले गए साख पत्रों (एलसी) पर विदेशी बैंक कर्ज नहीं दे रहे।

# मेडिकल इमरजेंसी के बाद 48 घंटे से ज्यादा समय तक लंदन में फंसे भारतीय, विशेष फ्लाइट से आएंगे दिल्ली

नई दिल्ली। न्यूयॉर्क से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले भारतीय यात्रियों को रविवार को 48 घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने को मजबूर होना पड़ा। दरअसल एक मेडिकल इमरजेंसी के चलते अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतारा गया। एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा, अमेरिकन एयरलाइंस की उड़ान 292 जो 29 मई को न्यूयॉर्क से रवाना हुई थी, उसे देर रात एक भारतीय यात्री के बीमार होने के बाद लंदन की ओर मोड़ दिया गया।

अधिकारी ने कहा,फ्लाइट फ्रैंकफर्ट के ऊपर से गुजर रही थी और बीमार भारतीय यात्री को तत्काल चिकित्सा उपचार के वास्ते ले जाने के लिए हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरी। यात्रियों को हीथ्रो में उतरने के बाद दो दिनों के लिए वीजा दिया गया और उन्हें होटल में ठहराया गया। हालांकि, वे मंगलवार तक लंदन में ही रहे।

#### यात्रियों ने बताई अलग कहानी

नाम न छापने की शर्त पर दिल्ली के एक यात्री ने कहा, एए 292 को एए 295 में बदल दिया गया था और विमानन नियामक-नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा दिल्ली में उतरने की अनुमति से इनकार कर दिया गया था। इससे फंसे यात्रियों को कुछ गंभीर समस्याएं हुईं। जिनमें से कुछ वृद्ध थे, कुछ गर्भवती थीं, कुछ बीमार थीं और कुछ के पास गुजारा करने के लिए संसाधन नहीं थे। एयरलाइंस के अनुसार, उन्हें लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल रही थी।

#### क्या हैं फ्लाइट उतरने के मानदंड

मानदंडों के अनुसार, एक नॉन शेड्यूल्ड फ्लाइट के लिए डीजीसीए से लैंडिंग अनुमति की आवश्यकता होती है। यात्रियों के अनुसार, एयरलाइन ने उन्हें सूचित किया था कि वे मंगलवार को सुबह 7 बजे उड़ान भरेंगे, लेकिन कई देरी के बाद उड़ान रद्द कर दी गई।

उन्होंने कहा, सुबह 7 बजे प्रस्थान के लिए, चालक दल और सदस्यों को तैयार होने और उड़ान भरने के समय से पहले ड्यूटी पर रिपोर्ट करने की आवश्यकता होती है।

### स्पेन में मंकीपॉक्स के 12 नये मामलों की पुष्टि

मैड्रिड। स्पेन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में मंकीपॉक्स के 12 नये मामलों की पुष्टि की है, इसी के साथ ही यहां इस बीमारी से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 132 हो गयी है। देश में मंकीपॉक्स के नए मामले सामने आने के बाद ब्रिटेन के बाद स्पेन इस बीमारी से सबसे अधिक प्रभावित है। मंत्रालय के अनुसार मैड्रिड क्षेत्र में सबसे अधिक 96 मामले, कैनरी द्वीपसमूह में छह, कैटालोनिया में नौ, बास्क क्षेत्र में तीन अंडलूशिया में चार, स्वायत्त क्षेत्र अरेगोन और गैलिशिया में एक-एक मामला सामने आया है। सभी मरीजों में इस वायरस के मध्यम लक्षण पाए गए है और उन्हें घर पर ही आइसोलेशन में रखा गया है।

### ग्रेट व्हाइट शार्क व मेगालोडन के बीच खाने की जंग में संभवतः हारी मेगालोडन

लंदन। कभी विशाल समुद्र पर राज्य करने वाली दैत्याकार और बहुत ही बड़े दांतों वाली मेगालोडन के विलुप्ति का कारण खोज रहे वैज्ञानिकों के अध्ययन में पता चला है कि प्रागैतिहासिक काल में खाने के लिए ग्रेट व्हाइट शार्क और मेगालोडन के बीच हुई प्रतिद्वंदिता में मेगालोडन पिछड़ गयी और खाने की कमी के चलते विलुप्त हो गयी। बीबीसी ने अध्ययन के हवाले से बताया कि समुद्र के विशालकाय जीवाश्म दांतों के अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि उसे भोजन के लिए शिकारी सफेद शार्क के साथ प्रतिस्पर्धा करनी थी। बीबीसी के अनुसार नवीनतम अध्ययन में अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं ने जीवित और विलुप्त शार्क के दांतों में जिंक आइसोटोप का उपयोग लंबे समय से मृत जानवरों के भोजन को समझने के लिए एक उपकरण के रूप में किया। मेंज में जोहान्स गुटेनबर्ग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थॉमस टुटकेन ने कहा कि यह सबूत है कि महासागरों में जलीय खाद्य संसाधनों पर आधुनिक सफेद और मेगालोडन के बीच प्रतिस्पर्धा होती थी, जब दोनों जीवित थे। यह अध्ययन नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है।

### चीन के हुनान प्रांत में विस्फोट, एक की मौत

बीजिंग। चीन के हुनान प्रांत के चांगशा शहर में एक नूडल रेस्तरां में विस्फोट के बाद आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 13 घायल हो गए। स्थानीय सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह घटना बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकलकर्मी, डॉक्टर और कानून संबंधी अधिकारी तुरंत पहुंचे। सभी पीड़ितों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। विस्फोट के समय काफी संख्या में लोग रेस्तरां के अंदर थे। चीनी रेस्तरां, कैंटीन और छोटे कैफे में सुबह के समय साढ़े पांच बजे से आठ बजे तक नाश्ता का समय होता है। विस्फोट के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। संबंधित अधिकारी जांच कर रहे हैं।

### रूस का सेवेरोदोनेत्स्क शहर के अधिकांश हिस्सों पर कब्जा : यूक्रेन

कीव। लुहांस्क क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही हेयडे ने बुधवार को कहा है कि रूसी सैनिक ने पूर्वी शहर सेवेरोदोनेत्स्क में हमला कर अधिकांश हिस्सों पर नियंत्रण कर लिया है, जिसमें शहर को केन्द्र भी शामिल है। श्री हेयडे ने कहा कि रूस ने मंगलवार को सेवेरोदोनेत्स्क के उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी जिलों में आक्रमण किए और रूसी सैनिक शहर के अधिकांश हिस्सों पर कब्जा कर लिया तथा बुनियादी ढांचे और औद्योगिक सुविधाओं को नष्ट कर रहे है। सीएनएन ने श्री हेयडे के हवाले से कहा कि कल स्थानीय समयानुसार शाम छह बजकर 55 मिनट पर रूस ने हवाई हमले में सेवेरोदोनेत्स्क में केमिकल प्लांट में नाइट्रिक एसिड के टैंक को निशाना बनाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कल न्यूज़मैक्स को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि प्रतिदिन हमारे 60 से 100 सैनिक जान से हाथ धो रहे हैं तथा पूर्व के हिस्से में हालात काफी खराब हैं। हम प्रतिदिन 60 से 100 सैनिकों को खो रहे है और हमले में कम से कम 500 जवान घायल हो रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHI/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# बाइक राइडिंग का रखते हैं शौंक तो बेस्ट हैं ये जगहें!



अगर आप भी काम करते-करते थक गए हैं और बाइंकिग का भी शौंक रखते हैं तो और किसी छोटे वेकेशन की प्लानिंग कर रहे हैं तो निकल जाएं इन शानदार सड़कों के सफर पर। जहां ऊंचे पहाड़, गहरे झरने खूबसूरत हरे-भरे जंगल आपका इंतजार कर रहे हैं। ऐसी जगह खास तौर पर उन लोगों के लिए अच्छी है जो कि बाइक राइडिंग के शौकीन हैं। यहां पर आप कुदरती नजारों, पहाड़ों, झरनों का भी मजा ले सकते हैं। आइए जानते है उन जगहों के बारे में....



### 1. लेह, लद्दाख

चारो तरफ पहाड़ों से घिरे इस रूट पर ड्राइविंग का अपना एक अलग ही मजा आता है। ऊंचे पहाड़ों के बीच से निकलता खारदूंगला रोड, जो दुनिया भर में अपनी ऊंचाई के लिए जाना जाता है पर घूमने का अलग ही मजा है। इसके अलावा यहां का मैग्नेरटिक रोड खासतौर से मशहूर है। यहां पर टूरिस्ट अप्रैल से अगस्त तक बाइक राइडिंग करने के लिए आते हैं।

### 2.स्पीति वैली, हिमाचल

लद्दाख से थोड़ी ही दूर हिमाचल की स्पीति वैली हैं। बाइक से स्पीती वैली तक पहुंचने के लिए काजा, टैबो, स्पीती और पीन वैली जैसी कई खूबसूरत जगहें देखने को मिलती हैं। यहां पर सड़कों के किनारे सेब, खूबानी के पेड़ और सतलुज नदी की खूबसूरती के साथ प्राचीन मंदिरों को भी देख सकते है।

### 3.वालपराई और वाझाचल फॉरेस्ट

बाइक राइडिंग के लिए यह सबसे बेस्ट रूट है। यहां राइडिंग के दौरान घने, हरे-भरे जंगल और कई सारे छोटे-छोटे वाटर फॉल्स का नजारा देखने को मिलता है।।

### 4.गोवा, मुंबई

इंडिया के बिजनेस कैपिटल मुंबई से गोवा तक बाइक से सफर करना भी काफी मजेदार है। अमेरिका के 101 हाइवे से काफी मिलती-जुलती इस सड़क को इंडिया में बेस्ट कोस्टल राइडिंग के लिए जाना जाता है।

### 5.वेस्टर्न, अरुणाचल प्रदेश

हिमालय की ऊंची चोटियों को राइडिंग के वक्त देखना बहुत ही अच्छा एक्सपीरिएंस होता है। हालांकि यहां सड़कों की कमी है जिसके चलते ऊंचे-नीचे पहाड़ी रास्तों से गुजरना होता है। सफर के दौरान बर्फ से ढ़की सड़कें, ट्राइबल कल्चर और उनकी अलग सी लाइफस्टाइल को कैमरे में आसानी से कैद किया जा सकता है।

### 6. जैसलमेर, जयपुर

दोनों तरफ रेगिस्तारन और बीच में हाईवे का सफर में आपको राजस्थानी कल्चर देखने के कई मौके मिलते हैं। इसके साथ ही बीच-बीच में जोधपुर, ओसियां, पोकरन जैसे स्टॉकपेज आते हैं जो आपकी सैर को और भी मजेदार बनाएंगे।



# खूबसूरत कुदरती नज़ारों और बीचों की सैर करनी है तो जाएं अंडमान-निकोबार



**एलीफेंट बीच अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है। छुट्टियों में परिवार के साथ यदि आप भीड़भाड़ से अलग शांति और सूकुन वाली जगह की तलाश में है तो अंडमान-निकोबर बेस्ट जगह है। खूबसूरत कुदरती नज़ारों और साफ समुद्री तटों वाले अंडमान की शांति और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है।**



### साफ-सुंदर बीच

पानी से अटखेलियां करना पसंद है तो अंडमान के बीच आपको बुला रहे हैं। यहां के साफ पानी में आप स्कूबा डाइविंग, स्विमिंग, स्कीइंग, पैरास्लाइडिंग, बनान बोट राइड, अंडर वॉटर वॉकिंग आदि एडवेंचर गेम्स का मजा ले सकते हैं। स्कूब डाइविंग के दौरान समुद्र के नीचे रंग-बिरंगी मछलियों से मिलने का अनुभव यादगार बन जाएगा। यहां के बीच अपनी खूबसूरती और स्वच्छता के लिए मशहूर हैं। बीचों की सफेद और चमकीली रेत पर लेटकर जूस और कोल्ड ड्रिंक का मजा लें। क्योंकि अंडमान अपने बीचों के लिए ही मशहूर है तो कुछ खास बीचों की सैर करना न भूलें।



### एलीफेंट बीच

यह अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है।

### राधानगर बीच

हैवलॉक द्वीप पर स्थित यह बीच भी बहुत मनोरम हैं यहां के दृश्य बेहद सुंदर हैं। अंग्रेजी मैगज़ीन टाइम द्वारा इसे भारत के सबसे अच्छे बीचों में से एर माना गया और पूरी दुनिया का यह सांतवा बेस्ट बीच



है। फोटोशूट के लिए यह बीच एकदम परफेक्ट हैं तो यदि आप अंडमान जाएं तो इस बीच पर फोटो खिंचवाना न भूलें।

### विजयनगर बीच

यह बीच भी अंडमान के बेस्ट बीचों में से एक है जो सैलानियों के बीच बहुत पॉप्युलर है। यहां का पानी बहुत साफ है और वातावरण स्वच्छ और सुंदर। यहां आप स्वीमिंगस बोटिंग, सर्फिंग और फोटोग्राफी का मज़ा ले सकते हैं। अंडमान के बीच फिलहाल अन्य जगहों के बीचों से साफ और सुंदर है, तो आप यदि कुदरत की गोद में सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं तो अगली छुट्टी अंडमान में बिताएं।



### काला पत्थर बीच

यह बीच भी बहुत सुंदर और शांत है। परिवार के साथ सुकून भरे तो पल बिताने वालों के लिए यह परफेक्ट जगह है। यहां की रेत चांदी की तरह चमकती है। इस बीच पर आप सनबाथ का मज़ा ले सकते हैं।

### बेस्ट टाइम


572 छोटे-बड़े द्वीपों से मिलकर बना है अंडमान। यह देश के सबसे आकर्षक टूरिस्ट प्लेसेज में से एक है। सिंतबर से लेकर मार्च तक का समय यहां जाने के लिए सबसे अच्छा है, क्योंकि तब आप यहां की कुदरती खूबसूरती के साथ ही सुहावने मौसम का पूरा मजा ले सकेंगे।

# मलेशिया है बेहद ही खूबसूरत, बिताए गर्मियों की छुट्टियां



**मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कदम रखते ही मुझे लगा कि मैं यूरोप, आस्ट्रेलिया या अमेरिका जैसे किसी विकसित देश की धरती पर खड़ी हूं। क्रोम और शीशे से बना यह हवाई अड्डा विश्व के सबसे आधुनिक हवाई अड्डों में एक है। चमकते हुए ग्रेनाइट के फर्श, नवीनतम तकनीक से लैस सभी सुविधाएं तथा ड्यूटीफ्री सामानों से भरी चमचमाती हुई दुकानें यहां आने वाले हर पर्यटक को सहज ही प्रभावित कर लेती हैं। मुझे लगा कि जब इतने ही दिनों में मलेशिया इतनी तरक्की कर सकता है तो हम क्यों नहीं? पर इस प्रश्न का जवाब सोचने से पहले ही मुझे पता लगा कि क्वालालम्पुर से पिनांग जाना है और वहां पहुंचने के लिए लगभग 40 मिनट की उड़ान फिर भरनी है। अभी भारतीय समय के अनुसार सुबह के पांच बजे थे, पर हवाई अड्डे की घड़ी सुबह साढ़े सात का समय दिखा रही थी यानी मलेशिया व भारत के समय में ढाई घंटे का अंतर था। मैंने स्थानीय समय के अनुसार अपनी घड़ी मिलाई और पिनांग जाने वाले विमान में बैठ गई।**





### सुपारी के पेड़ों वाला द्वीप

मलेशिया पर्यटन विभाग की ओर से गए हम आठ लोग थे जिनका स्वागत बहुत ही गर्मजोशी से पिनांग हवाई अड्डे पर टूर गाइड लेना व एडी ने किया। हवाई अड्डे से अपने होटल मुतियारा बीच रिसोर्ट तक जाते हुए लेना व एडी ने हमें पिनांग के बारे में तमाम जानकारियां दीं। पिनांग की खूबसूरती की एक झलक हमें रास्ते में ही मिल गई। हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा पिनांग एक द्वीप है जिसका आकार एक तैरते हुए कछुए की तरह है। पिनांग की खूबसूरती से प्रभावित होकर ही ब्रिटिश रचनाकार सॉमरसेट मॉम ने लिखा था, यदि किसी ने पिनांग नहीं देखा, तो उसने संसार नहीं देखा। मुझे भी यहां आकर लगा कि मॉम ने कुछ गलत नहीं लिखा है। पूर्वी देशों के सबसे सुंदर शहरों में गिना जाता है पिनांग, जिसका नाम इस द्वीप पर बहुतायत से पाए जाने वाले सुपारी के पेड़ों के कारण पड़ा। मलय भाषा में पिनांग पान की सुपारी को कहते हैं। पूरब का मोती कहा जाने वाला यह द्वीप 1786 में सुदूर पूर्वी देशों में ब्रिटिश राज्य का पहला व्यापारिक केंद्र बना, पर आज यह पूरब और पश्चिम के मिलन का एक आकर्षक बिंदु है। चूंकि विश्व के लगभग सभी देशों से पर्यटक यहां वर्ष भर आते रहते हैं, अतः यहां की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्त्रोत पर्यटन है। पर्यटन संबंधी सुविधाएं यहां बहुत विकसित हैं और कई अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों का विकास भी काफी अच्छा है।

### असर चीनी संस्कृति का

कई वर्षो तक ब्रिटिश शासन के अधीन रहने के कारण यहां की पुरानी इमारतों में ब्रिटिश स्थापत्य की झलक दिखती है। साथ ही चीनी संस्कृति का प्रभाव आज भी यहां के लोगों पर देखा जाता है। लेना व एडी ने चीनियों द्वारा बनाए गए कुआन यिन तेंग, वाट चैया मांगकालाराम तथा अन्य बौद्ध मंदिरों को दिखाते हुए बताया कि पिनांग की राजधानी जॉज टाउन में चीनियों द्वारा बनाए गए ऐसे कई बौद्ध मंदिर हैं, जहां एक विशेष जाति के चीनी लोग विभिन्न त्योहार मनाने के लिए आज भी इकट्ठे होते हैं। इन मंदिरों पर बनी अत्यंत महीन चीनी पेंटिंग व लकड़ी की नक्काशी से सजे पैनल इस देश के कलाकारों की प्रतिभा का परिचय देते हैं। थाईलैंड की स्थापत्य कला से प्रभावित वाट चैया मांगकालाराम मंदिर में भगवान बुद्ध की लेटने की मुद्रा में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी प्रतिमा है।

### एक अनुभव अनोखा सा

मीलों तक फैले रेतीले मैदान व नारियल के पेड़ों की कतारों से सजे पिनांग के समुद्र तट विदेशी पर्यटकों को वर्षो से आकर्षित करते आ रहे हैं। दो दिन की पिनांग यात्रा के दौरान लेना व एडी हमें यहां के लगभग सभी दर्शनीय स्थलों पर ले गए, हमने स्थानीय भोजन का स्वाद लिया और बटरवर्थ तथा पिनांग के द्वीप के बीच चलने वाली फेरी में बैठकर द्वीप के चारों ओर फैले नीले पानी की सैर की। इस फेरी में लगभग 100 से अधिक गाड़ियां लोड की जा सकती हैं और 20-25 मिनट में समुद्र के जरिये अपनी गाड़ी में बैठे-बैठे आप पिनांग द्वीप तक आ-जा सकते हैं। यह मेरे लिए एक अनोखा अनुभव था। चीन, ब्रिटेन, थाईलैंड, बर्मा आदि देशों से प्रभावित पिनांग के इतिहास की जानकारी लेते और यहां के शौकीन व बहुत ही मिलनसार लोगों की यादें दिल में लेकर हम पिनांग ब्रिज से होते हुए क्वालालम्पुर की ओर चल दिए। यह ब्रिज पिनांग द्वीप व मलेशिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाला विश्व का तीसरा सबसे लंबा ब्रिज है। यहां इस ब्रिज से जाते हुए पिनांग द्वीप की आखिरी झलक हमें मिल रही थी।

### ऐतिहासिक इमारतों के शहर में

क्वालालम्पुर जाते हुए हम मलेशिया के एक और राज्य पेराक से गुजरे जिसका मलय भाषा में अर्थ है चांदी। इस राज्य का यह नाम यहां पाई जाने वाली टिन की खानों के कारण पड़ा जिसका पेराक के इतिहास और अर्थव्यवस्था पर काफी गहरा प्रभाव रहा। पेराक की राजधानी ईपोह भी साफ सुथरे पार्क, चैड़ी सड़कों व आकर्षक ऐतिहासिक इमारतों के कारण दर्शनीय है। क्वाला कांगसार पेराक का शाही शहर है और यहां की प्राचीन खूबसूरत इमारतों में उबूदिहाह मसजिद व इस्कंदारियाह महल खास हैं। उबूदियाह मसजिद का निर्माण पेराक के 28वें सुलतान इदरीस मुर्शिदुल अदजाम शाह प्रथम के जमाने में शुरू हुआ पर इसके पूरा होने में काफी अड़चनें आई। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान हाथियों द्वारा यहां के इटैलियन मार्बल के फर्शो को तोड़ दिया गया और इसका उद्घाटन 1917 में हो सका। लगभग 100 वर्ष से भी अधिक पुराना रबर का पेड़ भी क्वाला कांगसार में दर्शनीय है। इसके अलावा पेराक की लाइमस्टोन गुफाएं और उनमें बौद्ध चित्रकला व बुद्ध की विशाल प्रतिमाएं भी देखने लायक हैं। लेटे हुए भगवान बुद्ध की 24 मीटर लंबी प्रतिमा के दर्शन करने हों, जो मलेशिया में सबसे लंबी प्रतिभा है, तो थाई बौद्ध मंदिर मेकप्रसित जाएं। यह ईपोह से तीन किलोमीटर उत्तर की ओर है। परिवार सहित आने वाले पर्यटकों के लिए आधुनिक राइड व झूलों से लैस बुकिट मेराह थीम पार्क भी यहां है, जो 600 हेक्टेयर में फैले लेक टाउन रिसोर्ट का एक हिस्सा है। पेराक टांग, सैम पोह टांग, शाही मसजिद, जैपनीज गार्डन, दारुल रिदजुआन संग्रहालय, ताम्बुन, सुंगकाई हिरण फार्म, क्वाला वोह जंगल पार्क, लता इस्कंदर वाटर फॉल आदि भी परोक के मुख्य दर्शनीय स्थलों में से हैं।

### रोशनी के बाग में

क्वालालम्पुर देखने की उत्सुकता ने हमें चैथे दिन मलेशिया की राजधानी पहुंचा दिया। गार्डन सिटी ऑफ लाइट्स कहे जाने वाले अपने शहर को यहां के लोग प्यार से केएल कहते हैं। 88 मंजिलों वाले विश्व के सबसे ऊंचे फ्री स्टैंडिंग टॉवर्स पेट्रोनाज ट्विन टॉवर्स क्वालालम्पुर में प्रवेश करते ही दिखने लगते हैं। इस्लाम के पांच स्तंभों से प्रेरित यह इमारत मलेशिया की पहचान है। रात को ये टॉवर्स इतने खूबसूरत दिखते हैं कि इनकी ओर से आंखें हटाने की इच्छा नहीं होती। क्वालालम्पुर सिटी सेंटर के बीचोंबीच निर्मित पेट्रोनाज टॉवर्स मलय व आधुनिक आर्किटेक्चर का बेमिसाल नमूना है। इसके भीतर पेट्रोनाज फिलहारमोनिक हॉल है तथा पेट्रोनाज परफॉर्मिंग आट्र्स ग्रुप भी। क्वालालम्पुर में हमने विश्व की चैथी सबसे लंबी (421 मीटर) तथा एशिया की सबसे ऊंची मीनार क्वालालम्पुर भी देखी, जिसके भीतर जाकर ऑब्जर्वेटरी डेक से आप पूरे क्वालालम्पुर तथा क्लैंग वैली का नजारा देख सकते हैं। यहां के रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट में कई तरह के स्वादिष्ट भोजन का मजा लेते हुए आप क्वालालम्पुर की एक-एक इमारत, पार्क, संग्रहालय व घर आदि दूरबीन से देख सकते हैं। क्वालालम्पुर टॉवर दूरसंचार नेटवर्क, रेडियो व टीवी स्टेशन की ट्रांसमिशन टॉवर भी है।